3 **राजधानी** 1857 क्रांति के महानायकों की याद में प्रदर्शनी
6 **अभिमत** पर्यटन की संभावनाएं जम्मू-कश्मीर में
10 **विदेश** 75 वर्ष बाद दोबारा मिले बिछड़े भाई-बहन
12 **स्पोर्ट्स** समीर वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 196
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर सभी अतिक्रमण हटेंगे

राष्ट्रीय-11

# जो भरोसेमंद थे जरूरत में साथ छोड़ गए: मोदी

## कोविड काल का उल्लेख कर प्रधानमंत्री ने चीन पर परोक्ष रूप से साधा निशाना, कहा-भारत प्रशांत द्वीपीय देशों का विश्वसनीय साझेदार

● फिजी में एक सुपर स्पेशलियटी कार्डियोलॉजी अस्पताल, सभी 14 प्रशांत द्वीपीय देशों में डायलिसिस इकाइयों की स्थापना के साथ जन औषधि केंद्र खोलने की घोषणा के अलावा अन्य कई सहयोगों का ऐलान किया

**एजेंसी।** पोर्ट मोरेस्बी

**हिंद-प्रशांत** क्षेत्र में भारत की मौजूदगी को और प्रभावी बनाने के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली को प्रशांत द्वीपीय राष्ट्रों के विश्वसनीय साझेदार के तौर पर पेश किया। परोक्ष रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि जिन्हें विश्वासपात्र माना जाता था वो जरूरत के समय इस क्षेत्र के साथ नहीं खड़े थे। मोदी ने एक शिखर सम्मेलन में 14 प्रशांत द्वीपीय देशों के शीर्ष नेताओं को बताया कि मुश्किल वक्त में दोस्त ही दोस्त के काम आता है। आश्वस्त किया कि भारत बिना किसी हिचकिचाहट क्षेत्र के साथ अपनी क्षमताएं साझा करने के लिए तैयार है और हम हर प्रकार से आपके साथ हैं। कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक विकास के प्रतिकूल प्रभाव का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत चुनौतीपूर्ण समय में प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ खड़ा रहा और उन्हें बताया कि वे नई दिल्ली पर भरोसा कर सकते हैं। ( शेष पेज 9 )

## पापुआ न्यू गिनी, फिजी ने प्रधानमंत्री को दिया सर्वोच्च सम्मान

**एजेंसी।** पोर्ट मोरेस्बी



पोर्ट मोरेस्बी में पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु प्रदान किया

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने सोमवार को अपने-अपने देशों के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। इन दोनों प्रशांत द्वीपीय देशों के सर्वोच्च सम्मान से किसी अन्य देश के व्यक्ति को सम्मानित किया जाना दुर्लभ बात है। मोदी द्विपक्षीय संबंधों में सुधार करने के मकसद से भारत एवं 14 प्रशांत द्वीप देशों के अहम शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए रविवार को पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गवर्नमेंट हाउस में एक विशेष समारोह में पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर-जनरल सर बॉब डाडे ने प्रधानमंत्री मोदी को ग्रैंड कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु (जीसीएल) से सम्मानित किया। इसने कहा कि यह देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है और पुरस्कार प्राप्त करने वालों को 'चीफ' का खिताब दिया जाता है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, पापुआ न्यू गिनी ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है, जो भारत के लिए अभूतपूर्व सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, 'पापुआ न्यू गिनी द्वारा मुझे कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु प्रदान किए जाने से मैं अभिभूत हूं। पुरस्कार प्रदान करने के लिए गवर्नर जनरल सर बॉब डाडे का आभार। यह भारत और हमारे लोगों की उपलब्धियों को एक बड़ी मान्यता है।' इससे कुछ ही देर पहले फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को उनके वैश्विक नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मुझे कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किए जाने पर मैं फिजी के लोगों और सरकार का आभारी हूं। मैं यह पुरस्कार प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री राबुका को धन्यवाद देता हूं। यह भारत के लोगों का सम्मान करना और भारत एवं फिजी के मजबूत संबंधों को मान्यता देना है। ( शेष पेज 9 )

## ऑस्ट्रेलिया पहुंचे नरेंद्र मोदी अल्बनीज से करेंगे बातचीत

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण के तहत सोमवार को यहां पहुंचे। मोदी ऑस्ट्रेलियाई सरकार के मेहमान के तौर पर 22 से 24 मई तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। मोदी यहां ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ बातचीत करेंगे और सिडनी में भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। मोदी ने ट्वीट किया, सिडनी पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अगले दो दिनों के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रेलिया की अपनी दूसरी यात्रा पर जीवंत शहर सिडनी पहुंचे। ऑस्ट्रेलियाई नेतृत्व, उद्योग समुदाय और प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ दो दिनों की रचनात्मक बातचीत का इंतजार है।

# विपक्षी एकजुटता के प्रयास तेज



नई दिल्ली में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से गुफ्तगू करते हुए।

● जल्द होगी विभिन्न दलों की बैठक, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल से की मुलाकात

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से सोमवार को हुई मुलाकात के बाद विपक्षी एकजुटता के प्रयासों को उस वक्त बल मिला जब यह निर्णय लिया गया कि विपक्ष के विभिन्न दलों की जल्द बैठक बुलाई जाएगी। बैठक की तिथि और स्थान के बारे में अगले एक-दो दिन में फैसला कर होगा। कांग्रेस ने कहा कि प्रस्तावित बैठक में विपक्ष के ज्यादातर दल शामिल होंगे। नीतीश कुमार के साथ बैठक के बाद खरगे ने कहा कि आज की बैठक में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई और देश को नई दिशा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने ट्वीट किया, अब एकजुट होगा देश, लोकतंत्र की मज़बूती ही हमारा संदेश, राहुल गांधी जी और मैंने आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा कर, देश को एक नई दिशा देने की प्रकिया को आगे बढ़ाया।

खरगे के आवास 10 राजाजी मार्ग पर एक घंटे से अधिक समय तक चली मंत्रणा के दौरान, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह तथा बिहार सरकार के मंत्री संजय झा भी मौजूद थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी बैठक में शामिल होना था। सूत्रों के अनुसार अस्वस्थ होने के चलते वह बैठक में शामिल नहीं हो सके। बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, विपक्षी दलों की बैठक की तिथि और स्थान के बारे में अगले एक-दो दिन में निर्णय हो जाएगा। आज की बैठक में यह फैसला किया गया। यह पूछे जाने पर कि कितने दल इस प्रस्तावित बैठक में शामिल होंगे, वेणुगोपाल ने कहा, ज्यादातर राजनीतिक दल इसमें शामिल होंगे। पहले यह खबर आई थी कि विपक्षी दलों की बैठक बिहार की राजधानी पटना में हो सकती है।

# मणिपुर में ताजा हिंसा, दो घरों में आग लगाई गई

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** के पूर्वी इंफाल जिले में एक पूर्व विधायक समेत हथियारबंद चार लोगों ने सोमवार को लोगों को अपनी दुकानें बंद करने के लिए बाध्य किया, जिसके बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी और भीड़ ने दो घरों में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, आगजनी की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खाली पड़े मकानों का उपयोग लोगों को किराए का आवास उपलब्ध कराने के लिए किया जाता था। भीड़ ने एक बदमाश की पिटाई भी की, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। तीन लोगों को बाद में हिरासत में ले लिया गया।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में से एक पूर्वोत्तर राज्य का पूर्व विधायक है। राज्य में मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच तीन मई से हिंसा की खबरें आ रही हैं। हालांकि, उन्होंने पूर्व विधायक की पहचान नहीं बताई। क्षेत्र में तैनात सेना के जवान घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग किया और आंसूगैस के गोले दागे जिससे कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर इस घटना का विरोध किया। पूर्वी इंफाल जिले में पहले कर्फ्यू में ढील दी गई थी लेकिन इस घटना के बाद उसे कड़ा कर दिया गया। सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा, चार हथियारबंद लोगों ने न्यू चेकोन इलाके में दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करने की धमकी दी और बाद में इंफाल पूर्वी जिले के न्यू लैंबुलाने इलाके में चले गए। उनमें से तीन के पास से बंदूकें बरामद हुई हैं। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। देर शाम आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने लोगों से निर्दोषों के घरों में आग नहीं लगाने की अपील की। उन्होंने कहा, हम अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेंगे... हमने केंद्रीय बलों से सुरक्षाकर्मियों की 20 और कंपनियां मंगाने का भी फैसला किया है।

# पेट्रोल पंपों पर सिर्फ 2000 का नोट, 100-500 के पड़े लाले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सरकार की घोषणा के बाद से 90% तक बढ़ा बड़े नोट का चलन, पेट्रोल पंपकर्मी पसोपेश में

**सरकार** की 2000 का नोट वापस लेने की घोषणा के बाद देशभर में पेट्रोल पंपों पर लोग केवल यही नोट लेकर पहुंच रहे हैं। सौ या दो सौ के पेट्रोल के लिए भी 2000 का नोट दिखाने वालों से पेट्रोप पंप कर्मियों की बहस भी हो रही है। पेट्रोल पंप मालिकों का कहना है कि अब 100 और 500 के नोटों की उनके पास किल्लत हो गई है, ऐसे में हर किसी के बड़े नोट को कैसे स्वीकार करें। पेट्रोल पंप डीलरों के अनुसार पेट्रोल पंपों पर नकद देकर ईंधन खरीदने में 2,000 रुपए के नोटों का इस्तेमाल 90 प्रतिशत तक बढ़ गया है। बड़ी संख्या में ग्राहक यही नोट चलाने के लिए उनके यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2,000 रुपए के नोट को वापस लेने की शुक्रवार को अचानक हुई घोषणा से पहले नकद बिक्री केवल 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब ग्राहक 100-200 रुपए की छोटी खरीदारी करने के लिए भी 2,000 रुपए के नोट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वजह से पेट्रोल पंपों पर 100 रुपए और 500 रुपए के नोटों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी खबरें दिल्ली से लेकर इंदौर, मुम्बई, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई ही नहीं, छोटे शहरों और कस्बों से भी आ रही हैं।

पेट्रोल पंप कर्मियों की ग्राहकों से बहस की स्थिति या अन्य अव्यवस्थाओं से बचने के लिए पेट्रोल पंप डीलरों ने रिजर्व बैंक से अनुरोध किया है कि वह छोटे मूल्य वर्ग के पर्याप्त नोट उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को निर्देश दे। ग्राहकों को सुचारू रूप से सेवाएं देने के लिए ऐसा करना जरूरी है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय बंसल ने एक बयान में कहा कि ज्यादातर ग्राहक 100-200 रुपए की छोटी खरीदारी के लिए भी 2,000 रुपए के नोटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे इसी उम्मीद में आ रहे हैं कि पेट्रोल पंपों पर ये नोट चल जाएंगे। बयान के मुताबिक पेट्रोल पंप डीलर ग्राहकों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे ईंधन की खरीद के लिए कार्ड या डिजिटल भुगतान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि पहले कुल नकद बिक्री में 2,000 रुपए के नोटों की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब यह आंकड़ा बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया है। हम चाहते हैं कि बैंक दैनिक आधार पर इन नोटों को जमा करें।

इस बीच, पश्चिम बंगाल पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रसेनजीत सेन ने कहा कि पहले एक पंप पर एक दिन में 10-15 नोट मिलते थे, लेकिन अब इनकी संख्या बढ़कर 130-140 हो गई है। कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने कहा कि सामान्य व्यापार में 2,000 रुपए के नोटों का चलन जरूर बढ़ा है, लेकिन यह बढ़ोतरी असाधारण नहीं है और कोई घबराहट वाली बात नहीं है। इस बीच, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को सलाह दी है कि वे 2,000 रुपए का नोट बदलने या जमा करने आए लोगों को धूप के बचाने के लिए शेड का इंतजाम करें। साथ ही कतार में लगे लोगों के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था की जाए। रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा कि बैंकों को अपनी शाखाओं में इंतजार करने वाले ग्राहकों के लिए शेड और पानी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

## 'बिना पहचान के जमा न हों 2,000 के नोट'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय में हाल में चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए के नोटों को बिना जरूरी फॉर्म या पहचान पत्र के बदले जाने के विरोध में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई है। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपनी याचिका में दलील दी कि इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अधिसूचनाएं मनमानी, अतार्किक हैं और ये भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती हैं। याचिका में कहा गया है कि बड़ी संख्या में नोट या तो लोगों के लॉकर में पहुंच गए हैं या अलगाववादियों, आतंकवादियों, माओवादियों, मादक पदार्थ के तस्करों, खनन माफियाओं तथा भ्रष्ट लोगों ने जमा कर रखे हैं। इसमें कहा गया है कि अधिक मूल्य के नोट में नकद लेनदेन भ्रष्टाचार का मुख्य स्रोत है तथा इन नोटों का आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, कट्टरपंथ, जुआ, तस्करी, धन शोधन, अपहरण, वसूली, रिश्वतखोरी और दहेज आदि जैसे गैरकानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। ( शेष पेज 9 )

# दलितों को साध राजस्थान जीतने की जुगत में भाजपा

● शीर्ष नेतृत्व ने मेघवाल को केंद्र में तरक्की देक राज्य में गुटों में बंटे पार्टी नेताओं को दे दिया सीधा संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक चुनाव** में करारी हार के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं ने राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति की समीक्षा शुरू कर दी है। दलित चेहरे अर्जुन मेघवाल को केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी देकर केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में गुटों में बंटे नेताओं को कड़ा संदेश दे दिया है। राज्य में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से पांच-छह महीने पहले अर्जुन मेघवाल को कानून मंत्री बनाने का राज्य में 34 अनुसूचित जाति और 25 अनुसूचित जनजाति सीटों के मतदाताओं को सीधा संदेश है। यदि पार्टी राज्य में वसुंधरा राजे बनाम विरोधी खेमों को साधकर नेतृत्व के मुद्दे को सुलझा ले तो राजस्थान में उसे निर्णायक लाभ हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री 70 वर्षीय राजे स्वयं मुख्यमंत्री पद की दावेदारी ठोंक रही हैं, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व में इस पर अभी कोई सहमति नहीं है। बीते मार्च में भाजपा ने राजे विरोधी खेमे से ताल्लुक रखने वाले सतीश पूनिया को हटाकर चित्तौड़गढ़ के सांसद और ब्राह्मण चेहरे सीपी जोशी को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राजस्थान विस में विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाकर भेजा और उनकी जगह राजपूत समुदाय से आने वाले चूरू के विधायक राजेंद्र सिंह राठौड़ को राजस्थान विधानसभा में नया एलओपी नियुक्त किया था। राठौर को पहले राजस्थान में राजे खेमे का माना जाता था, लेकिन हाल ही में ऐसा लगता है कि वह खेमेबाजी से बचकर सभी के साथ संतुलन बनाकर चल रहे हैं। मेघवाल को कानून मंत्रालय का प्रभार सौंपकर शीर्ष नेतृत्व एक दलित चेहरे को बढ़ावा देने और पिछड़े मतदाताओं को लुभाने के साथ-साथ विभिन्न खेमों को भी संदेश देना चाहता है। ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### अभिनेता आदित्य सिंह राजपूत अपने घर में मृत पाए गए

**मुंबई।** अभिनेता, मॉडल एवं कास्टिंग निर्देशक आदित्य सिंह राजपूत यहां अंधेरी में स्थित अपने अपार्टमेंट के बाथरूम में सोमवार को मृत मिले। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 33 वर्षीय राजपूत की पिछले कुछ दिनों से कथित रूप से तबीयत ठीक नहीं थी और वह आज दोपहर ओशिवारा इलाके में स्थित अपने अपार्टमेंट के बाथरूम में गिर पड़े। उन्होंने बताया कि अभिनेता की घरेलू सहायिका ने उन्हें ज़मीन पर पड़े देखा और इमारत के सुरक्षा गार्ड को सूचित किया जिसके बाद उन्हें नज़दीक के अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया, हमें राजपूत की मौत को लेकर अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। राजपूत ने रियलिटी शो स्प्लिट्सविला में हिस्सा लिया था और मैंने गांधी को नहीं मारा जैसी फिल्मों में काम किया था।



दिल्ली वालों को सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी झुलसाती लू का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। राजधानी की एक सड़क पर गर्मी से बेचैन बच्चों को किसी तरह संभालती महिलाएं। (विस्तृत समाचार पेज 3) फोटो रंजन डिमरी

# अनूठा अनुभव है कश्मीर, सिर्फ घूमने-फिरने की जगह नहीं

● प्रतिनिधियों की राय, श्रीनगर में शुरू हुई तीन दिवसीय जी20 बैठक, सख्त सुरक्षा इंतजामों के बीच मेहमानों का शानदार स्वागत, चीन को छोड़ सभी देश ले रहे भाग

**पीएनएस/एजेंसी।** श्रीनगर



श्रीनगर में सोमवार को एसकेआईसीसी में तीसरी जी-20 पर्यटन कार्यसमूह की बैठक के दौरान अभिनेता राम चरण के साथ थिरकते भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जेबोक।

**कश्मीर** की वादियों में आयोजित जी20 कार्यकारी समूह की पर्यटन पर तीसरी बैठक मेंचीन को छोड़कर सभी जी20 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सख्त सुरक्षा इंतजामों के बीच जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्म राजधानी में मेहमानों का शानदार तरीके से स्वागत हुआ। प्रतिनिधियों का श्रीनगर हवाई अड्डे पर भारतीय परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया और स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से मेहमानों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय आयोजन की शुरुआत 'आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए फिल्म पर्यटन' से हुई।

भारत के जी20 के शेरपा अमिताभ कांत ने संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा ' चीन छोड़कर सभी जी 20 देशों ने भाग लिया। इस बैठक की शानदार प्रतिक्रिया मिली है। चीन को छोड़कर हमारे सभी 61 प्रतिनिधि यहां मौजूद हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए कश्मीर बेहतरीन जगह है। उन्होंने कश्मीर में फिल्माई गई कश्मीर की कली, जब जब फूल खिले, और बॉबी फिल्म का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी अपनी अनूठी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करती रही है क्योंकि यहां सभी के लिए कुछ न कुछ है। कांत ने कहा, 'कश्मीर सिर्फ एक घूमने-फिरने की जगह नहीं है बल्कि एक अनूठा अनुभव है। अल्पाइन के जंगलों, नदियों और झरनों आदि के कारण यह एक अद्भुत पर्यटन स्थल है। कश्मीर से बेहतर कोई जगह नहीं है क्योंकि यहां सभी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें सब कुछ है।' उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए कश्मीर बेहतरीन जगह है, खासकर रोमांटिक शैली की फिल्मों के लिए। 1973 में आई ऋषि कपूर और डिंपल कपाडिया की फिल्म बॉबी का उल्लेख किया जिसकी शूटिंग कश्मीर के गुलमर्ग में एक कॉटेज में हुई थी। ( शेष पेज 9 )

# नोएडा के बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

## महिला समेत पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में बंद घरों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते पुलिस अधिकारी। इस मामले में एक महिला समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

नोएडा में बंद पड़े मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक पूरे गैंग को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गैंग में एक महिला समेत पांच लोग शामिल है। जिनके निशाने पर पॉश सोसायटी और सेक्टर के मकान थे। ये लोग ऑटो से रेकी करते थे। जिसके बाद घटना को अंजाम देते थे। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया क इनकी गिरफ्तारी छोटा डी पार्क सेक्टर-62 से हुई है।

डीसीपी ने बताया कि इनके कब्जे से नकद 3 लाख 46 हजार रुपए नई करेंसी और करीब 74 हजार 500 रुपए पुरानी करेंसी, सोने/चांदी की ज्वेलरी, सिक्के, मोबाइल फोन, घरेलू बर्तन, कपड़े, देवी देवता की अष्टधातु की मूर्तियां व अलग-अलग देशों के सिक्के व विदेशी घड़ियां, अलग-अलग मुकदमों से संबंधित और घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुए है।

डीसीपी ने बताया कि 2022 से ये गैंग एक्टिव था। नोएडा के अलावा गाजियाबाद व अन्य शहरों में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए डाटा एकत्र किया गया, पुलिस टीम के द्वारा लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई। बीट पुलिसिंग व लोकल इंटेलिजेंस के माध्यम से जानकारी एकत्र की गयी। जिसके बाद इनको गिरफ्तार किया गया।

इनकी पहचान जुबैर, मशील, मौहम्मद मिन्हाज आलम, मुरसलीम उर्फमुरु और गुलफसा हुई है। ये सभी काफी शातिर है। डीसीपी ने बताया कि ये लोग पहले सुनसान जगहों पर बन्द पड़े मकानों की दिन में रेकी कर लेते थे। उसके बाद रात को उसी घर का ताला तोड़कर कीमती सामान व सोने, चांदी के जेवर चुरा लेते थे।

चोरी किया गया सामान ये लोग सेक्टर.31 नोएडा में अपने साथी मुरसलीम उर्फ मुरु कबाड़ का काम करने वाला को बेच देते थे। सोना चांदी का सामान अपने पास भी रख लेते है। इनसे बरामद सामान के बारे में पूछताछ पर जानकारी हुई कि जो चांदी, सोने, कपडे, घडियां, मोबाइल आदि सामान मिला है वो इन चारों ने मिलकर नोएडा के अलग.अलग जगहों से बन्द फ्लैट से चोरी किये है।

### जेल से बाहर आते ही फिर बना लुटेरा

**नोएडा।** नोएडा दिल्ली के इंडस्ट्रियल एरिया में लूटपाट करने वाले गैंग के लीडर को नोएडा पुलिस ने सेक्टर-11 से गिरफ्तार किया है। बदमाश पहले जेल से जमानत पर बाहर आकर फिर लूटपाट करने लगा था।

थाना सेक्टर.24 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी रिषभ दयाल उर्फ राहुल को विडियोकॉन चौराहा सेक्टर 11 से गिरफ्तार किया। ये लूटपाट करने वाले गैंग का लीडर था। इसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, 10 मोबाइल व एक कार बरामद की है।

## चोरों ने भाजपा नेता और बहन को बेहोश कर घर खंगाला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में चोरों ने रविवार रात भाजपा नेता का घर खंगाल डाला। चोरों ने घर पर मौजूद भाजपा नेता हरिओम कसाना और उनकी बहन शशि को बेहोश करके नगदी.जेवरात चुरा ले गए। सुबह मेड के पहुंचने पर चोरी का पता चला।

साहिबाबाद थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर सेक्टर-3 में भाजपा नेता हरिओम कसाना रहते हैं। उनका बेटा ललित और पुत्रवधु श्वेता अंडमान निकोबार घूमने गए हैं। सोमवार सुबह नौकरानी के आने पर घर का दरवाजा खुला था। नौकरानी घर के अंदर गई तो सारी अलमारियां खुली थीं और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उसने हरिओम कसाना को उठाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं उठे। मेड ने हरिओम के ड्राइवर को फोन करके सूचित किया। इसके बाद रिश्तेदार आए और फिर पुलिस भी पहुंच गई। इधर, नजदीकी डॉक्टर को बुलाया गया। डॉक्टर पहुंचे और फिर दोनों को होश में लाया गया।

## मांग पर वाहन चुराने वाला गिरोह चढ़ा हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ट्रोनिका सिटी थाने के एसएचओ प्रदीप त्रिपाठी की टीम ने दिल्ली.एनसीआर सहित कई राज्यों में ऑन डिमांड वाहन चुराने वाले कुख्यात मुकीम गैंग के पांच शातिर वाहन चोरों को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना के बाद पकड़े गये वाहन चोरों के पास से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराये गये एक दर्जन से अधिक वाहन बरामद हुए। साथ ही बदमाशों से की गई पूछताछ में उन्होंने दिल्ली.एनसीआर में हुई वाहन चोरी की अनेक वारदातों को अंजाम देना भी स्वीकार किया।

पुलिस के मुताबिक इस गैंग का सरगना मुकीम है। यह गैंग दिल्ली और एनसीआर में वाहन चुराने से पहले रेकी करता है। पुलिस के अनुसार मुकीम गैंग अब तक सैंकड़ों वाहनों को चुराकर कई राज्यों की पुलिस के लिये नासूर बन चुका था। इस गैंग के हर अपराधी को अलग-अलग जिम्मेदारी मिली हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराणा प्रताप के जीवन से सीख लें युवा : नीरज

**गाजियाबाद।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर नंदग्राम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज सिंह ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उसके उपरांत एक शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके जीवन भर के संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सरदार सिंह भाटी, सिंगर जीत राजपूत, शेरसिंह राणा, पार्षद रवि भाटी, सत्यपाल राघव, अनिल सिंह खेडा, भानू शिशौदिया, पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद अनिल तोमर, दीपक ठाकुर, मुन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

### मेयर-पार्षद शपथ समारोह इस माह के अंत तक

**गाजियाबाद।** नव निर्वाचित मेयर और 100 नए पार्षद शपथ का इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह इस माह के अंत तक संभव है।सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव परिणाम की रिपोर्ट निकाय निदेशालय यानि सरकार के पास भेजनी होती है। अभी तक चुनाव परिणाम की कई जगह की रिपोर्ट आयोग की ओर से निकाय निदेशालय के पास नहीं पहुंच पाई है। एक जगह उप चुनाव होने के कारण डेटा भी यूपी सरकार के पास नहीं पहुंच सका है। यही कारण माना जा रहा है कि मेयर-पार्षदों के शपथ समारोह के आयोजन में देरी हो रही है। यूपी सरकार प्रदेश के सभी मेयर और पार्षद का शपथ समारोह एक ही दिन में कराएगी जिससे सभी नगर निगम के कार्यकाल में एकरूपता रहे। निगम सूत्रों का कहना है कि संभावना है कि इसी सप्ताह शपथ समारोह कराने की तारीख यूपी सरकार से आ सकती है। उम्मीद है कि 30 मई से पहले शपथ समारोह हो सकता है।

### राहुल मर्डर केस में एक और हत्यारोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गत सप्ताह भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव फजलगढ़ निवासी राहुल नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और हत्या आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक राहुल मर्डर केस में अब जिस अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है उसका नाम दिनेश उर्फ विनेश निवासी फजलगढ़ है। इस मामले में पुलिस पहले भी तीन हत्यारोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। बता दें कि कमिश्नरेट पुलिस ने राहुल की हत्या का मुख्य कारण शराब पीते समय हुआ विवाद बताया था।

### मोदीनगर में किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किसान का शव आंगन में लगे नीम के पेड़ पर लटका हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्यता मामला आत्महत्या का लग रहा है। गांव चुड़ियाला निवासी लोकेश कुमार 42 वर्ष अपनी पत्नी रीता व दो बच्चों के साथ रहते थे। वह खेती करके परिवार का लालन पालन करते थे। सुबह परिवार के सभी लोग खेत पर काम करने के लिए चले गए। घर पर अकेला लोकेश ही रहे गए। जब परिवार के लोग खेत से वापस आए तो यह देखकर हक्के बक्के रह गए कि लोकेश का शव आंगन में खड़े नीम के पेड़ से लटका हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**SRF LIMITED**

**Regd. Office:** The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
**Corporate Office:** Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | K 0006184 | DEEPAK CHOPRA (Claimant) KANTA CHOPRA (Deceased Shareholder) | 1553 | 1167671 | 1167690 | 20 |
| | | | 90025192 | 6801894 | 6801905 | 12 |
| | | | 90162183 | 12211015 | 12211064 | 50 |
| | | | 90162184 | 12211065 | 12211114 | 50 |
| | | | 90162185 | 12211115 | 12211164 | 50 |
| | | | 90162186 | 12211165 | 12211214 | 50 |
| | | | 90162187 | 12211215 | 12211264 | 50 |
| | | | 90162188 | 12211265 | 12211314 | 50 |
| | | | 90162189 | 12211315 | 12211364 | 50 |
| | | | 90162190 | 12211365 | 12211414 | 50 |
| | | | 90162191 | 12211415 | 12211439 | 25 |
| 2 | P 0000087 | VIPIN RAJORIA (Claimant) | 2418 | 1195146 | 1195195 | 50 |
| | | PARMANAND RAJORIA (Decearsed Shareholder) | 2419 | 1195196 | 1195205 | 10 |
| 3 | SRF0109755 | SANTOSH KUMAR GUPTA (Holder) | 404768 | 17749752 | 17749761 | 10 |
| | | PRITI GUPTA(JT1) | 404769 | 17749762 | 17749766 | 5 |
| | | | 404770 | 17749767 | 17749768 | 2 |
| | | | 404771 | 17749769 | 17749770 | 2 |
| | | | 553768 | 25769544 | 25769553 | 10 |
| | | | 553769 | 25769554 | 25769558 | 5 |
| | | | 553770 | 25769559 | 25769560 | 2 |
| | | | 553771 | 25769561 | 25769562 | 2 |
| | | | 90115901 | 3534259 | 3534263 | 5 |
| | | | 90115901 | 5692916 | 5692941 | 26 |
| | | | 1136154 | 296078710 | 296078985 | 276 |
| 4 | SRF0120695 | SUMANT BHARAT RAM (Holder) | 152074 | 6023033 | 6023082 | 50 |
| | | | 530995 | 25272169 | 25272218 | 50 |
| | | | 90161250 | 12170725 | 12170774 | 50 |
| | | | 90169378 | 12889145 | 12889194 | 50 |
| | | | 90185522 | 14557800 | 14557849 | 50 |
| | | | 90196857 | 15190055 | 15190104 | 50 |
| | | | 90196862 | 15190305 | 15190354 | 50 |
| | | | 90206212 | 15561120 | 15561169 | 50 |
| | | | 90206215 | 15561240 | 15561289 | 50 |
| | | | 90209418 | 15674570 | 15674619 | 50 |
| | | | 1136103 | 296067170 | 296069169 | 2000 |
| 5 | R 0004604 | KRISHNA KUMAR MAHESHWARI (Claimant) | 976715 | 18594008 | 18594057 | 50 |
| | | RAM KRISHNA MAHESHWARI (Deceased shareholder) | 1134432 | 295720358 | 295720557 | 200 |
| 6 | S 0011280 | MR KRISHNAMURTY ANANTHARAMAN (Claimant) | 87870 | 3366034 | 3366043 | 10 |
| | | MR SHANKAR ANANTHARAMAN (JT1) | 149096 | 5919791 | 5919795 | 5 |
| | | SHARADA ANANTHARAMAN (Decesaed) | 90042134 | 7667138 | 7667177 | 40 |
| | | | 90042135 | 7667178 | 7667217 | 40 |
| | | | 90042136 | 7667218 | 7667237 | 20 |
| | | | 1138492 | 296549870 | 296550329 | 460 |
| 7 | SRF0035120 | KSHAMA SHARMA (Holder) | 372113 | 17079978 | 17079987 | 10 |
| | | | 521113 | 25099770 | 25099779 | 10 |
| | | | 90074180 | 9179570 | 9179589 | 20 |
| | | | 90192746 | 15035385 | 15035394 | 10 |
| | | | 1139014 | 296652118 | 296652317 | 200 |
| 8 | SRF0104065 | MASTER DHRUV LUTHRA MINOR (claimant) | 130409 | 5442131 | 5442180 | 50 |
| | | MISS DIVYA LUTHRA MINOR (JT1) | 130410 | 5442181 | 5442230 | 50 |
| | | U/G/O HAMANT LUTHRA (JT2) | 130411 | 5442231 | 5442255 | 25 |
| | | | 395168-75 | 17515489 | 17515676 | 188 |
| | | | 544168-75 | 25535281 | 25535468 | 188 |
| | | | 90145580 | 2347676 | 2347700 | 25 |
| | | | 90145581 | 2515826 | 2515850 | 25 |
| | | | 90145580 | 2515826 | 2515850 | 25 |
| | | | 90145581-82 | 2605626 | 2605700 | 75 |
| | | | 90145583 | 2605726 | 2605750 | 25 |
| | | | 90145583 | 2608501 | 2608525 | 25 |
| | | | 90145584 | 3467758 | 3467774 | 17 |
| | | | 90145584 | 3493707 | 3493728 | 22 |
| | | | 90145584 | 3555154 | 3555164 | 11 |
| | | | 1138453 | 296540822 | 296543825 | 3004 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests.

Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance)
& Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 22-05-2023

## सौंदर्यीकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं : रितु माहेश्वरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने जी.20 को लेकर विद्युत यांत्रिकी विभाग के साथ बैठक की। बैठक में डीजीएम व संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने तिरंगा लाइट पोल, एलईडी लाइट, फाउंटेन, पोल्स पर पेंटिंग, फसाड लाइट, पेड़ों पर लाइटिंग, गोबो प्रोजेक्शन आदि की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि डीएनडी लूप पर तिरंगा लाइट लगाकर उसका सौंदर्यीकरण किया जाए। सेक्टर-62 नोएडा एंट्री पाइंट का सौंदर्यीकरण पूरा किया जाए। इसके अलावा डीएलएफ से जीआईपी मॉल के सौंदर्यीकरण, सेक्टर.14ए से सेक्टर.18 के बीच लगाए जाने वाले पोल डिजाइन बदलकर उनका प्रेजेंटेशन करे। स्तूप फाउंटेन का काम जल्द पूरा किया जाए। कालिंदी कुंज एंट्री पाइंट का सौंदर्यीकरण किया जाए।

वहीं एक्सप्रेस वे पर लोकेशन पर लाइट डिजाइन के सैंपल साइट पर लगाकर एक सप्ताह में प्रेजेंटेशन दिया जाए व सभी अंडर पास और लूप का निरीक्षण कर लाइट को ठीक कराने को कहा। यूपीपीसीएल से समन्वय स्थापित करते हुए सभी मार्गों पर स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने के निर्देश दिए।

## गर्मी से एसी के आउट डोर में लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

एनसीआर में गर्मी का पारा चढ़ते ही आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। नया मामला नोएडा के 137 सेक्टर में बनी एक सोसायटी के फ्लैट के एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

आग लगने की वजह से घर की बॉलकनी में रखा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने फ्लैट के लोगों को सकुशल बाहर निकाला और सोसाइटी के अंदर लगे फायर इंस्ट्रूमेंट से आग को बुझाया गया। जब तक मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।

### करंट से कटिंग मास्टर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित एक एक्सपोर्ट कंपनी में कार्यरत कटिंग मास्टर की करंट लगने से मौत हो गई। कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से यह हादसा हुआ।

मूल रूप से महोबा निवासी अरविंद पुत्र रामचरण सेक्टर.68 स्थित एक एक्सपोर्ट कंपनी में कटिंग मास्टर के रूप में कार्यरत था। रविवार की सुबह वह छत पर नहाने के लिए गया था। इस दौरान उसने पास मे चल रहे कूलर पर रखी साबुन को जैसे ही उठाया तो वह करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गया।

## पार्किंग विवाद में अधिकारी व परिजनों की पिटाई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**सूचना मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी के साथ मार्केट में बदसलूकी**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में तैनात डिप्टी सेक्रेटरी धनंजय कुमार व उनके परिवार से गाजियाबाद में मारपीट हुई है। मार्केट में दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट में डिप्टी सेक्रेटरी की पत्नी और बेटी को चोटें आई हैं।

पूरे मामले में दुकानदार व उसके परिवार के खिलाफ थाना शालीमार गार्डन में शिकायत दी गई है। वहीं दुकानदार ने भी डिप्टी सेक्रेटरी व उनके परिवार पर दुकान में घुसकर तोड़फोड़ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

साहिबाबाद क्षेत्र में वृंदावन गार्डन है। यहां शिल्पा अपार्टमेंट में धनंजय कुमार परिवार सहित रहते हैं। धनंजय सूचना प्रसारण मंत्रालय में उपसचिव हैं। धनंजय कुमार की पत्नी मंजू कुमारी ने बताया, रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे हम सभी शालीमार गार्डन मार्केट में आए थे। करुणा जनरल स्टोर के पास कार खड़ी कर दी। जब कुछ देर बाद कार पर वापस आए तो वहां खड़े दुकान मालिक ने गाली.गलौज शुरू कर दी। इस दौरान दुकान मालिक की पत्नी और दो बेटे भी वहां पर आ गए। मंजू कुमारी का कहना है कि सभी ने हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी।

## बच्चे के गले में अटकी टॉफी मासूम ने तड़पकर तोड़ा दम

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक बच्चे के दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। बच्चे के गले में टॉफी अटक गई और इससे उसकी जान चली गई। परिजनों ने बच्चे के शव को दफना दिया। यह मामला रविवार का है।

कस्बे के मोहल्ला शांतिनगर निवासी शाहरुख का बेटा दानियाल 4 रविवार की दोपहर बाद दादा इकबाल से पैसे लेकर पड़ोस में ही एक दुकान से टॉफी लाया था।

बताया जा रहा है कि वह कुछ देर बाद ही टॉफी खाने लगाए इसी दौरान टॉफी उसके गले में फंस गई, जिससे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। बच्चे को छटपटाते देख स्वजन उसे निजी चिकित्सालय बुलंदशहर ले गए। जांच के दौरान चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। दानियाल अपने पिता का इकलौता पुत्र था। बच्चे की मौत से स्वजनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

## 1 घंटे में 6,170 किक मारने वाले नमन का नाम लिम्का बुक में दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड ने साल 2023 में इस उपलब्धि को स्थान देते हुए भेजा पदक और प्रशस्ति पत्र**

गाजियाबाद के ताइक्कांडो खिलाड़ी नमन भारद्वाज ने एक घंटे के अंदर सबसे ज्यादा फुल कॉन्टेक्ट किक लगाकर इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। नमन भारद्वाज ने एक घंटे के अंदर 6170 फुल कॉन्टेक्ट किक मारे हैं। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड ने साल-2023 की किताब में इस रिकॉर्ड को जगह देते हुए नमन को मेडल और प्रशस्ति पत्र भेजा है।

21 वर्षीय नमन भारद्वाज गाजियाबाद में वसुंधरा सेक्टर-6 स्थित श्रीकृष्णा अपार्टमेंट के रहने वाले हैं। नमन के पिता मोहनलाल शर्मा एम्स दिल्ली में टेक्निकल ऑफिसर हैं और मां रेखा शर्मा गृहणी हैं।

नमन ने हाल ही में गाजियाबाद के संतोष मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई पूरी की है। बकौल नमन, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में अभी तक एक घंटे में 4500 किक मारने का रिकॉर्ड था। उन्होंने इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक घंटे में 6170 किक मारी हैं।

अपनी इस सफलता के पीछे नमन मुख्य किरदार अपने गुरु प्रेम सिंह बिष्ट और प्रेम सिंह नेगी को मानते हैं। नमन कहते हैं, इन्हीं दोनों ने मुझे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए तैयार किया था।

इस रिकॉर्ड को बनाने में मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मेरे घर के पास एक 650 वर्गमीटर का पार्क है। मैं हर रोज इसके 20 चक्कर लगाता था। इसके बाद शाम को ताइक्कांडो एकेडमी में प्रेक्टिस करता था।

नमन ने बताया, पहले हम लोग ताइक्कांडो में फाइट की प्रैक्टिस करने के बाद अलग से किक मारने की तैयारी करते थे। हमारे गुरुजी कहते थे कि शुरू में जब आपके अंदर जान रहती है तो कोई भी किकिंग कर सकता है, लेकिन असली मजा तो तब है जब एनर्जी खत्म होने के बाद किकिंग की जाए। वे कहते थे कि ऐसे में ही शरीर की क्षमता का पता चलता है कि आप कितनी किक मार सकते है। नमन कहते हैं कि यह तो बस शुरुआत है।

**जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम-II, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 सीआईएनः एल24302डीएल1985पीएलसी383771
वेबसाइटः www.jaschindustries.com ई-मेलः accounts@jasch.biz

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष समाप्त के लिए समीक्षित इंड-एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।**
**(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम)**

[रु. लाख में]

| क्र.स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | वर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 31.03.23 | 31.12.22 | 31.03.22 | 31.03.23 | 31.03.22 | 31.03.23 | 31.03.23 | 31.03.22 |
| | | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 5539.23 | 5854.17 | 6265.97 | 23694.82 | 21607.46 | 5539.23 | 23694.82 | 21607.46 |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 1006.56 | 651.03 | 954.92 | 3110.13 | 3073.63 | 1006.07 | 3109.64 | 3073.63 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पहले) | 897.00 | 539.27 | 867.48 | 2702.49 | 2728.18 | 896.51 | 2702.00 | 2728.18 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 897.00 | 539.20 | 867.48 | 2697.26 | 2728.18 | 896.51 | 2696.77 | 2728.18 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 657.09 | 395.16 | 642.32 | 1994.60 | 2024.41 | 656.60 | 1994.11 | 2024.41 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 657.09 | 395.16 | 642.32 | 1994.60 | 2024.41 | 656.60 | 1994.11 | 2024.41 |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 |
| 8 | संचेय | 9855.64 | 9180.76 | 7843.25 | 9855.64 | 7843.25 | 9855.15 | 9855.15 | 7843.25 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/- प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत | 5.80 | 3.49 | 5.67 | 17.60 | 17.87 | 5.80 | 17.60 | 17.87 |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.jaschindustries.com पर उपलब्ध है।
2. कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखामानकों (इंडएएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

कृते जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड
सोनीपत, 20 मई, 2023 जे.के. गर्ग (चेयरमैन व प्रबंध निदेशक)

### टैटू ने खोल दिया हत्या का राज

**नोएडा।** रील स्टॉर साइबा के कत्ल का राजफाश उसके हाथ पर बने टैटू ने कर दिया। पुलिस ने जब बारीकी से जांच की तो साइबा के हाथ पर बना टैटू वैसा ही था जो उसके लिविंग पार्टनर के हाथ पर बना हुआ था। थाना बिसरख क्षेत्र के पुराना हैबतपुर गांव के तालाब में मिले शव के दाहिने हाथ पर साइबा नाम का टैटू गुदा हुआ था। मृतका की शिनाख्त लोनी निवासी साइबा के रूप में हुई। जांच में पता चला कि साइबा का दादरी के कैमराला गांव निवासी जितेंद्र भाटी से वर्ष 2022 से संबंध था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अध्यादेश के खिलाफ 11 जून को रैली निकालेगी आप

## केंद्र सरकार ने ऑर्डिनेंस के माध्यम से लोगों के अधिकार को किया हाईजैक : गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


राजधानी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय।

- दिल्ली के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लोगों से बड़ी संख्या में आने का आह्वान

आम आदमी पार्टी केंद्र सराकर के अध्यादेश के खिलाफ मोर्चेबंदी में जुट गई है। आप ने 11 जून को रामलीला मैदान में महारैली करने का ऐलान किया है।

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि केंद्र अध्यादेश लाकर लोगों के अधिकार को हाईजैक कर लिया गया है। आम आदमी पार्टी इस तानाशाही के खिलाफ पूरे देश में लड़ाई लड़ेगी। दिल्ली के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लोगों से बड़ी संख्या में इस महारैली में शामिल होने की अपील की है।

गोपाल राय ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस काले अध्यादेश के आने के बाद से भाजपा नेता खुशी मना रहे हैं और कह रहे हैं कि दिल्ली देश की राजधानी है। यहां दूतावास हैं। दिल्ली में कुछ होता है तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है। ऐसा लग रहा है, जैसे पहले दिल्ली देश की राजधानी नहीं थी और न तो दूतावास थे।

शीर्ष अदालत ने मतदाताओं की शक्ति को संरक्षित करते हुए चुनी हुई सरकार को व्यवस्था संचालित करने का अधिकार देने का फैसला दिया। यह फैसला आने के बाद केंद्र सरकार द्वारा ऑर्डिनेंस के माध्यम से लोगों के अधिकार को हाईजैक कर लिया गया है। इससे लोग स्तब्ध है। संविधान के तहत ही लोकतांत्रिक शासन प्रणाली संचालित होती है। केंद्र सरकार हो या चाहे राज्य की सरकार सभी को संविधान के तहत ही शक्तियां प्राप्त होती है। दिल्ली में चुनी हुई सरकार और उपराज्यपाल को क्या-क्या शक्तियां मिली हैं। लेकिन केंद्र अध्यादेश जारी भ्रम पैदा किया है। इसके बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लैंड, पुलिस,पब्लिक आर्डर के अलावा जिस पर विधानसभा कानून बना सकती है उसपर निर्णय लेने का अधिकार चुनी हुई सरकार के पास है। दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाए जाने की लड़ाई मदनलाल खुराना से लेकर आजतक लोग लड़ते आ रहे है। अब भाजपा नेता कह रहे हैं कि वह दिल्ली को आधा राज्य तो क्या एक चौथाई राज्य भी नहीं रहने देंगे।

## विपक्ष का समर्थन हासिल करने निकलेंगे केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी एकता और हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को राज्यसभा में रोकने के मकसद से विपक्षी दलों के नेताओं के पास जाकर उनका समर्थन जुटा रहे हैं। इस कड़ी में वह मंगलवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 24 को शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और 25 को एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात करेंगे।

आप राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी की मौजूदगी में संवाददता सम्मेलन में केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकतंत्र, संघीय ढांचे और संविधान को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल सभी विपक्षी दलों से मुलाकात कर उनका समर्थन मांगेंगे। इसमें सभी पार्टियों को एकजुटता दिखानी होगी। जब यह अध्यादेश बिल के रूप में राज्यसभा में आए तो इसे गिराना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गर्मी में जल संकट को लेकर अधिकारियों से मिले



**नई दिल्ली।** गर्मी के साथ जल संकट बढ़ने पर मटियाला वार्ड की विभिन्न कॉलोनियों के आरडब्ल्यूए सदस्य और स्थानीय लोग सोमवार को जलबोर्ड के अधिकारियों से मिले। दर्जनों लोगों के साथ जल बोर्ड कार्यालय पहुंचे वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा ने कहा कि यदि पानी की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे। हालांकि मटियाला वार्ड नंबर 122 की निगम पार्षद अनुराधा को अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि समस्या शीघ्र दूर की जाएगी।

### जामिया ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण याचिका का किया विरोध

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने वर्ष 2019 में संविधान संशोधन के संदर्भ में दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के अनुरोध वाली जनहित याचिका का सोमवार को विरोध किया और कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान होने के कारण यह इस नीति के अंतर्गत नहीं आता है। याचिका के जवाब में दायर हलफनामे में जेएमआई ने कहा कि जनवरी 2019 में भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए लागू नहीं होता।

### राष्ट्रपति ही करें नए संसद भवन का उद्घाटन : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जगह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया जाना राष्ट्रपति का और देश के आदिवासी तथा पिछड़े समुदायों का अपमान है। आप के नेता एवं राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि यह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आदिवासी विरोधी, दलित विरोधी और पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन करने वाले हैं।

### महाराणा प्रताप की जयंती पर भव्य शोभायात्रा

**नई दिल्ली।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की वार्षिक जयंती पर केशव पुरम के महाराणा प्रताप भवन,चेतक चौक से भव्य शोभायात्रा निकली। करीब 12 किलोमीटर की यात्रा करते हुए शोभायात्रा कश्मीरी गेट महाराणा प्रताप वाटिका (कुदेशिया पार्क) पर समाप्त हुई। इसमे बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज व अन्य सभी सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। भव्य यात्रा के सयोजक राजकुमार भदौरिया ,अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत्त महासभा के दिल्ली प्रदेश ने कहा समाज हमेशा सदैव ही इस माँ भारती की रक्षा के लिये अपना योगदान देता रहा है। शोभा यात्रा में राधेश्याम सोम, (अध्यक्ष,अखिल भारतीय राजपूत विकास समिति), राष्ट्रीय करणी सेना, सम्राट पृथ्वी राज चौहान, उदय शेखावत, ललित तोमर, सुरजीत सिंह, चन्दरपाल जी, पवन राजावत व अन्य राज्यों से आये क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## घर तक सुविधा पहुंचाने की योजना में 58 और सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- वाहन फिटनेस प्रमाणपत्र समेत परिवहन की 29 सेवाएं भी शामिल

दिल्ली सरकार ने लोगों के घरों तक सुविधाएं पहुंचाने की अपनी प्रमुख योजना का विस्तार करने की तैयारी कर रही है और मौजूदा 100 सेवाओं की सूची में 58 और सार्वजनिक सेवाओं को शामिल किया जाएगा।

एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक योजना में जो नई सेवाएं जोड़ी जाएंगी, उनमें परिवहन विभाग से संबंधित 29 सेवाएं शामिल हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय परिचालन परमिट, परिचालन लाइसेंस में नाम परिवर्तन और वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से संबंधित कुछ सेवाएं और अनुग्रह राशि का भुगतान भी घर तक सेवाएं पहुंचाने वाली इस योजना में जोड़ी जाने वाली नई सेवाओं की सूची में हैं। इसके अलावा श्रम विभाग की कई सेवाओं को भी सूची में जोड़ा गया है। इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदक को 1076 नंबर पर कॉल कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## जेल में बंद पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन बीमार


तबीयत खराब होने के बाद सफदरजंग अस्पताल पहुंचे पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सफदरजंग अस्पताल में रीढ़ की जांच के बाद तिहाड़ ले जाए गए

धन शोधन के एक मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मंत्री सतएंद्र जैन को रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या के कारण सोमवार को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। सफदरजंग अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि जैन सुबह न्यूरोसर्जरी ओपीडी आए थे। वहां चिकित्सकों द्वारा जांच किए जाने के बाद वापस चले गए।

तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल मई में धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद जैन को शनिवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वह किसी और चिकित्सक से भी परामर्श लेना चाहते थे इसलिए उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। उनके साथ कुछ पुलिस भी मौजूद थे।

धन शोधन के एक मामले में जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करते हुए ट्वीट किया, सत्येंद्र जैन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए वह ईश्वर से प्रार्थना करते है। भाजपा की सरकार के इस अहंकार और जुल्म को दिल्ली और देश के लोग अच्छे से देख रहे हैं।


राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने पहुंचे उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

## निगम ने सार्वजनिक शौचालयों में तेजाब के इस्तेमाल लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने सार्वजनिक शौचालयों की सफाई में तेजाब के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। एमसीडी ने वर्ष 2013 के उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला दिया जिसमें तेजाब हमले की घटनाएं बढ़ने पर देशभर में दुकानों पर तेजाब की बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। दिल्ली महिला आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एमसीडी के आदेश में कहा गया है कि शौचालय की सफाई के लिए तेजाब का इस्तेमाल नहीं करने पर जुर्माना लगाने के प्रावधान को अनुबंध से हटाया जाता है। एजेंसी ऑपरेटर तेजाब की जगह शौचालय की सफाई में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस निर्देश का उल्लंघन करने पर दंड दिया जाएगा जिसमें परिसरों से तेजाब जब्त करना भी शामिल है।

नगर निकाय ने सभी अधिकारियों, फील्ड कर्मियों और संबंधित एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शौचालयों और सार्वजनिक सुविधा केंद्रों की सफाई के लिए तेजाब का इस्तेमाल न किया जाए।

## बम धमकियों से निपटने की कार्ययोजना पेश करें

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार व पुलिस को स्कूलों को मिल रही बम धमकियों से निपटने की कार्य योजना पेश करने का सोमवार को निर्देश दिया ताकि छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने इस तरह की धमकियां दिए जाने के बारे में कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने दिल्ली पुलिस से पूछा कि वह क्या कदम उठा रही है। उच्च न्यायालय ने पुलिस से हाल ही के दिनों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड को मिली बम धमकी के संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा।

## लगातार दूसरे दिन पारा 46 के पार पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


भीषण गर्मी में सीयूईटी परीक्षा के लिए अपनी बारी का इंतजार करतीं छात्राएं।

दिल्ली वालों को सोमवार को दूसरे दिन भी चिलचिलाती गर्मी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में लू चली तो कई जगह तापमान 46 डिग्री पार गया। दिल्ली का औसत तापमान भी सीजन का सबसे ज्यादा 43.7 डिग्री रहा। मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार को भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। अलबत्ता बुधवार से कुछ राहत मिलने के आसार हैं।

सोमवार को दिन भर खिली रही तीखी धूप के बीच दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सर्वाधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 27.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह भी इस सीजन का सर्वाधिक है। मतलब, सोमवार का दिन इस सीजन में अभी तक का सबसे गर्म दिन रहा। नजफगढ़ एवं स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो राजधानी में सबसे गर्म रहे।

## वारदात : दो युवकों को चाकू घोपा, एक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- हमले के दोनों मामलों में आरोपी गिरफ्तार

राजधानी दिल्ली में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। उत्तर पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार इलाके में मामूली कहासुनी के बाद युवक पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। वहीं उत्तरपूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में एक झगड़े के बाद तीन लोगों ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। दोनों मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब नौ बजे एक युवक को चाकू घोंपकर घायल करने की जानकारी मिली थी। उसे अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया है। मृतक की पहचान मॉडल टाउन इलाके के निवासी आशीष के रूप में हुई है। आशीष सफदरजंग अस्पताल में काम करता था।

पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान, आशीष के भाई विशाल ने बताया कि दोनों रेलवे ट्रैक के पास एक पार्क से जा रहे थे तभी तीन लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई जिसके बाद एक व्यक्ति ने आशीष पर चाकू से हमला कर दिया। विशाल ने दावा किया कि आरोपियों ने उन दोनों भाइयों को लूटपाट के इरादे से रोका था। आजादपुर के अमित को गिरफ्तार किया गया है।

एक अन्य मामले में उत्तर पूर्वी के दिल्ली पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा कि रविवार रात करीब आठ बजे उस्मानपुर में साउथ गमरी निवासी पुनीत ने बताया कि उसके पिता घर के बाहर बैठे थे तभी एक गेंद उन्हें लग गई। इस पर गेंद से खेल रहे बच्चे को डांटा जिसके बाद उसके परिवार के सदस्य वहां आए और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। दोनों पक्षों के बीच झगड़ा शुरू हो गया और रजनीश, ब्रजेश कश्यप और सोनू ने पुनीत पर चाकू से वार किए।

## भलस्वा डेयरी गांव में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के भलस्वा डेयरी गांव में सोमवार को एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बिजेंद्र यादव उर्फ बबली के रूप में हुई है। वह समारोह में शामिल होने आया था जहां उसे तीन से चार लोगों ने गोली मार दी। उसे चार से पांच गोलियां लगीं।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे हुई जब पुलिस को सूचना मिली थी कि गोली लगने से एक युवक घायल है। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। बिजेंद्र यादव हत्या और डकैती सहित 10 आपराधिक मामलों में शामिल था।

पुलिस के मुताबिक इस घटना के सिलसिले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य इरादे) के तहत जहांगीरपुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर उन्हें पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया है।

## जल संकट पर जवाब दें केजरीवाल : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार 9 वर्षों में दिल्ली में हर घर नल से स्वच्छ जल देने के अपने वायदे को निभाने में पूरी तरह विफल हो गई है।

दिल्ली सरकार ने अभी तक 300-400 एमजीडी पानी की कमी की पूर्ति के लिए कोई समाधान नही निकाला है जिसके कारण आधी दिल्ली पीने का पानी न मिलने के कारण प्रतिमाह 2-3 हजार रुपये टैंकर खरीदने के लिए मजबूर है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार अगर जल्द जलापूर्ति के लिए कोई समाधान नहीं निकालेगी तो कांग्रेस कार्यकर्ता हर वार्ड में सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## विश्वास नगर की झुग्गियों को हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उच्चतम न्यायालय ने सुरक्षित दूसरे स्थानों पर जाने का दिया समय

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को विश्वास नगर में की जानेवाली तोड़फोड़ पर सोमवार को एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी है।

शीर्ष अदालत ने डीडीए को मानवीय आधार पर एक सप्ताह के लिए तोड़फोड़ नहीं करने का आदेश दिया है, ताकि लोग खुद ही वहां से हट सकें। यदि वे 29 मई तक जगह खाली करने में विफल रहते हैं, तो तोड़फोड़ करनेवाली एजेंसियों की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई को फिर से शुरू करनेके लिए डीडीए स्वतंत्र होगा। पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर इलाके में डीडीए के जमीन पर करीब 800 से अधिक अवैध झुग्गियां बसें हैं।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय करोल की अवकाशकालीन पीठ ने डीडीए को अतिक्रमण हटाने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल एवं खंड पीठों के आदेशों में कोई त्रुटि नहीं पाई।

# सरकारी स्कूलों में आज से लगेगी मस्ती की पाठशाला

## स्पेशल समर कैंप में एस्ट्रोनोमी, एप्लाइड साइंस, आर्ट, स्पोर्ट्स, योग के साथ सीखेंगे संस्कृत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सरकारी स्कूलों में मस्ती की पाठशाला मंगलवार से शुरू हो रही है। केजरीवाल सरकार द्वारा इन्द्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्कूली बच्चों के लिए स्पेशल समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

यह ग्रीष्म कालीन शिविर 23 मई से 18 जून तक होंगे। इसमें बच्चे एस्ट्रोनोमी, एप्लाइड साइंस, आर्ट, स्पोर्ट्स, लाइफ स्किल्स व योग के साथ सीखेंगे संस्कृत भी सीखेंगे। वहीं दिल्ली संस्कृत अकादमी 10 अलग-अलग स्कूलों में बच्चों को योग के जरिए निरोग होने का पाठ सीखाया जाएगा। यह कार्यशाला 15 दिनों तक चलेंगी जिसमें छात्र-छात्राओं को योग एवं संस्कृत सिखाया जायेगा।

उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन सोमवार को किया। आईआईआईटी में वर्ष 2016 से आयोजित हो रहे स्पेशल स्पेशल समर कैंप का ये सातवाँ साल है जहाँ आसपास के दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे भाग लेते है। इस साल कालकाजी, हरकेश नगर, तुगलकाबाद सहित आस-पास के स्कूलों के बच्चे भाग ले रहे है। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, छात्रों के लिए ये स्पेशल समर कैंप एक मजेदार यात्रा साबित होने वाली है, जिसके शुरुआत से आखिर तक बच्चे हर दिन कुछ नया सीखेंगे। बच्चे टीम में काम करना, एक-दूसरे का सम्मान करना सीखेंगे। यहाँ से वे जो सीखकर जायेंगे वह उन्हें रोजमर्रा की जिन्दगी के चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा और उन्हें आत्मविश्वास देगा।

### स्पेशल समर कैंप में क्या नया करेंगे बच्चे

छात्रों को विज्ञान, गणित, उद्यमशिलता, लाइफ स्किल्स, प्रोफेशनल डेवलपमेंट, कम्युनिकेशन सहित विभिन्न विषयों पर अपस्किलिंग की जाएगी। साथ ही समर कैंप में भाग लेने वाले छात्र विभिन्न एक्टिविटीज जैसे थिएटर, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, मार्केटिंग आदि का सीख सकेंगे। एस्ट्रोनोमी को समर कैंप में इस साल पहली बार शामिल किया गया है। छात्रों के लिए इसे रोचक बनाने के लिए कॉन्सेप्ट्स को बहुत ही मनोरंजक तरीके से कवर किया जायेगा और छात्रों को सोलर-सिस्टम आकाशगंगाओं, ब्लैक होल सहित खगोलिय परिघटनाओं से परिचित करवाया जायेगा। दिल्ली संस्कृत अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा ने जानकारी देते बताया कि 10 विद्यालयों में योग की कार्यशालायें 15 दिनों तक चलेगी जिसमें योग एवं संस्कृत के बारे में सिखाया जायेगा ।

## 1857 क्रांति के महानायकों की याद में प्रदर्शनी

- सचिवालय में गोपाल राय ने किया उद्घाटन, 2 जून तक आम जनता देख सकेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सचिवालय में सामन्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति के महानायकों की याद में प्रदर्शनी का आयोजन किया। मंत्री गोपाल राय ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 22 मई से 2 जून तक चलेगी। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आर माधवन को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर गोपाल राय ने बताया कि आजादी शब्द अपने आप में विशेष महत्व रखता है। इस शब्द की महत्वता केवल वही जान सकता है, जिसने गुलामी की जंजीरें देखी हुई है। स्वतंत्रता सेनानियों ने समय-समय पर निरंतर अंग्रेजों के साथ संघर्ष किया और भारत को आजाद करवाया। आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो केवल स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान की वजह से, जिन्होंने देश को आजाद रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

उन्होंने बताया की स्वतंत्रता संग्राम में 1857 की क्रांति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खासकर दिल्ली में हुई 1857 की मुख्य गतिविधियों ने जनता का ध्यान दिल्ली की तरफ खींचा है। भले ही अंग्रेजों ने अपनी ताकत और कूट नीतियों के दम पर 1857 की क्रांति का दमन कर दिया हो लेकिन इस क्रांति से जिस विद्रोह की चिंगारी की शुरुआत हुई उसने आने वाले स्वतंत्रता आंदोलनों की नींव रखी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 मई, 2023



# गुरुग्राम से आजाद हिंद फौज के अंतिम सेनानी महाशय परमानंद का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### 104 वर्षीय सेनानी का पैतृक गांव फाजिलपुर में किया गया अंतिम संस्कार

**स्वतंत्रता** सेनानी महाशय परमानंद यादव का 104 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गांव फाजिलपुर बादली में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

महाशय परमानंद यादव गुरुग्राम जिला के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी थे। देश सेवा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2018 के गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन में उन्हें राजपथ पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में निकाली गई झांकी में भी शामिल किया था। महाशय परमानंद अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। जिसमें उनके दो लड़के जगबीर तथा देशराज और इनकी तीन लड़कियां कमला, विद्या, नविता सहित पोते व पड़पोते भी शामिल।


महाशय परमानंद। फाइल फोटो।

महाशय परमानंद यादव के अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन गुरुग्राम की तरफ से मानेसर के नायब तहसीलदार जगदीश ने पुष्प चक्र अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अंतिम संस्कार में पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व पूर्व विधायक बिमला चौधरी ने उन्हें पुष्प चक्र अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफ से समिति के सदस्यों कपूर सिंह दलाल, रोशन लाल यादव, महेन्द्र सिंह बांस लाम्बी समेत अनेक लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### महाशय परमानंद एक जीवंत ग्रंथ थे : सुखबीर तंवर

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि महाशयजी का आदर्श जीवन युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत है। युवावस्था में राष्ट्र की आजादी के लिए बहुआयामी व्यक्तित्व सुभाष चंद्र बोस के आह्वान पर आजाद हिंद फौज में भर्ती होकर स्वतंत्रता प्राप्ति के यज्ञ में आहुति डाली। स्वतंत्रता के पश्चात बतौर गिरदावर सरकारी सेवा की।

भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक ने अपने भजन और संगीत के माध्यम से करीब 100 वर्ष की आयु तक क्षेत्र को प्रेरित किया। उन्हें कांग्रेस नेता सुनीता वर्मा, महेंद्र तहसीलदार, एडवोकेट रमेश सरपंच, सुशांत सरपंच, जयपाल सरपंच, बसंत कुमार, सतीश डाबोधा समेत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता सेनानी की धर्मपत्नी संतो बाई का निधन


स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय देवी दत्त की धर्मपत्नी संतो बाई को अंतिम संस्कार पर नमन करते अधिकारी व ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय देवी दत्त की धर्मपत्नी संतो बाई का सोमवार को 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गांव हरसरू में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। संतो बाई के पति स्वर्गीय देवी दत्त 1941 में ब्रिटिश सरकार की फौज में भर्ती होकर 1943 में आजाद हिंद फौज में शामिल हुए। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई तथा सन् 1946 में घर आए। घर आने के बाद उन्होंने 505 आर्मी बेस वर्कशॉप नई दिल्ली में सेवा देते हुए 1978 में सेवानिवृत्त हुए तथा गांव में सामाजिक कार्य करते हुए 1980 में स्वर्ग सिधार गए। अब उनकी धर्मपत्नी संतो बाई का निधन हुआ है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गयी हैं। जिसमें उनके लड़के गोविंद शर्मा, राधेश्याम, पुरुषोत्तम, लक्ष्मी नारायण, हरि शंकर तथा एक बेटी गायत्री देवी सहित पोते-पोती व पड़पोते शामिल है। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### मंडी के सौंदर्यीकरण के निर्णय पर कृषि मंत्री का आभार



**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की अनाज मंडी व सब्जी मंडी की बदहाली पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने संज्ञान लेते हुए इसके सौंदर्यकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि इस विषय को लेकर उन्होंने कुछ समय पर कृषि मंत्री से मुलाकात की थी। यहां की स्थिति से उन्हें अवगत कराया था। नवीन गोयल ने कहा कि उन्होंने व्यापारी भाइयों के आग्रह पर गुरुग्राम की अनाज मंडी व सब्जी मंडी का दौरा किया था। इस दौरान वहां की कमियों का ब्यौरा तैयार किया। वहां अवैध रूप से दीवार तोड़कर रास्ते बनाए हुए हैं। मंडी परिसर में सुविधाओं का अभाव है। ना तो वहां व्यापारियों के लिए खास सुविधाएं नजर आई और ना ही किसानों के लिए। मंडी को एक तरह से अधिकारियों ने वीरान छोड़ा हुआ था। व्यापारियों की तरफ से आग्रह किया गया था कि अनाज मंडी और सब्जी मंडी दोनों के हालत अगर सुधर जाएं तो उनका व्यापार, काम सही हो सकेगा। नवीन गोयल ने बताया कि व्यापारियों, दुकानदारों की आवाज उन्होंने कृषि मंत्री जेपी दलाल तक पहुंचाने का काम किया। अपने विभाग में काम को प्रमुखता से लेने वाले मंत्री जेपी दलाल ने अब उनकी अपील और अनुरोध को सुनते हुए जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों को दोनों मंडियों के सौंदर्यकरण के निर्देश दिए हैं। नवीन गोयल ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा अब तक ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। कहीं विदेशी तर्ज पर कोई प्रोजेक्ट शुरू कराया है तो कहीं किसानों को लाभकारी फसलों की बिजाई के लिए जागरुक करते हुए उन्हें लाभ पहुंचाया है। अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ उन्होंने किसानों, मजदूरों को समयसीमा में दिलाया है। उनके इस कदम व कथन का वे स्वागत करते हैं।

# जिला विजिलेंस कमेटी करे सेक्टर-14 में निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्र की जांच

### जेपी दलाल ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में किया 11 परिवादों का निपटारा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक लेते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल।

**कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल की अध्यक्षता में सोमवार को यहां जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक हुई। बैठक के एजेंडे में शामिल 18 परिवादों की सुनवाई करते हुए मंत्री ने 11 मामलों का निपटारा किया, जबकि 7 मामलों में अगली बैठक तक अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में पहुंचे अन्य लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पिछली बैठक से आए एक परिवाद में शिकायतकर्ता ने बताया कि सेक्टर-14 में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पिछले कई साल से पेंडिंग है। इसके साथ ही भवन के निर्माण से पूर्व जो एस्टीमेट तैयार किया गया था, वो राशि खर्च होने के बाद भी भवन का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। कृषि मंत्री ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस पूरे निर्माण कार्य की डिस्ट्रिक्ट विजिलेंस कमेटी से जांच कराए। साथ ही एक रिपोर्ट तैयार करे। जिसमें जिला के ऐसे सभी प्रोजेक्ट को शामिल किया जाए। जिनकी ओरिजिनल एस्टीमेट की राशि खर्च होने के बावजूद अभी निर्माण कार्य अधूरा है।

**रिहायशी कालोनी को बिल्डर दो भागों में नहीं बांटे सकते:** इसी तरह सोहना रोड स्थित सेक्टर-48 के बेलवुए सेंट्रल पार्क-2 में संबंधित बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट को दो भागों में विभाजित कर वहां के निवासियों की आवाजाही को बंद करने के शिकायत पर भी सुनवाई हुई।

उन्होंने कहा कि कोई भी बिल्डर लाइसेंस के नियमों व शर्तों के अनुसार सोसाइटी को अलग-अलग भागों में विभाजित नहीं कर सकता। ऐसे में सोसाइटी के निवासी संबंधित लाइसेंस प्रोजेक्ट में कहीं भी आवागमन कर सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि बैठक के उपरांत यदि बिल्डर संबंधित प्रोजेक्ट में लोगों को आवागमन को बाधित करता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

**अनाज मंडी व सब्जी मंडी के सौंदर्यीकरण के निर्देश :** गुरुग्राम की अनाज मंडी से जुड़ी एक अन्य शिकायत में कृषि मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम एक मिलेनियम सिटी है, ऐसे में यहां की अनाज मंडी व सब्जी मंडी का सौन्दर्यीकरण आवश्यक है। कृषि मंत्री ने सेक्टर चार में विकास कार्यों से जुड़ी एक अन्य शिकायत में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेक्टर में रोड, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तय समय मे कंसल्टेंट को अपॉइंट कर उससे डीपीआर तैयार करवाएं। उन्होंने अगले एक सप्ताह में सेक्टर के रोड से मलबा हटाने व एक महीने में सेक्टर की सीवरेज की सफाई के भी निर्देश दिए। ईसीएचएस पैनल के तहत बड़े निजी अस्पतालों में पूर्व सैनिकों को आपात स्थिति में बेड ना देने की एक शिकायत पर कृषि मंत्री ने सिविल सर्जन डॉ. वीरेन्द्र यादव को निर्देश दिए कि वे ईसीएचएस पैनल अस्पतालों, पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक बुलाकर इस समस्या का निवारण करवाएं।

# नौ वर्ष की उपलब्धियों को हम सब जन-जन तक पहुंचाएंगे


शीतला मंडल में कार्यकारिणी बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने गुरुग्राम विधानसभा के शीतला मंडल में कार्यकारिणी बैठक ली। बैठक में जिले के आगामी कार्यक्रमों में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर चलने वाले महासंपर्क अभियान पर मण्डल के पदाधिकारी और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अल्पकालीन विस्तारक योजना, विधानसभा के पन्ना प्रमुख निर्माण पर अपनी बात रखी।

इस अवसर पर शीतला मंडल के अध्यक्ष प्रियवर्त कटारिया, मंडल के पालक अर्जुन शर्मा सहित पार्टी और मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मंडल कार्यकारिणी की बैठक में पिछली मंडल कार्यकारिणी बैठक से अभी तक के कार्यों पर फीडबैक लिया गया। मंडल की पूरी कार्यकारिणी को पोर्टल पर अपलोड, सभी पन्ना प्रमुखों का गठन करके पोर्टल पर अपलोड, अल्पकालीन विस्तारक योजना पर कार्य, प्रदेश अयध्क्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देश अनुसार अल्पकालीन विस्तारक को शक्ति केंद्र अनुसार 56 घंटे बूथ पर काम करने, कम से कम 20 घंटे अल्पकालीन विस्तारक का प्रवास शक्ति केंद्र पर होने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर कम से कम 4 घंटे का प्रवास, पन्ना प्रमुखों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी, पार्टी की अध्यक्षीय प्रणाली से सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 9 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि इस 9 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोज नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए इतिहास बनाया है।

# भव्य तरीके से मनेगी मोदी सरकार की नौवीं वर्षगांठ : जीएल शर्मा

**गुरुग्राम।** हरियाणा भाजपा केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने का जश्न पूरे एक महीने तक मनाएगी। सरकार और संगठन ने मिलकर ऐसे कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है, जिनके माध्यम से केंद्र ही नहीं प्रदेश सरकार के कामों को भी आमजन के बीच रखा जाएगा। यह बात भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने अपने आवास पर पत्रकारों के समक्ष कही।

जीएल शर्मा ने कहा कि भाजपा के सत्तासीन होने के बाद आमजन के लिए बेहतरीन और कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतारा गया। 30 मई से 30 जून तक लगातार एक माह तक जनता के बीच आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों की रूपरेखा बना ली गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी मंडलों की बैठक का कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। भाजपा ने 20 जून से 30 जून के बीच लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम और व्यक्तिगत मिलन पर फोकस करने का निर्णय लिया है। जून महीने में 21, 23 और 25 तारीखें महत्वपूर्ण हैं। 21


जीएल शर्मा।

जून को योग दिवस, 23 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को पीएम मोदी के मन की बात और आपातकाल को लेकर प्रदेश में गतिविधियां की जाएंगी। प्रदेश में मुख्य रूप से मोदी और मनोहर सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अभियान चलेगा और पार्टी के कार्यकर्ता उसमें सहयोगी भूमिका निभाएंगे। नए पन्ना प्रमुख बनाने का काम 23 जून तक पूरा हो जाएगा।

# फिल्मों की शूटिंग के लिए बेहतर जगह है हरियाणा : अभिनेता मल्होत्रा

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### हरियाणा में हिंदी, हरियाणवी ही नहीं हर भाषा की फिल्में हों शूट

### फिल्म फौजा के प्रचार के लिए पहुंचे अभिनेता से हुई विशेष बातचीत

### सैनिकों का सदा सम्मान करने की अभिनेता ने कही बात

**फिल्म** अभिनेता पवन मल्होत्रा ने कहा कि पूरा हरियाणा बड़े बैनर की फिल्मों के लिए भी अनुकूल जगह है। यहां हरियाणवी, हिंदी ही नहीं, हर भाषा की बड़े बजट की फिल्में शूट की जानी चाहिए। हरियाणवी फिल्मों को भी प्रोत्साहन मिलना चाहिए। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां श्रीमाता शीतला मंदिर में फिल्म फौजा की प्रमोशन को लेकर पत्रकार वार्ता में कही।

इस दौरान विशेष बातचीत में पवन मल्होत्रा ने कहा कि फौजा फिल्म के बहाने उन्हें हरियाणा को गहराई से जानने का मौका मिला है। इंडस्ट्री, खेती, फौज और विकास देखें तो हर जगह हरियाणा है। फिल्म इंडस्ट्री में भी हरियाणा का महत्व बढ़ा है। सिनेमा में और आगे आएं। उन्होंने कहा कि फौजा फिल्म की पूरी शूटिंग हरियाणा में ही हुई है। शूटिंग के दौरान यहां के लोगों ने जो मान-सम्मान दिया है, वे उनका शुक्रिया करते हैं। जब भी शूटिंग से लौटते थे तो लोग रास्ते में चाय, पानी और यहां तक कि हुक्का भी ऑफर करते थे। यह हरियाणा के लोगों का स्नेह है। उन्होंने फिल्म अभिनेता सतीश कौशिक को भी श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने हरियाणा की धरती से बॉलीवुड में जाकर विशेष पहचान बनाई।



गुरुग्राम में फिल्म फौजा के बारे में जानकारी देते अभिनेता पवन मल्होत्रा।

पवन मल्होत्रा ने सैनिकों के सम्मान में कहा कि देश की आजादी यानी 1947 से लेकर अब तक फौज को रेस्ट नहीं मिला है। जिन परिस्थितियों में फौज ड्यूटी करती है, उसे एक फौजी ही बता सकता है। कुछ लोग भारतीय फौज के खिलाफ बोलकर उनका अपमान करते हैं। ऐसा बोलना सही नहीं है। देश में टीचर, डॉक्टर और सैनिक सबसे अधिक रिस्पेक्ट के लायक हैं और इनकी रिस्पेक्ट होनी ही चाहिए। फिल्म अभिनेता पवन मल्होत्रा ने यह भी कहा कि हमारे आज के युवाओं को 1971 और कारगिल युद्ध के बारे में नहीं पता। उन्होंने कहा कि जब भी हम किसी सैनिक को देखें तो उसे सेल्यूट जरूर करें। वह यात्रा कर रहा हो तो उसे सीट दें। पवन मल्होत्रा ने कहा, प्राकृतिक आपदा भूकंप, बाढ़, सुनामी आए तो हमारी सुरक्षा के लिए फौज आती है। दंगे-फसाद हों तो हमारी सुरक्षा के लिए फौज आती है। उन्होंने ने कहा कि हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड आदि से परिवार के परिवार सेना में देश सेवा करते हैं। सैनिकों का सम्मान कभी नहीं होना चाहिए। इसलिए सैनिक को भूले नहीं, उनके प्रति कृतज्ञ रहें।

### हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व होना चाहिए

**इस** दौरान कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल ने कहा कि जनसंख्या में भले ही हम कम हों, लेकिन भारतीय सेना में हर छठा जवान हरियाणा का है। हरियाणवियों में देश सेवा का जज्बा बेहतरीन है। हमें अपनी भारतीय सेना पर गर्व होना चाहिए। सैनिकों की वजह से ही हमारा देश सुरक्षित है। वे बॉर्डर पर हैं तो हम अपने घरों में चैन से रहते हैं। डा. डीपी गोयल ने कहा कि फौजा फिल्म भी सैनिकों को सम्मान देने वाली फिल्म है। फिल्म के निर्देशक प्रमोद मंगला व प्रोड्यूसर अजीत डालमिया ने कहा कि फौजा फिल्म एक जून से 10 राज्यों के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म भारतीय सेना को समर्पित है। कारगिल में शहीद हुए एक सैनिक के जीवन से प्रेरित होकर यह फिल्म बनाई गई है। फिल्म में अभिनेता कार्तिक ने कहा कि फौज और फौजी की कहानी पर फिल्म बनाना ही अपने आप में बड़ा अवार्ड है। अभिनेत्री नीवा मलिक ने कहा कि कहने को तो फौजा एक फिल्म है, लेकिन इस फिल्म को बनाने के दौरान यह महसूस हुआ कि एक फौजी बनना और बनाना दोनों ही बहादुरी के काम है।

# नायका नेचरल्स हेयर केयर का नया कैंपेन लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारत** में अक्सर लोग बालों की समस्या से ग्रसित रहते हैं। इससे निपटने के लिए पारम्परिक रूप से प्रभावी इंग्रेडिएंट्स के शक्तिशाली मिश्रण की पेशकश करते हुए, नायका नेचरल्स हेयर ने एक नया कैंपेन शुरू किया है, जिसमें जान्हवी कपूर इस ब्रांड का चेहरा बनी हैं।

नायका नेचरल्स को भारत की पद्धति के अनुरूप बालों की देखभाल के लिए निर्मित किया गया है। ऐसे में, यह भारत की बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण यहां के लोगों के बालों के प्रकार और उनमें होने वाली समस्याओं को सहजता से समझता है, जिनमें कठोर पानी, प्रदूषण, आर्द्रता, अल्ट्रा वायलेट क्षति, धूल और गंदगी आदि शामिल हैं। नायका नेचरल्स यह गहनता से मानता है कि भारत के लोगों को बालों कि विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है, इसके उत्तर के रूप में यह छह शक्ति-युक्त फॉर्म्युलेशन्स के माध्यम से पर्यावरणीय परिस्थितियों के कारण होने वाली समस्याओं का मुकाबला करता है, जिन्हें बालों की देखभाल के उपायों के रूप में रिसर्च करके तैयार किया गया है।

जान्हवी कपूर नायका ब्रांड के लिए एकदम उपयुक्त चेहरा हैं, जो अपने शानदार बालों और इनकी देखभाल के लिए घरेलू इंग्रेडिएंट्स को अपनाने के लिए जानी जाती हैं। नायका नेचरल्स की हेयर केयर रेंज, पारंपरिक बालों का पोषण करने वाले इंग्रेडिएंट्स से परिपूर्ण है, जिसमें सेब का सिरका, अदरक, मेथी, प्याज, आँवला, करी पत्ता, उफना हुआ चावल का पानी, चारकोल और शिकाकाई आदि शामिल हैं, जो बालों के लिए संपूर्ण रूप से गुणकारी हैं। नायका नेचरल्स की हेयर केयर रेंज को विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है।

इस रेंज को भारतीय मौसम, पानी, जीवन शैली और विविध प्रकार के बालों का विश्लेषण करने के बाद विकसित किया गया है, ताकि स्वस्थ बालों के लिए खूबसूरती से प्रभावी इंग्रेडिएंट्स का एक शक्तिशाली मिश्रण तैयार किया जा सके। इस कैंपेन में ऑनसाइट, डिजिटल और सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से जान्हवी के जुड़ाव को एक ब्रांड फिल्म के तहत दर्शाया जाएगा, जो इंडियन हेयर केयर नायका नेचरल्स हेयर केयर के मुख्य संदेश पर केंद्रित है।

विशाल गुप्ता, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, कंज्यूमर ब्यूटी ब्रांड्स, नायका, ने कहा, अत्यधिक भौगोलिक मौसम की स्थिति के कारण भारत में लोगों के बालों की तासीर अलग-अलग होती हैं। ऐसे में, एक प्रोडक्ट सभी के लिए उपयुक्त नहीं हो सकता। नायका नेचरल्स के साथ, हमारी टीम ने ऐसे प्रोडक्ट्स विकसित किए हैं, जो बालों की देखभाल के लिए सदियों पुराने रीति-रिवाजों और आधुनिक विज्ञान का आकर्षक मिश्रण हैं।

जान्हवी कपूर हमारी पहली पसंद थीं, क्योंकि वे ब्रांड के व्यक्तित्व में पूरी तरह से फिट बैठती हैं। उनके खूबसूरत बाल और नेचरल इंग्रेडिएंट्स के उपयोग पर उनका विश्वास, ये दो ऐसे कारक हैं, जो उन्हें ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्रेष्ठ विकल्प बनाते हैं।

# पहली बार देश व दुनिया के अरबपति सिखाएंगे उद्यमियों को बिजनेस के गुर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### बिजनेस प्राइवेट लि ने जीएलए यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर नए डिप्लोमा को लांच करने की घोषणा की

**भारत** को विकास के पथ पर आगे ले जाने के उद्देश्य से देश की अग्रणी संस्था बड़ा बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड ने जीएलए यूनिवर्सिटी के साथ मिल कर अपने नए डिप्लोमा को लांच करने की घोषणा की है। यह डिप्लोमा कोर्स डॉ. विवेक बिंद्रा, बड़ा बिजनेस के संस्थापक और सीईओ, के दूरगामी सपनों को साकार करने के अनुरुप लाया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में देश में उद्यमशीलता को एक नया आयाम मिले और देश की अर्थव्यावस्था को दोगुनी रफ्तार दिलाई जा सके।

इस डिप्लोमा कोर्स की सबसे खास बात यह है कि इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों को उन 80 से ज़्यादा अरबपति लोगों से अपनी व्यापारिक समस्याओं के बारे में चर्चा करने का मौका मिलेगा, जिनके बारे में देश की अग्रणी यूनिवर्सिटी आईआईएम ही नहीं, बल्कि हार्वर्ड, ऑक्सफोर्ड, वाटसन जैसी विदेशी यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाया जाता है।

इस खास कोर्स की अवधि एक साल होगी जो कि दो सेमेस्टर में पूर्ण होगा और इसके हर एक सेमेस्टर में व्यापारिक दृष्टकोण से महत्वपूर्ण भूमिका रखने वाले विषय जैसे- स्टार्टअप का आइडिया कहां से आए? आइडिया को जमीनी हकीकत में कैसे बदलें? स्टार्टअप को आगे कैसे बढ़ाएं? पर ध्यानाकर्षित किया गया है. इस डिप्लोमा कोर्स को आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ही उम्मीदवारों के लिए बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है।

# नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी में बाफ्टा अपने प्रतिष्ठित बाफ्टा ब्रेकथ्रू टैलेंट प्रोग्राम के माध्यम से लगातार तीसरे साल भारत के उभरते सितारों की पहचान कर उनके हुनर को निखारेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वर्ष 2021** और 2022 में बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया प्रोग्राम की जबर्दस्त सफलता के बाद, बाफ्टा एक बार फिर तीसरे साल इस स्कीम को लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से आरम्भ हो रही है और यह पांच जुलाई तक चलेगी। यह प्रोग्राम राष्ट्र स्तर पर और यूके तथा यूएस में कार्यरत फिल्म, गेम्स और टेलीविजन उद्योगों में क्रिएटिव के लिए खुला है।

यह साल इसलिए भी ख़ास है क्योंकि भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू को नेटफ्लिक्स के सहयोग का तीसरा साल और यूके एवं यूएस में इसका चौथा साल है। बाफ्टा ब्रेकथ्रू का उद्देश्य दुनिया भर की उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर उनके हुनर को निखारना तथा उन्हें अपने चयनित क्षेत्र में अपने कौशल को बेहतर बनाने एवं आगे बढ़ने के लिए जरूरी संसाधनों से लैस करना है। पहली बार दस साल पहले यूके में आरम्भ किया गया, बाफ्टा ब्रेकथ्रू आर्ट्स चैरिटी की प्रमुख प्रतिभा योजनाओं में से एक है, जिसके अंतर्गत अभी तक 200 से ज्यादा कॅरियर का विकास किया जा चुका है। बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया इस पहल के माध्यम से एक बार फिर भारतीय प्रतिभा की पहचान और यशोगान करने जा रहा है। इसके तहत सहभागियों को उद्योग के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने, अपने शिल्प को विकसित करने, प्रगति की बाधाओं को दूर करने और अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। साथ ही उन्हें अग्रणी प्रोफेशनल्स के साथ वैश्विक नेटवर्क तैयार करने में मदद करने के लिए पूर्वनिर्धारित प्रोग्राम के द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है।

इस प्रोग्राम में प्राप्तकर्ताओं को इस प्रोग्राम द्वारा अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग के अवसरों में सहयोग के लिए छात्रवृत्ति के अलावा निम्नलिखित सुविधायें दी जाएंगी: उद्योग में वन-टू-वन मीटिंग और सामूहिक चर्चा के सत्र, एक वर्ष के लिए बाफ्टा की पूर्ण सदस्यता, जिसे आगे बढ़ाने का विकल्प होगा, उद्योग और समकक्ष ब्रेकथ्रू समूहों के साथ वैश्विक नेटवर्किंग के अवसर, कॅरियर कोचिंग सत्रों की सुलभता और पेशेवर कौशल के विकास में सहयोग, 12 महीनों के लिए बाफ्टा के वर्चुअल कार्यक्रमों और स्क्रीनिंग तक पहुंच आदि शामिल है।

बाफ्टा के शिक्षण, समावेशन, नीति और सदस्यता के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, टिम हंटर ने कहा कि यूके की संस्कृति में दक्षिण एशियाई समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान और भारत के फिल्म उद्योग के विश्वव्यापी प्रभाव के मद्देनजर, हमें भारत की रचनात्मक कलाओं पर अपनी छाप छोड़ने और हमारे दोनों देश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोग करने के लिए चेंज-मेकर्स की अगली पीढ़ी को सहयोग करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हम बाफ्टा ब्रेकथ्रू को जीवंत बनाने में उदारतापूर्वक ज़रूरी सहयोग के लिए नेटफ्लिक्स को धन्यवाद देते हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट-कंटेंट, मोनिका शेरगिल ने कहा कि, ब्रेकथ्रू इंडिया के लिए लगातार तीसरे साल बाफ्टा के साथ सहयोग करने वाले अपने साझीदारों पर हमें गर्व है।

टल्ली होकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं

# शराबियों को पकड़ने के लिए चार टीम बनाई, करेंगी धरपकड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### कार में बैठकर शराब पीने वालों को भी नहीं बख्शेंगे



**टल्ली** होकर वाहन चलाने वालों की अब खैर नहीं। शहर में ड्रंकन ड्राइविंग की रोकथाम के लिए ट्रैफिक पुलिस ने चार टीम गठित की हैं। इनमें से दो टीम गुरुग्राम मार्ग पर तैनात होंगी। एक सूरजकुंड रोड और एक बदरपुर बार्डर पर तैनात होगी। एक टीम में पांच पुलिसकर्मी शामिल किए गए हैं।

इन टीमों का कार्य शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नजर रखना, उनकी जांच करना और चालान करना होगा। गठित की गई इन टीमों ने काम शुरू भी कर दिया है। इसके तहत अब तक 100 से अधिक चालान काटे जा चुके हैं।

कोरोना के दौरान ड्रंकन ड्राइविंग की जांच नहीं हो पा रही थी। लोगों में पुलिस का भय नहीं रहा तो शराब पीकर वाहन चलाने का चलन बढ़ता जा रहा है। अक्सर देखा जाता है कि शाम होते ही लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं और अपने साथ ही दूसरों के लिए भी हादसे की आशंका बढ़ाते हैं। शहर में सड़क पर हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। इन चार टीमों की ड्यूटी शाम पांच बजे से देर रात तक लगाई जाएगी। शुक्रवार से रविवार तक यह टीम विशेष रूप से सक्रिय रहेगी, क्योंकि ये सप्ताहांत के दिन हैं। इन दिनों में शराब पीने का ज्यादा चलन देखने को मिलता है। ड्रंकन ड्राइविंग की जांच के लिए पुलिस ने एल्कोसेंसर मशीनें भी खरीद ली हैं। पहले जो मशीन इस्तेमाल की जा रही थी, उसमें पाइप मुंह में लेकर फूंक मारनी पड़ती थी। अब एल्कोसेंसर मशीन में दूर से फूंक मारकर भी व्यक्ति द्वारा पी गई शराब का पता लगाया जा सकता है।

ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब के ठेके काफी संख्या में है। लोग उन ठेकों पर पहुंचकर शराब पीते हैं और नशे में खुद वाहन चलाकर अपने गंतव्य तक जाते हैं। सूरजकुंड रोड, फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड समेत हाइवे के किनारे काफी संख्या में शराब ठेकों पर खुले में लोग शराब पीते नजर आते है।

ऐसे में इनके नशे में वाहन चलाने से हादसे की आशंका बनी रहती है। इसलिए टीमों को सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती की गई है।

> **शहर** में सड़क हादसों को कम से कम करना हमारी कोशिश है। इसके लिए लगातार नए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। ड्रंकन ड्राइविंग सड़क हादसों का प्रमुख कारण है। इस पर अंकुश कसने के लिए चार टीम गठित की गई हैं। इनकी नियमित ड्यूटी होगी।
> – **अमित यशवर्धन, डीसीपी ट्रैफिक**



# शिक्षा विभाग ने कहा, टैबलेट लौटाओ तो छात्र पहुंच रहे गुमशुदगी दर्ज कराने

### चोरी का मुकदमा दर्ज कराने की बात पर भी पीछे हट रहे छात्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**प्रदेश** सरकार द्वारा बेहतर शिक्षा के लिए दिए राजकीय विद्यालयों में दिए गए टैबलेट वापस करने से बचने के लिए विद्यार्थी तरह तरह की तिकड़म लगा रहे हैं। जैसे ही शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए कि टैबलेट न लौटाने वाले विद्यार्थियों की मार्कशीट और स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट रोक लिया जाएगा, वैसे ही थानों में टैबलेट गुम होने की शिकायत लेकर पहुंचने वाले छात्रों की संख्या बढ़ गई है। फरीदाबाद में केवल सराय ख्वाजा थाने में ही इस तरह की 13 शिकायत पहुंची हैं। अन्य थानों में ऐसी 10 शिकायतें पहुंची हैं। अन्य जिलों में भी यही हाल है। रेवाड़ी में टैबलेट गुम होने की 11, सोनीपत में 55, महेंद्रगढ़ में 22 और पलवल में 28 शिकायतें दर्ज हुई हैं।

सराय ख्वाजा थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि टैबलेट गुम होने की शुरू में आई चार शिकायतें दर्ज कर ली थीं, मगर जब ऐसी शिकायतों की संख्या बढ़ गई तो लगा कि कुछ गड़बड़ है। शिकायत लेकर आने वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावकों से कहा कि टैबलेट गुम होने की बजाय चोरी का मुकदमा दर्ज करेंगे। मुकदमे की सुनकर वे बिना शिकायत दिए वापस लौट गए। दरअसल, मुकदमा दर्ज होने के बाद पूरी कार्रवाई होगी। पुलिस टैबलेट की तलाश भी करेगी।

अगर टैबलेट में इंटरनेट चल रहा होगा तो उसे खोजना पुलिस के लिए कोई मुश्किल काम नहीं है। साइबर सेल की मदद से टैबलेट आसानी से ढूंढा जा सकता है। अगर टैबलेट विद्यार्थियों के पास ही मिला तो उन्हें लेने के देने पड़ जाएंगे। शायद इसलिए वे मुकदमा दर्ज कराने से पीछे हट रहे हैं। कुछ विद्यार्थियों ने इसका भी तोड़ ढूंढ लिया है। अब उन्होंने टैबलेट गुम होने की आनलाइन शिकायत दर्ज कराना शुरू कर दिया है।

बता दें, प्रदेश में 10, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए गए थे। फरीदाबाद में 33 हजार, महेंद्रगढ़ में 16986, सोनीपत में 24 हजार, रेवाड़ी में 18875 और पलवल में 16705 विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे गए थे। शिक्षा निदेशालय ने निर्देश दिए थे कि 12वीं और जो स्कूल 10वीं तक हैं। उनके सभी छात्र बोर्ड परीक्षाओं के बाद अपने टैबलेट शिक्षा विभाग को जमा करा दें।

अभी भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने टैबलेट जमा नहीं कराए हैं। टैबलेट लेने वाले छात्रों के अभिभावकों ने शिक्षा विभाग को लिखित रूप में शपथ पत्र दिया था कि यदि टैबलेट टूटता-फूटता है या फिर तकनीकी खराबी आती है, तो इसकी जिम्मेदारी अभिभावक की होगी।

> **शिक्षा** निदेशालय का स्पष्ट निर्देश है कि केवल उसी छात्र को मार्कशीट और स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट जारी किया जाए, जिसने टैबलेट जमा कराया जाए। इसके अलावा टैबलेट टूटने या खराब होने, चोरी होने की सूची अलग मांगी है। निदेशालय ही ऐसे बच्चों के खिलाफ कार्रवाई तय करेगा।
> – **मुनेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी**



## आंदोलित कर्मचारियों ने बल्लभगढ़ बाजार में निकाला जुलूस





**फरीदाबाद।** अपनी मांगों के समर्थन में पिछले 12 दिन से नगर निगम मुख्यालय के समक्ष धरना दे रहे आंदोलित कर्मचारियों ने सोमवार को बल्लभगढ़ बाजार में जुलूस निकाला। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया, कैशियर दर्शन सिंह सोया, वरिष्ठ उप प्रधान राकेश चिंडालिया, वाटर सप्लाई यूनियन के सचिव रामरतन कर्दम ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरुचरण खांडिया ने कहा कि सरकार नगर निगम के कर्मचारियों के साथ बहुत अन्याय कर रही है।

उन्होंने बताया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व सरकार के बीच 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को चंडीगढ़ में वार्ता हुई और वार्ता में पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमों के कर्मचारियों की सभी मांगों पर सहमति हुई लेकिन लगभग पांच महीने बीतने के बाद भी सरकार ने मानी गई मांगों में से केवल चार ही पत्र जारी किए हैं, जिसमें 4298 सफाई कर्मचारियों व 68 सीवर के कर्मचारियों को पक्की भर्ती के माध्यम से पक्का करने, कच्चे कर्मचारियों को एलटीसी देने, तेल साबुन देने का पत्र जारी किया है।

इनसे अलग जितनी भी मांगों पर समझौता हुआ आज तक सरकार ने उनको लागू नहीं किया है, इसलिए प्रदेश का कर्मचारी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहा है। श्री खांडिया ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद के अंदर जो अधिकारी बैठे हैं। वह सरकार की चिट्ठी को ईमानदारी से लागू नहीं करते हैं। सरकार ने 4298 सफाई कर्मचारियों व 68 सीवर कर्मचारियों को पक्का करने के लिए आठ फरवरी को पत्र जारी कर दिया था लेकिन नगर निगम फरीदाबाद में आज तक उस पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। श्री खांडिया ने बताया कि हम लगातार शांतिपूर्ण तरीके से नगर निगम मुख्यालय पर आंदोलन कर रहे हैं और आज हमने बल्लभगढ़ शहर में प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ओल्ड फरीदाबाद में प्रदर्शन किया जाएगा।

## पूर्व विधायक संग हुई आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी की बैठक, लिए कई फैसले

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आरडब्ल्यूए-डी 2,** सेक्टर दस की बैठक हरदीप महाजन के निवास 104 सेक्टर-दस में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक राजेंद्र बीसला ने की। इसमें आरडब्ल्यूए ए-डी-2 से जुड़े निवासियों ने भाग लिया। ब्लॉक से जुड़ी समस्याओं को लेकर आपस में विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया, ब्लॉक से जुड़ी समस्याओं को आपस में मिलकर हल किया जाएगा।

पूर्व विधायक बीसला ने कहा कि रिहायशी प्लॉटों में कमर्शियल एक्टिविटी होना गलत है, जिसकी वजह से सेक्टरों में प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे हर शहरवासी को बहुत परेशानी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्क हॉस्पिटल में एम्बुलेंस का आना-जाना लगा रहता है। एम्बुलेंस में कई बार मरीज भी नहीं होता लेकिन एम्बुलेंस के ड्राइवर हॉर्न बजाते रहते हैं, जिसकी वजह से ध्वनि प्रदूषण फैलता है।



आरडब्ल्यूए डी-2/ सेक्टर दस की बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण

सर्वसम्मति से बैठक में निर्णय लिया गया कि हॉस्पिटल को लिखित में दिया जाएगा की ध्वनि प्रदूषण न फैलाया जाए और ड्राइवरों को हिदायत दी जाएगी, वो हॉर्न को जब बजाए, जब उस में मरीज हो, खाली न बजाएंगे। नेतराम चौहान ने कहा कि डी-2 के अंदर अधिकतर प्लॉट्स खाली पड़े हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि जल्दी ही ब्लॉक के अंदर हरियाली पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर एससी शर्मा, विनोद भंसाली, आरपी नागर, लवली पांचाल, राजेंद्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, जितेश महेन्द्रू मौजूद रहे।

## 11 लाख की चपत लगाने वाले फ्लिपकार्ट कंपनी के तीन कर्मी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पलवल** सीआईए की टीम ने फ्लिपकार्ट कंपनी के कर्मचारियों को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान आदर्श कॉलोनी निवासी सुभाष, पुन्हाना निवासी रणजीत व होडल निवासी नरेश के तौर पर हुई है। इनको तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोप है कि इन्होंने सस्ते मोबाइल फोनों के ईएमआई नंबर के आखिर के तीन अंक बदलकर उन्हें महंगे मोबाइल फोन दिखाकर कंपनी को करीब 11 लाख रुपए का चूना लगा दिया।

सीआईए प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि फ्लिपकार्ट कंपनी के एरिया मैनेजर राजेश कुमार ने 19 मई को पुलिस को दी शिकायत दी थी। इसमें बताया कि आदर्श कॉलोनी पलवल निवासी सुभाष, पुन्हाना निवासी रणजीत व होडल निवासी नरेश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कंनी में नौकरी के दौरान पुराने मोबाइल फोन खरीद फरोख्त में सस्ते मोबाइल फोन को महंगे दामों पर खरीदकर कंपनी के साथ लाखों रुपयों का गबन किया है।



जांच के दौरान टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर अदालत से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। शाखा प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह फ्लिपकार्ट कंपनी को सस्ते मोबाइल के आखिर के तीन ईएमआई नंबर बदलकर उन्हें महंगे दामों में दिखाकर कंपनी को भेजकर कंपनी को अब तक 11 लाख 3 हजार 750 रुपए का चूना लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि रिमांड के दौरान पुलिस टीम अन्य आरोपियों के नाम का भी पूछताछ में खुलासा करेगी।

# सभी सदस्यों को साथ लेकर करेंगे सर्विस प्रोजेक्टों पर काम : लायन प्रदीप

### लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321ए-1 की प्रारंभिक कैबिनेट बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**लायंस** इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321ए-1 की प्रारंभिक कैबिनेट बैठक 2023-24 का आयोजन क्लायड होटल फरीदाबाद में हुआ। बैठक में करीब 200 लायंस लीडरों ने भाग लिया। इसमें लायन प्रदीप सिंघल डिस्ट्रिक गर्वनर 2023-24 ने सभी पूर्व डिस्ट्रिक गर्वनर्स, कैबिनेट सदस्यों का विधिवत रूप से स्वागत किया।

बैठक में उन्होंने एक जुलाई 2023 से शुरू होने वाले वर्ष में होने वाली महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सभी कैबिनेट सदस्यों से सहयोग मांगा और साथ रहकर पूरे कार्य करने की कामना की और आने वाले प्रोजेक्टों को लेकर चर्चा की। बैठक में डिस्ट्रिक प्राइम प्रोजेक्टस निशुल्क आंखों का आप्रेशन, ऑर्गन डोनेशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पौधरोपण अभियान, महिला सशक्तिकरण, बाल एवं युवा विकास, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, गरीब बच्चों को एजुकेशन देना आदि को लेकर भी गहनता से चर्चा की गई। लायन केएम गोयल, जनपद स्पीकर ने विधिवत रूप से मीटिंग की घोषणा की। लायन तेजपाल सिंह खिल्लन पूर्व जनपद अध्यक्ष ने सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में कोर कैबिनेट के सदस्य आरके चिलाना, राकेश कुमार गुप्ता, नरेंद्र छाबड़ा, अनुज गुप्ता, सतीश परनामी, केके सचदेवा, आरके जग्गी, बंसीधर मखीजा, पदम सिंह चौहान, अशोक सोमानी, एमएल मनचंदा, सुनील अग्रवाल, एनके गुप्ता, राजेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, रवि मनचंदा, संदीप कुमार, रमेश कुमार बंसल, जयप्रकाश गुप्ता, अरूणा मेहता, एसएस सिंघानिया, प्रतिभा अग्रवाल, राजीव जैन, योगेश गुप्ता, सुनील सोबती, जयदीप कत्याल, मुकेश अरोड़ा, आरके गोयल, अशोक अरोड़ा आदि अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321ए-1 की प्रारंभिक कैबिनेट बैठक में शामिल अतिथिगण।

## गलत दिशा में आ रहे वाहन भिड़े, दो चालकों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

### सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की भी हुई मौत

**पलवल** जिले में दो अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई, जिसकी अभी तक शिनाख्त भी नहीं हुई है। बाइकों की भिड़ंत में एक युवक भी घायल हुआ है। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के जिला मथुरा गांव बंदी निवासी हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई भूपेंद्र फरीदाबाद में अपने बच्चों के साथ किराए पर रहता था। वह ड्राइविंग करता था। 21 मई को वह फरीदाबाद से घरेलू सामान लेने घर आया हुआ था। सामान लेकर बाइक पर वापस फरीदाबाद जा रहा था। जब वह पलवल स्थित आगरा चौक पर पहुंचा तो गलत साइड से एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उसका भाई और सामने वाली बाइक का ड्राइवर दोनों सड़क पर गिर गए। उसका भाई भूपेंद्र और दूसरी बाइक चालक की मौत हो गई। दूसरे की पहचान मोहित गांव बझेड़ा जिला नूंह के रूप में हुई।

दूसरे हादसे में होडल गढी पट्टी निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 मई की देर शाम वह अपने निजी काम से करमण गांव के लिए जा रहा था। रास्ते में एक वाहन ने पैदल चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। आरोपी हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह उक्त वाहन के नंबर नहीं देख सका।

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर रेडक्रॉस ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार विश्व जैव विविधता दिवस पर पर्यावरण संरक्षण द्वारा जैव विविधता का संदेश दिया। विद्यालय की जेआरसी और एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2000 को 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में घोषित किया था। इसके पीछे यूएनओ का मुख्य उद्देश्य यह था कि विश्व में सभी लोगो को जैव विविधता के प्रति सतर्क किया जाए, जिससे विश्व की जैव विविधताओं का स्तर बना रहे और उसका संरक्षण किया जा सके। इस वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम एग्रीमेंट टू एक्शन रखी गई है। यह थीम प्रतिबद्धताओं से परे जाने और जैव विविधता को बनाए रखने और संरक्षित करने के लिए उन्हें मूर्त कार्यों में अनुवाद करने की तत्काल आवश्यकता को दर्शाती है। इस विषय ने इस मान्यता के महत्व पर जोर दिया कि मनुष्य और अन्य प्रजातियां इस ग्रह पर सह अस्तित्व में हैं। हम सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि मानव प्रगति अन्य प्रजातियों के जीवन की कीमत पर नहीं आनी चाहिए।

### एलपिस स्कूल में नेत्र जांच शिविर हुआ, अतिथि हुए सम्मानित

**फरीदाबाद।** श्री सत्य साई सेवा संगठन एवं डा. ओपी भल्ला फाउंडेशन तथा नेत्रम आई फाउंडेशन द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन जीवन नगर गौंछी स्थित एलपिस कान्वेंट स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री सत्य साई सेवा संगठन से रवि खन्ना, चंचल मदान, न्यू जनसेवा दल से आरके गुप्ता, ओमबीर सिंह, डा. तरूण अरोड़ा, एडवोकेट सचिन तंवर, अरूण मिश्रा, वरूण शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन एलपी मदान ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर एलपिस स्कूल के प्रिंसीपल राजेश मदान ने बताया कि समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच व रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। शिविर में 200 लोगों ने नेत्र जांच, 268 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।

### बिजली के तार से छुआ कंटेनर, चालक व भतीजा झुलसा

**फरीदाबाद।** ग्रीन फील्ड कालोनी में बिजली तार से छूने के कारण कंटेनर में आग लग गई। इसमें सवार चालक और उसका भतीजा झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रीन फील्ड चौकी पुलिस के अनुसार भरतपुर राजस्थान का रहने वाला इरसाद कंटेनर चलाता है। सोमवार को वह गुरुग्राम से माल लेने फरीदाबाद गुरुकुल औद्योगिक क्षेत्र में आया था। उसका भतीजा असफाक साथ था। फैक्ट्री की तरफ जाते वक्त कंटेनर बिजली तार से छू गया। इससे कंटेनर में आग लग गई। चाचा-भतीजे भी झुलस गए। लोगों ने उन्हें बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। कंटेनर के टायर ही जले थे, उससे पहले आग बुझा ली गई। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### हत्या के प्रयास में गिरफ्तार बदमाश थाने से हुआ फरार

**पलवल।** हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार आरोपी थाना होडल से फरार हो गया। उस पर एक व्यक्ति पर गोली चलाने और मारपीट कर खेत से फसल चोरी करने का केस दर्ज था। थाना से आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस में हडकंप मच गया और आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम जुट गई। बताया गया है कि पुलिस ने गोढ़ोता गांव निवासी रोबिन को रविवार देर शाम गिरफ्तार किया था। सोमवार की सुबह होडल पुलिस थाना परिसर से आरोपी रोबिन के दर्ज केस के मामले में सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार फाइल लेने के लिए अपने कमरे में गया तो आरोपी दूसरे कर्मचारी से आंख बचाकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पुलिस टीम ने उसका काफी पीछा किया, लेकिन आरोपी काबू नहीं आ सका। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मोहम्मद इम्तियाज खान ने नरवीर निवासी आदर्श कॉलोनी होडल की इस्तगासा पर रोबिन उर्फ लाला व उसकी मां गुड्डन देवी के खिलाफ वर्ष 2022 में खेतों पर अवैध हथियार से फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का केस पुलिस ने दर्ज किया था। वहीं थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ खेतों में जबरन वसूली करने के मामले में दूसरा केस दर्ज किया था, जिसमें आरोपी की गिरफ्तारी बकाया थी। पुलिस जांच अधिकारी आरोपी रोबिन को कोर्ट में पेश कर वहां से पुलिस रिमांड पर लेना चाहते थे, लेकिन उससे पहले ही आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया, जिसके संबंध में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सीएनजी ऑटो चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार किया

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआइटी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शाहरुख फरीदाबाद के गांव धौज का रहने वाला है। आरोपी को चोरी के मामले में पहले गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने सेक्टर-12 के एरिया से थाना मुजेसर के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में एक सीएनजी ऑटो बरामद किया गया है। आरोपी ने ऑटो को संजय कॉलोनी से चोरी किया था। आरोपी ऑटो को बेचना चाहता था। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी पर पूर्व में चोरी के तीन मामले दर्ज है। आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी सो पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### देसी कट्टे सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक कुमार की टीम ने देसी कट्टे सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम अनिल है, जो सेक्टर-22 की शिव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से देसी कट्टे के संबंध में लाइसेंस पेश करने की बात कही तो आरोपी लाईसेंस पेश नहीं कर पाया। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### विधायक राजेश नागर ने शुरू कराया बारात घर का काम



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने भूपानी गांव में बारात घर के नवीनीकरण का काम शुरू करवाया। इस अवसर पर बुजुर्ग के हाथों नारियल फुड़वाया गया। नागर ने कहा कि जल्द ही नवीनीकरण का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद ग्रामीण अपने सामाजिक सांस्कृतिक कार्य यहां कर सकेंगे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि लाखों रुपयों की लागत से होने वाले इस नवीनीकरण के काम से गांववालों को बड़ा फायदा होने वाला है। उन्हें अपने सामाजिक कार्य करने के लिए अब पहले से अधिक सुविधाओं वाला बारात घर मिल सकेगा। इस मौके पर धर्म सिंह मास्टर, हरपाल भाटी, दिलीप भाटी, धर्मपाल, विक्रम भाटी, महेश भाटी, लक्ष्मी प्रसाद, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, अमित भारद्वाज, सुरेंद्र बिधूड़ी, कुसुम लता, उर्मिला, सुशीला, संतोष, सुमंत्रा भाटी, अनिता भाटी आदि स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 मई, 2023



# वानखेड़े प्रकरण

## सतर्कता जरूरी

**नारकोटिक्स** कंट्रोल ब्यूरो-एनसीबी के पूर्व मुंबई क्षेत्र निदेशक समीर वानखेड़े के व्यवहार से अनेक सवाल उठ रहे हैं। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारियों के मामलों में सतर्कता बरतना जरूरी है। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी तथा एनसीबी के मुंबई क्षेत्र के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े की परेशानियां जल्दी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्होंने आर्यन खान की गिरफ्तारी के दौरान फिल्म स्टार शाहरुख खान के साथ अपने ट्वीट सार्वजनिक किए, लेकिन इसके बाद लगा कि शायद उन्होंने नियम तोड़े थे। एक क्रूज़ में आर्यन खान के खिलाफ नशीली वस्तुओं के प्रयोग का मामला झूठा पाया गया, पर इससे वानखेड़े के व्यवहार पर सवाल उठे और अब वे अनेक परेशानियों में घिर गए हैं। वानखेड़े पर एनसीबी की विशेष जांच टीम-सेट की जांच के बाद अब केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने उनके व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोप है कि वे आर्यन को मामले से अलग करने के लिए 25 करोड़ रुपये वसूलने का प्रयास कर रहे थे। सीबीआई ने वानखेड़े पर न केवल जबरन वसूली, बल्कि शानदार जीवनशैली अपनाने का आरोप भी लगाया है। यह एक सरकारी कर्मचारी के वेतन में संभव नहीं थी। यह उनकी तथा उनकी पत्नी की कुल वार्षिक आमदनी 45,61,460 रुपये में भी संभव नहीं थी। बताया जाता है कि 2017-21 में उन्होंने परिवार के साथ 6 विदेश यात्रायें की थीं। उन्होंने ब्रिटेन, आयरलैंड, पुर्तगाल, दक्षिण अफ्रीका व माल्दीव की यात्रा की तथा वहां 55 दिन ठहरे। उनका दावा है कि इन यात्राओं पर केवल 8.75 लाख रुपये खर्च हुए, जबकि यह धनराशि हवाई यात्रा के लिए भी काफी नहीं है। सीबीआई ने उल्लेख किया कि उनके पास रोलेक्स जैसी अनेक महंगी घड़ियां व संपत्तियां थी जो किसी मध्यवर्गीय व्यक्ति के लिए असंभव थीं। उनके पास मुंबई में चार फ्लैट तथा वाशिम में 417 एकड़ जमीन थी। वे विरासत में भी संपत्ति प्राप्त करने का दावा नहीं कर सकते हैं क्योंकि उनके पिता भी कोई बड़े बिजनेसमैन न होकर सरकारी कर्मचारी थे।



वानखेड़े के व्यवहार और उनकी शानोशौकत वाली जीवनशैली से अनेक सवाल उठते हैं। पहला, हमारी व्यवस्था ने उनकी शाहखर्ची के बारे में पता लगाने का प्रयास क्यों नहीं किया? आखिरकार परिवार के साथ विदेश यात्रा पर भारी खर्च होता है। किसी को उनकी संपत्तियों के स्वामित्व का पता क्यों नहीं चला? यदि आर्यन खान का मामला और उसमें उनके कथित 'दुर्व्यवहार' का मामला सामने न आता तो वे अपनी शाही जीवनशैली का आनन्द उठाते रहते। क्या ऐसे अन्य अधिकारी हैं जिनकी संपत्ति और आमदनी उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक है? क्या केन्द्र और राज्यों की सरकारों ने इस प्रकरण से कोई सबक सीख कर ऐसे अधिकारियों का पता लगाने का प्रयास शुरू किया है? यदि ऐसा कोई प्रयास हुआ है तो उसकी सार्वजनिक जानकारी नहीं है। इसके साथ ही मानवाधिकारों व नागरिक स्वतंत्रताओं का मामला भी है। 'नारकोटिक्स ड्रग एंड साइकोट्रापिक सब्स्टेंसेज़ एक्ट' एक कठोर कानून है। यह गलत भी नहीं है क्योंकि नशीले पदार्थ समाज व खासकर नौजवानों के लिए विभीषिका हैं। दोषियों के साथ कठोर व्यवहार होना चाहिए। लेकिन यह कानून 'दुष्ट अधिकारियों' के हाथ में हथियार नहीं बनना चाहिए। वानखेड़े प्रकरण में सीबीआई जांच व सेट रिपोर्ट से कानून की कठोरता स्पष्ट होती है क्योंकि आर्यन को अपनी निदोर्षिता सिद्ध करनी पड़ी थी। संभवत: कानून में निरपराध लोगों को दुष्ट अधिकारियों से बचाने के समुचित सुरक्षा उपाय नहीं हैं। ऐसे में अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध अपराधियों के खिलाफ होगा और इसमें निपराध लोग नहीं फंसेंगे।

# पाकिस्तान में अमेरिकी हित

अमेरिका पाकिस्तान में इमरान खान का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान में अपने मुहरों के माध्यम से 'अवस्थापना' का शासन पसंद करेगा।

**भोपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं।)





असली राजनीति के पितामह तथा अमेरिका में विदेशी राजनय की कला को परिभाषित करने वाले हेनरी कीसिंजर ने ईरान-ईराक युद्ध के बारे में कहा था, 'दु:ख की बात है कि दोनों पक्षों में से कोई नहीं हारेगा।' हालांकि, अमेरिका आधिकारिक रूप से स्वयं को उस समय राजनीतिक रूप से सही दिखाने का प्रयास कर रहा था, पर यथार्थ यही है कि उसने इस खूनी टकराव में दोनों पक्षों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन किया था। ईरान-ईराक के बीच काफी समय तक चले इस खूनी संघर्ष में एक मिलियन से अधिक लोग मारे गए थे। उस समय अमेरिका ने ईराक के तत्कालीन तानाशाह सद्दाम हुसेन को पैसे व अन्य सहायता दी थी। उसने हलब्जा नरसंहार के समय जनता पर ढाए सद्दाम हुसेन के अत्याचारों को भी अनदेखा किया था। कहा जाता है कि सद्दाम हुसेन ने जनता को कुचलने के लिए व्यापक नरसंहार के रासायनिक आयुधों का प्रयोग भी किया था। उन्होंने इस युद्ध के माध्यम से ईरान के विदेश नीति लक्ष्यों को पराजित करने की घोषणा भी कर डाली थी। कुछ साल बाद हुए विस्तृत खुलासों से यह संदेह भी पैदा हुआ कि व्हाइट हाउस ने गोपनीय तरीके से ईरान को हथियार भी बेचे थे।

इस प्रकार अमेरिका ने ईरान को हथियार बेचने पर लगे स्वयं अपने द्वारा घोषित प्रतिबंधों का उल्लंघन भी किया था। इसी प्रकार अमेरिका ने निकारागुआ में कम्युनिस्ट-विरोधी छापामारों के लिए भी पैसे एकत्र किए थे। इस प्रकरण को 'ईरान-कांट्रा स्कैंडल' के नाम से जाना जाता है। ईराक के प्रति अमेरिका की घोषित पसंद का कारण यह था कि वह शिया धर्मगुरु अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में जारी उग्र 'अमेरिकावाद-विरोध' का मुकाबला करना चाहता था। उल्लेखनीय है कि शाह ईरान का कथित 'इस्लामी क्रांति' से विरोध कर अयातुल्ला खुमैनी ने उनका तख्ता उलट दिया था और उस समय ईरान में अमेरिका-विरोध की लहर चल रही थी। लेकिन मजेदार बात है कि अमेरिका इसके समानान्तर गोपनीय रूप से ईरान को हथियार भी बेच रहा था। अमेरिका की इस दोमुंही रणनीति को दृष्टिकोण, वाणिज्य, अनैतिकता और सुविधा की राजनीति का मिश्रण कहा जा सकता है। उस समय कीसिंजर का यह कथन भी बहुत लोकप्रिय हुआ था कि 'अमेरिका के कोई स्थाई मित्र या स्थाई शत्रु नहीं हैं, उसके केवल हित स्थाई हैं।'

अमेरिका की इस दोमुंही रणनीति या दूसरे शब्दों में कहें तो अमेरिकी 'हितों' से संचालित विदेश नीति दृष्टिकोण का दूसरा उदाहरण पाकिस्तान में दिखने को मिलता है। अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों की नीव पाकिस्तान के पहले 'शक्तिशाली' सैनिक शासक व बाद में राष्ट्रपति बने अय्यूब खान ने डाली थी। उन्होंने अपने देश के भीतर 'कम्युनिस्टों' के उभार का भय बढ़ा चढ़ा कर पैदा किया था और जोर देकर कहा था कि पाकिस्तानी सेना या पाकिस्तानी 'अवस्थापना' ही ऐसा एकमात्र संस्थान है जो इस स्थिति पर नियंत्रण कर सकता है। इस दृष्टिकोण के आधार पर अय्यूब खान ने पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों की नींव डाली जिसके अनेकानेक परिणाम बाद में सामने आए। जब पाकिस्तान अपने देश के पूर्वी क्षेत्र या तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में अपने ही बंगाली नागरिकों का नरसंहार कर रहा था तब अमेरिका तथा खासकर वहां शासन कर रही निक्सन-कीसिंजर जोड़ी ने सारी नैतिकता को ताक पर रख कर इस भयंकर नरसंहार के प्रति अपनी आंखें बंद कर लीं। इसका कारण केवल यह था कि इस्लामाबाद चीन से महत्वपूर्ण संबंधों के मामले में अमेरिकन 'हितों' को बढ़ावा दे रहा था। उस समय के पूरे घटनाक्रम का विस्तृत व गहन दस्तावेजीकरण हुआ है। अमेरिका ने अपने 'हितों' को आगे बढ़ाने के सिद्धान्त पर चलते हुए पाकिस्तान के साथ अपने समीकरण बनाए और इसके लिए अनेक रणनीतियों व हथकंडों का इस्तेमाल किया। अमेरिका ने बाद में अफगानिस्तान में सोवियत फौजें आने के बाद उनसे मुकाबले के लिए 'मुजाहिदीन' तैयार करने में पाकिस्तान की हर तरह से सहायता की। अमेरिका व उसकी एजेंसी सीआईए ने इस गोपनीय कार्रवाई का नाम 'आपरेशन साइक्लोन' दिया था।

अमेरिका भले ही सारी दुनिया में स्वयं को लोकतंत्र व स्वतंत्रता का पैरोकार बताता फिरता हो, पर इस यथार्थ से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उसने पाकिस्तान के एक और सैनिक शासक जनरल जियाउल हक का समर्थन किया। जनरल जिया ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को न केवल भंग किया था, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी पर चढ़ा दिया था। जनरल जिया ने उग्र इस्लामवादी मुजाहिदीनों को यथासंभव अधिकाधिक हथियारों से लैस किया था। अमेरिका-पाकिस्तान दोस्ती तथा पाकिस्तानी जनरलों का अमेरिका द्वारा समर्थन व्यापक अमेरिकी 'हितों' के कारण था। 1979 में इस अमेरिकी-पाकिस्तान दोस्ती तथा रणनीतिक संबंधों का उद्देश्य अफगानिस्तान में रूसियों तथा ईरानी इस्लामी क्रांति का मुकाबला करना था। अमेरिका एक सीमा के बाद लोकतंत्र व स्वतंत्रता जैसे नैतिक शब्दों की चिन्ता नहीं करता है। अपने 'हितों' के कारण वह पाकिस्तान में लोकतंत्र के बारे में ज्यादा चिन्ता नहीं करता है। इस दृष्टिकोण से तुलनात्मक रूप से सेक्युलर व पश्चिमोन्मुख पाकिस्तानी 'अवस्थापना' उसके लिए बेलगाम, उग्र तथा अविश्वसनीय सिविलियन राजनेताओं की तुलना में ज्यादा बेहतर है। अमेरिकनों ने बाद में भी नवाज शरीफ की निर्वाचित सरकार को बर्खास्त करने के बावजूद परवेज़ मुशर्रफ जैसे सैनिक शासक का समर्थन किया और उनके कृत्यों की अनदेखी की।

आज पाकिस्तान में सैनिक 'अवस्थापना' तथा इमरान खान के नेतृत्व में तुलनात्मक रूप से लोकतांत्रिक व लोकप्रिय शक्तियों के बीच गंभीर सत्ता संघर्ष जारी है। वर्तमान स्थिति खतरों से भरी है और यह किसी दिशा में जा सकती है। वर्तमान समय में स्थिति बहुत जटिल भी है जिसमें किसी पक्ष का चयन करना आसान नहीं है। अभी हाल तक इमरान खान अमेरिका के खिलाफ जहर उगल रहे थे, जबकि 'अवस्थापना' पूरे मामले में खामोशी धारण किए हुई थी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन डीसी को 'अवस्थापना' के पक्ष में झुकना चाहिए, या इमरान खाने के साथ जाना चाहिए? वर्तमान स्थिति में एक बार फिर कीसिंजर का 'हित' सिद्धान्त यह तय करेगा कि नैतिकता के विभिन्न आयामों पर विचार करने के बजाय आगे बढ़ने की दिशा क्या होगी। अमेरिका के सामने विचार करने के लिए अनेक आयाम हैं। इनमें सत्ता में मौजूद सिविलियन सरकार का सम्मान समाप्त होना, पड़ोसी काबुल व तेहरान में अमेरिकावाद-विरोध की भावनायें, पाकिस्तान में चीन की पहुंच, पाकिस्तान के विघटन का खतरा, वहां व्याप्त बेलगाम धार्मिक कट्टरता तथा आर्थिक व सामाजिक बदहाली शामिल हैं। 'अवस्थापना' तथा इमरान खान का इस दृष्टिकोण से आंकलन होगा कि वे स्थिति पर किस प्रकार नियंत्रण कर सकते हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है कि वर्तमान समय में फैल चुके अमेरिकावाद-विरोध को और फैलने से कैसे रोका जा सकता है।

इमरान खान समझते हैं कि 'कम्युनिस्ट' चीन द्वारा 'इस्लामी' पाकिस्तान का अपनी आवश्यकताओं व 'हितों' से आगे जाकर समर्थन करने की सीमायें हैं। वे यह भी समझते हैं कि वाशिंगटन डीसी से संबंध तोड़ना संभव नहीं है। इसी कारण 'धमकी भरे पत्र' प्रकरण के बाद इमरान ने अमेरिकनों के खिलाफ अपनी बयानबाजी कम की है। लेकिन सवाल है कि क्या इमरान ने अमेरिकनों को अपनी विश्वसनीयता, संतुलन व प्रभावशीलता के बारे में संतुष्ट करने के काफी प्रयास किए हैं? अमेरिका भी वर्तमान समय में आर्थिक दबावों तथा अपने सैनिक-वाणिज्यिक संसाधनों पर पड़ रहे दबावों का अनुभव कर रहा है। ऐसे में वह तुनकमिजाज इमरान खान से संबंध स्थापित करना शायद ही चाहेगा।

अपने तमाम दुराग्रहों, दुष्कर्मों व अलोकतांत्रिक भावनाओं के बावजूद पाकिस्तानी 'अवस्थापना' ज्यादा विश्वसनीय, स्थिर तथा भविष्योन्मुखी है। अय्यूब, जिया और मुशर्रफ के साथ अमेरिका के अनुभव अच्छे रहे हैं। 'अवस्थापना' के हाथ में नाभिकीय सुरक्षा ज्यादा बेहतर है, जबकि इमरान किसी परेशानी वाली स्थिति में इसका प्रयोग लेनदेन के लिए कर सकते हैं। यह मुद्दा जरूर तय होना है कि अमेरिका पाकिस्तानी 'अवस्थापना' का सीधा शासन चाहेगा अथवा उसे वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन जैसे मुहरों के सहारे चलाना पसंद करेगा। अमेरिका का पाकिस्तानी 'अवस्थापना' के पक्ष में झुकाव ज्यादा समझ में आता है और यह बात पाकिस्तानी जनरलों के पक्ष में है।

# जम्मू-कश्मीर में पर्यटन की संभावनाएं

> जी-20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक जम्मू-कश्मीर के पर्यटन ढांचे को प्रदर्शित करने का अवसर है

**विनोद बहल**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जम्मू और कश्मीर में पर्यटन ने बड़ी प्रगति की है, यह स्पष्ट रूप से पर्यटक यातायात में अभूतपूर्व वृद्धि से स्पष्ट है। केंद्र शासित प्रदेश में पिछले साल पहले नौ महीनों में रिकॉर्ड 1.62 करोड़ पर्यटक आए थे। कोविड संबंधी प्रतिबंध हटने के बाद 1.8 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। पर्यटक यातायात में यह बड़ी वृद्धि बुनियादी ढांचागत समर्थन और कनेक्टिविटी के साथ-साथ घाटी में शांति और शांति के लिए अनुकूल वातावरण के संबंध में परिवर्तनकारी नीतिगत पहल का परिणाम है।

जम्मू-कश्मीर की नई पर्यटन नीति पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे पर जोर दे रही है - मौजूदा पर्यटक बुनियादी ढांचे में सुधार और जम्मू-कश्मीर पर्यटन द्वारा विकसित किए जा रहे 75 नए पर्यटन स्थलों पर बुनियादी ढांचे का निर्माण। 75 नए सूफी/धार्मिक स्थल, 75 नए सांस्कृतिक और विरासत स्थल और 75 नए ट्रैक हैं। नए गंतव्यों में बानी (कठुआ), ऐथेम, सुचेतगढ़, बसोली, सरथल, पंचेरी, रनसू और बुधल शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर सरकार फिल्म पर्यटन को काफी बढ़ावा दे रही है। नई पर्यटन नीति के तहत, जम्मू-कश्मीर में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए सिंगल-विंडो सुविधा प्रदान की गई है, इसके अलावा भारतीय और विदेशी फिल्म क्रू को ओबी वैन, हाउसबोट, शूटिंग उपकरण और पॉज़िट-प्रोडक्शन सुविधाओं सहित कई सुविधाएं प्रदान की गई हैं। सड़क संपर्क के मोर्चे पर, सड़क बुनियादी ढांचे में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है और पिछले तीन वर्षों में पीएमजीएसवाई के तहत 6912 किलोमीटर सड़क नेटवर्क का निर्माण किया गया है। 670 किलोमीटर लंबा दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे दिसंबर 2024 में पूरा होने वाला है। 16000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा 250 किलोमीटर लंबा जम्मू-श्रीनगर 4-लेन राजमार्ग 2025 तक पूरा हो जाएगा। यह बारहमासी सड़क कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगी, जिससे जम्मू और जम्मू के बीच सड़क यात्रा कम होगी। श्रीनगर से 4-5 घंटे। 270 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला परियोजना के पूरा होने के बाद साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में श्रीनगर रेल मानचित्र पर आ जाएगा। उधमपुर-कटरा और बनिहाल-काजीगुंड-बारामूला सेक्शन पर ट्रेनें पहले ही चलनी शुरू हो गई हैं।




जम्मू और कश्मीर को आधुनिक, तेज और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन और कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एक बड़ी केबल कार को बढ़ावा मिल रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के 1.25 लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय रोपवे विकास के हिस्से के रूप में, जम्मू-कश्मीर में कई रोपवे परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं। श्रीनगर में शंकराचार्य हिलॉक रोपवे परियोजना को आसान कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए विकसित किया जा रहा है। पहाड़ी की चोटी पर शंकराचार्य मंदिर में आने वाले आगंतुक। रियासी (जम्मू) में प्रसिद्ध वैष्णोदेवी मंदिर के पास शिव खोरी मंदिर में एक रोपवे परियोजना आ रही है, रियासी में भारत का पहला केबल-स्टे रेल पुल पहले ही पूरा हो चुका है। केबल कार परियोजनाएं राजौरी पुंछ, जम्मू में सनासर और कश्मीर में सोनमर्ग में सात झीलों पर भी आ रहे हैं।ये केबल कार परियोजनाएं धार्मिक पर्यटन को एक बड़ा जोर देंगी।

कश्मीर के शो-विंडो श्रीनगर को मेट्रो रेल से स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रेजीडेंसी रोड, मौलाना आजाद रोड और एयरपोर्ट रोड सहित सभी प्रमुख सड़कों का उन्नयन किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध मुगल गार्डन और लक्ज़री होटलों की ओर जाने वाली सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है। सबसे पहले, वाई-फाई ज़ोन स्थापित करने के अलावा, पूरे शहर में साइकिल ट्रैक बिछाए जा रहे हैं। दुबई का प्रमुख एम्मार समूह 60 मिलियन अमरीकी डालर के निवेश से एक बड़ा शॉपिंग मॉल और सिनेप्लेक्स स्थापित कर रहा है।

जी-20 टूरिज्म मीट में जम्मू क्षेत्र की पर्यटन क्षमता, खासकर ईको-टूरिज्म को भी दिखाया गया है, जिस पर जी-20 काफी जोर दे रहा है। पटनीटॉप डेवलपमेंट अथॉरिटी ने जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए अपने ऊंचाई वाले घास के मैदानों में फूलों की घाटी भी बनाई है। इसके अलावा, एम्पायरियन पटनीटॉप द्वारा स्काईव्यू को हिमालय में 22 एकड़ में फैली अपनी तरह की पहली समग्र जीवन शैली और अवकाश गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें गोंडोला राइड (भारत का उच्चतम अंतरराष्ट्रीय स्तर का टिकाऊ रोपवे) है, जिसमें लक्ज़री स्टे, एफ एंड बी प्रसाद हैं। शॉपिंग और सॉफ्ट एडवेंचर गतिविधियां जैसे कि ऑल-सीज़न ड्राई ट्यूबिंग स्लेज और एशिया की सबसे लंबी ज़िग-ज़ैग ज़िपलाइन, हाइकिंग और ट्रेकिंग।

# आप की बात

## गौरव के क्षण

**भारत** देश के वासियों के लिए गर्व की अनुभूति वाले क्षण तब आए जब पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारेप न केवल परंपरा के विपरीत सूर्यास्त के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेने एयरपोर्ट आए बल्कि उनके पैर छूकर सम्मान भी किया। उधर जो बाईडेन के दिए ऑटोग्राफ वाले वक्तव्य ने भी भारतीयों को गौरवान्वित किया। ये घटनाएं देश के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता की प्रत्यक्ष परिचायक हैं। इससे सभी भारतवासियों, प्रवासी भारतीयों व भारतीय मूल के लोगों का सम्मान बढ़ता है। लेकिन विडंबना है कि देश के कुछ राजनीतिज्ञ अपने निहित संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थों के कारण यह भावना समझ ही नहीं पाते हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया भर में मिलने वाले इस सम्मान से परेशान भी दिखाई पड़ रहे हैं। केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के नेता ऐसे अवसर पर प्रधानमंत्री को कम पढ़ा बता कर उनके लिए अशिष्टता का प्रदर्शन करते हैं। मोदी-विरोधी नेताओं को सोचना होगा कि उनका अंध मोदी-विरोध उनकी राजनीतिक जड़ें खोदने का ही काम करेगा। देश के युवा ऐसे संकुचित दृष्टिकोण वाले राजनेताओं से किसी कीमत पर भी प्रभावित होने वाले नहीं हैं। मोदी का सम्मान सभी भारतीयों का सम्मान है।

– **मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

## भारत का सम्मान

**विश्व समुदाय** आज भारत की बात सुन रहा है। जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान रविवार को जापानी अखबारों में प्रधानमंत्री मोदी छाए रहे। उन्होंने यूक्रेन संकट को मानवीय मुद्दा करार देते हुए जेलेन्स्की को आश्वस्त किया था कि वे संकट समाधान के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री ने अपने इस वक्तव्य से जिस तरह विश्व समुदाय का ध्यान अपनी ओर खींचा इसने पूरे विश्व को प्रभावित किया है। भारत एक प्राचीन राष्ट्र है यह करीब डेढ़ अरब लोगों के जोड़ने का इतिहास और भूगोल का अंग ही नहीं है, मात्र एक देश भी नहीं है यह सांस्कृतिक अनुभूति है। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है परन्तु सैकड़ों वर्षो की गुलामी में देश की तमाम धरोहरें खो गई है। पूर्व में मूल्यवान पांडुलिपिया और पुस्तकालयों को जला दिया गया अनेक कलाकृतियां अनैतिक तरीके से देश से बाहर ले जाई गई। लेकिन अब भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा के कारण अनेक देशों ने इन धरोहरों को वापस करना शुरू किया है। स्वतंत्रता के बाद के कई दशकों में 20 से भी कम कलाकृतियां भारत आई लेकिन पिछले 9 वर्षों में लगभग 240 कलाकृतियां वापस लाई गई है।

– **परमवीर केसरी,** मेरठ

## नोट-वापसी

**नीति आयोग** के पूर्व वाइस चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया की ओर से आरबीआई द्वारा 2,000 रुपये के नोट वापस लेने की घोषणा पर कहा कि केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अर्थव्यवस्था या मौद्रिक नीति पर सीधा कोई असर नहीं होगा। क्योंकि मौजूदा 2000 के नोटों को सरकार द्वारा छोटी वैल्यू के नोटों से बदल दिया जाएगा। इसका उद्देश्य कालेधन का अर्थव्यवस्था में चलन को कम करना है। सरकार जल्द इसकी वैल्यू के नोटों को छोटी वैल्यू के नोटों से रिप्लेस कर देगी और पैसे की आपूर्ति पर इसका कोई असर नहीं होगा। 2,000 रुपये के नोट वर्तमान में जनता के हाथों में कुल नकदी का केवल 10.8 प्रतिशत हैं और इसमें से भी ज्यादातर राशि का उपयोग संभवत: अवैध लेनदेन में होता है। रिज़र्व बैंक ने दो हज़ार रुपये के नोटों को वापस लेते हुए कहा है कि ये बैंक की क्लीन नोट पॉलिसी के तहत किया जा रहा है। आरबीआई के इस कदम से आतंकवादियों को वित्तीय पोषण करने वाले संगठनों, रिश्वतखोरों, जमाखोरों, बेईमानों व असामाजिक तत्वों की कमर टूटेगी। इस कदम के दूरगामी परिणाम भी देखने को मिलेंगे।

– **सीमा कुमारी,** नई दिल्ली

## महत्वपूर्ण आयोजन

**श्रीनगर** में होने जा रही जी 20 बैठक पर दुनिया भर की नजरे लगी हुई है। कश्मीर घाटी में धारा 370 हटाने के बाद होने वाली यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। हमारे दुश्मन देश, खासकर पाकिस्तान व चीन चाहते थे कि यह बैठक श्रीनगर में न हो। वे इस हेतु अड़ंगे भी लगा रहे हैं, संयुक्त राष्ट्र में जाकर गिड़गिड़ा रहे हैं कि वह इस पर रोक लगाए। लेकिन आज संयुक्त राष्ट्र संघ में भी हमारे देश की स्थिति मजबूत है कि आज हर कोई चाहता है कि भारत के श्रीनगर में होने वाली यह बैठक निर्विघ्न संपन्न हो। भारत के लिए श्रीनगर में जी 20 समूह की मीटिंग एक बड़ी चुनौती है अत: इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए दुनिया भर के 60 से भी अधिक प्रतिनिधि तथा 20 से भी अधिक पत्रकारों का समूह यहां आया है। अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद कश्मीर ने असाधारण व अभूतपूर्व प्रगति की है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं, रोजगार बढ़ रहे हैं तथा आम लोगों के जीवन में शांति व समृद्धि आई है। यह आयोजन दुनिया को पुन: उपलब्धि बताने का अवसर है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# पहले जनता का ध्यान फिर देव अनुष्ठान

**● गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान लगातार तीन दिन जनता से मिले मुख्यमंत्री योगी**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

'**जनता** प्रथम' के भाव से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार तीसरे दिन जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान के प्रति आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री का यह प्रवास धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़ा था लेकिन उन्होंने प्रतिदिन पहले जनता का ध्यान रखा फिर देव अनुष्ठान किया।

गोरखनाथ मंदिर में नवीन देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री बीते शुक्रवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे थे। शुक्रवार शाम और शनिवार-रविवार दोनों पहर वह मंदिर परिसर के कार्यक्रमों से जुड़े। इसके अलावा सोमवार पूर्वाह्न वह महराजगंज के चौक बाजार में स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने पहुंचे। इस बीच गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान तीन दिन (शनिवार, रविवार व सोमवार) लगातार उन्होंने अनुष्ठान से जुड़ने से पूर्व जनता दर्शन का आयोजन किया। सोमवार को जनता दर्शन में उन्होंने करीब तीन सौ लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं अधिकारियों को शीघ्रता से निस्तारण के लिए निर्देशित किया। सोमवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार करने वाले अधिक रहे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उपचार के लिए धन की व्यवस्था वह कराएंगे। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में आर्थिक मदद संबंधी आवेदनों पर अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराकर शासन को भेजें। यूपी में मुख्यमंत्री द्वारा इलाज में भरपूर मदद देने की ख्याति दूर दूर तक है। इसकी एक झलक सोमवार को जनता दर्शन में भी देखने को मिली। बिहार से एक महिला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। उन्होंने इत्मीनान से महिला की समस्या सुनीं। पूछा, क्या बिहार में उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। महिला द्वारा नहीं में जवाब देने पर उन्होंने उसका आवेदन अधिकारियों को हस्तगत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में हिस्सा न लेने वाले कांग्रेस नेताओं से जवाब-तलब

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित न रहने पर पार्टी के कई नेताओं को नोटिस थमा दिया है। इस नोटिस में नेताओं से कार्यक्रम में मौजूद न रहने का कारण पूछा गया है। जवाब के लिए नेताओं को तीन दिन का समय दिया गया है। अनुपस्थित रहने वाले नेताओं से तीन दिन में वजह बताने को कहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस कार्यक्रम में कई नेता मौजूद नहीं रहे थे। इसे लेकर खाबरी अब एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में नेताओं के न पहुचने पर दुख जताया है। उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले नेताओं से तीन दिन में वजह बताने को कहा है। जिन नेताओं से इस बारे में पूछा गया है उनमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, विधानसभा चुनाव और निकाय चुनाव में मेयर या पार्षद पद के उम्मीदवार रहे नेताए फ्रंटल संगठनों के नेताए पार्टी के विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि देश के लिए शहीद हुए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में आपके न आने से मुझे और कांग्रेस परिवार को बहुत दुख हुआ।

# प्रदेश में बिजली चोरी रोकने के लिए रात में पेट्रोलिंग करें अफसर : एम. देवराज

**● पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने लखनऊ में बिजली आपूर्ति को लेकर अधिक तत्परता बरतने के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में बढ़ रही गर्मी के कारण विद्युत की मांग में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसी स्थिति में उप्र पावर कारपोरेशन प्रबन्धन प्रदेश में सबको निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश में कही भी ट्रांसफार्मर सहित किसी सामग्री की कमी नहीं है। कारपोरेशन के पास मांग के अनुरूप विद्युत उपलब्धता भी है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम. देवराज ने सोमवार को प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि गर्मी से परेशान जनता को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो इसके लिए वितरण, पारेषण एवं उत्पादन निगमों के अधिकारी युद्धस्तर पर कार्य करें। पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल तथा डिस्काम एवं केस्को कानपुर के प्रबन्ध निदेशकों सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से उन्होंने आपूर्ति सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के लिए पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने सभी निगमीय अभियंताओं अधिकारियों को तैनाती स्थल पर ही बने रहने के निर्देश दिए हैं। सभी को हिदायत दी गई है कि लोकल फाल्ट को तेजी से न्यूनतम अवधि में ठीक किया जाए और उपभोक्ताओं के फोन जरूर उठाए जाएं। कटिया आदि के जरिए की जाने वाली बिजली की चोरी पकड़ने के लिए रात में भी चेकिंग करने के लिए अफसरों को फील्ड में निकलने के निर्देश भी दिए गए हैं। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा है कि आपूर्ति ठप होने पर उसे तत्काल ठीक कराएं। लोकल फाल्ट को जल्द ठीक कराने के लिए पर्याप्त कर्मचारी व ट्रांसफार्मर आदि उपलब्ध रहें। अवर अभियंता से लेकर सभी अधिकारी अपनी तैनाती स्थल पर ही रहें। बिजली की कटौती करने की स्थिति में उपभोक्ताओं को उसके बारे में सही जानकारी दी जाए। सभी के फोन जरूर उठाए जाएं। फोन न उठाए जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। देवराज ने निर्देश दिए कि सितंबर तक बिजली आपूर्ति को लेकर प्रबंध निदेशक प्रतिदिन अपने अधीनस्थों से जानकारी लें। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बिजली आपूर्ति को लेकर अधिक तत्परता बरती जाए। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी आपूर्ति पर नजर रखी जाए। प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूम बनाकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। मांग के मुताबिक बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है। बिजली की और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था कर प्रदेशवासियों को शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश रहेगी। देवराज के मुताबिक रात में बिजली चोरी के चलते कई जगह ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं जिससे उनके खराब होने पर आपूर्त्ति ठप होने की आशंका रहती है। ऐसे में उन्होंने रात में सभी से फील्ड में निकलकर कटिया आदि के जरिए हो रही बिजली चोरी को पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान चलाने को निर्देश दिया है। अध्यक्ष का मानना है कि चोरी पर कड़ाई से अंकुश लगने पर आपूर्ति व्यवस्था और बेहतर होगी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रात्रि पेट्रोलिंग करें।

# 2024 में कांग्रेस सरकार बनते ही एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कहा है कि 2024 में कांग्रेस की सरकार बनते ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार पर चोरी से एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा खत्म कर देने का आरोप लगाया है। आलम ने कहा कि मोदी सरकार ने संसद के अंदर बिना विपक्ष को जानकारी दिये बहुत सारे कानूनों में बदलाव के साथ-साथ चुपके से एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे को भी बदल दिया है। जिसे 1981 में इंदिरा गांधी सरकार ने दिया था।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एएमयू से इसलिए भी बैर रखती है कि वहां के छात्र लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करते हैं। जिसके उदाहरण के बतौर सीएए-एनआरसी विरोधी आंदोलन और फरवरी 2014 में सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के एएमयू दौरे का विरोध देखा जा सकता है जिन्होंने यूपीए 2 सरकार द्वारा लाए जा रहे सांप्रदायिक हिंसा विरोधी बिल का भाजपा के साथ मिलकर विरोध किया था। जिससे वहाँ के छात्र और शिक्षक नाराज़ थे। उन्होंने कहा की इसी वजह से मोदी सरकार ने इस महान संस्था का बजट भी कम कर दिया। जिसके खिलाफ अल्पसंख्यक कांग्रेस ने 16 जुलाई 2022 को हर ज़िले से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेज कर विरोध दर्ज कराया था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि सरकार का यह तर्क कि एएमयू को मुसलमानों ने नहीं बनाया था बल्कि इसका निर्माण सरकार द्वारा पारित ऐक्ट से हुआ था, इसलिए उसे अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा नहीं दिया जा सकता, ऐतिहासिक तौर पर झूठ और हास्यस्पद है। उन्होंने कहा कि इस तर्क के आधार पर तो यह भी कहा जा सकता है कि देश को स्वतंत्रता गांधी, नेहरू और उनके नेतृत्व में इसके लिए लड़ने वाले लाखों लोगों ने नहीं दिलवाई बल्कि ब्रिटिश संसद में पास हुए इंडिया इंडिपेंडेस् ऐक्ट 1947 के कारण भारत आज़ाद हुआ था। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस पूरे प्रदेश में अलीगढ़ विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे को बहाल करने के लिए अभियान चलाएगी।

# सिर्फ पूजा पाठ करना ही धर्म नहीं, दायित्वों के साथ जुड़ना भी धर्म का ही अंग : योगी आदित्यनाथ

**● महाराजगंज में ज्योतिर्लिंग की प्राण पुर्नप्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकमंगल की भावना से नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करना ही सच्चा धर्म है। यदि हम सभी अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करने लग जाएं तो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने में देर नहीं लगेगी।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को महाराजगंज के चौक बाजार स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर में ज्योतिर्लिंग प्राण पुनर्प्रतिष्ठा प्रतिष्ठा एवं मंदिर पुनरोद्धार के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री शिव महापुराण कथा व रुद्र महायज्ञ की भी पूर्णाहुति हुई। उपस्थित जनसमूह को हनुमान जी के लंका गमन का एक प्रसंग सुनाकर मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म और धर्म के निहितार्थ का मर्म समझाया। उन्होंने कहा कि भारत की ही सनातन परंपरा है कि हमने जीव मात्र के कल्याण की बात तो की ही, सबके सुख की कामना के साथ दुनिया को भी परिवार माना। जगत के प्रत्येक वस्तु चाहें वह जड़ हो या चेतन, उसके प्रति श्रद्धा का भाव रखा। किसी ने आप के प्रति कुछ भी कल्याण का कार्य किया है, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना सनातन धर्मावलंबियों की सबसे प्रमुख पहचान है। इसे हमने धर्म का हिस्सा माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सनातन धर्म हमें सृष्टि की हर वस्तु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की प्रेरणा प्रदान करता है। यही कारण है हजारों वर्षों की विरासत को लेकर हम लोग दुनिया के अंदर चल रहे हैं। संकट-चुनौतियां आई होंगीं लेकिन उस संकट में मार्ग निकालकर आगे बढ़ना इसको हर सनातन धर्मावलंबी बखूबी जानता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में तमाम मत, मजहब, संप्रदाय आए। कुछ आए और चले गए, समाप्त हो गए, उनका नामोनिशान मिट गया। कुछ हैं, कुछ आने वाले समय में भी आएंगे। उनकी विशिष्ट पहचान हो सकती है, कुछ देर के लिए वह भले ही बढ़ सकते हैं। पर हमारा सनातन धर्म हर देशकाल, परिस्थिति में इसी प्रकार अपने वर्चस्व को बनाए रखेगा। लोकमंगल की कामना करते हुए आगे बढ़ता रहेगा। हम सबका दायित्व बनता है सनातन में निहित लोकमंगल की भावना से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिर्फ पूजा पाठ करना ही धर्म नहीं है। अपने दायित्वों के साथ जुड़ना भी धर्म का ही अंग है। महराजगंज में बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी व अन्य विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने कोई विकास का कार्य किया तो उसको सुरक्षित रखनाए उसका संरक्षण करना हमारा दायित्व बनता है। इस दायित्व को भी धर्म की तरह समझें। विकास कार्यों के संरक्षण का दायित्व समझाते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकास के लिए सरकार अपनी जेब से पैसा नहीं देती है। बल्कि यह जनता का ही पैसा है। जनता के एक-एक पैसे को जोड़कर हम विकास के लिए भेजते हैं। उसी पैसे से फ्री में राशन देते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति के बच्चों को छात्रवृत्ति देते हैं। उसी पैसे से प्राइमरी स्कूल के बच्चों को फ्री में यूनिफॉर्म देते हैं।

### प्रधानमंत्री ने बढ़ाया दुनिया में भारत का सम्मान

**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि कल दुनिया के अंदर दो अद्भुत घटनाएं घटित हुईं। पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पैर छूकर सम्मान किया। दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के देश अमेरिका के राष्ट्रपति भी कहते हैं पीएम मोदी की लोकप्रियता देखकर उन्हें ऑटोग्राफ लेने की इच्छा होती है। पीएम मोदी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का यह भाव हर भारतवासी का सम्मान है। यह 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की तरह अच्छे कार्य करके हम भी अपने गांव, क्षेत्र, जनपद व प्रदेश में सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। सम्मान तभी मिलता है जब अच्छा कार्य किया जाता है।

# शहरों में तेजी से बढ़ रही है आबादी, योजना बनाकर ही हों विस्तार के कार्यः दुर्गा शंकर

**● मुख्य सचिव ने नगरीय निकायों के नवनियुक्ति अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण के समापन सत्र को किया सम्बोधित**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि कहा कि बेहतर जीवन जीने की अवधारणा तेजी से बढ़ रही है और इस वजह से शहरों में जनसंख्या भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2011 में प्रदेश के शहरों में 31 प्रतिशत आबादी निवास कर रही थी, जो अब बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है।

मुख्य सचिव नगरीय निकायों के नवनियुक्ति अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देने के साथ ही मार्गदर्शन किया। विशेष समारोह का आयोजन नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा नवनियुक्त उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) सेवा के अधिशासी अधिकारी-सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता (ट्रैफिक), अधिशासी अधिकारी (नगर पंचायत) एवं राजस्व निरीक्षकों के आधारभूत प्रशिक्षण के समापन पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने जिलों में जाकर उस जिले का स्थापना दिवस मनाए। हर साल जब स्थापना दिवस मनाया जाए, तब यह देखा जाना चाहिए कि एक साल के अंदर जनपद ने कितनी प्रगति की और भविष्य की क्या संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारियों योजनाओं की सफलता और जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। देश में इस समय बदलाव की लहर चल रही है, हर इंसान तरक्की करना चाहता है और इसी वजह से वह शहर की ओर आ रहा है।

उन्होंने कहा कि शहर ही आर्थिक विकास का मुख्य आधार है और ग्रामीण क्षेत्र उत्पादन का आधार है। उन्होंने कहा कि शहर में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन से लेकर हर प्रकार की सुख-सुविधाएं पानी, बिजली, गैस, मकान उपलब्ध हैं, इसलिए लोग यहां आना चाहते हैं और हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने शहरों को साफसुथरा और हर दृष्टिकोण से बेहतर बनाएं।

# कांग्रेसजन अधिक मेहनत से काम करें : खाबरी

**● लोकसभा चुनाव को हमें चुनौती के रूप में करना होगा स्वीकार**



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में विगत दिनों सम्पन्न हुए नगर निकाय चुनाव की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेंद्र चौधरी, योगेश दीक्षित, अनिल यादव के अलावा प्रदेश पदाधिकारी एवं समस्त जिला व शहर अध्यक्ष मौजूद रहे। प्रत्येक जोन की अलग-अलग बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रांतीय अध्यक्षों द्वारा ली गई। बैठक में विधानसभा की तुलना में बढ़े हुए मत प्रतिशत को आगामी लोकसभा चुनाव में किस प्रकार से और अधिक बढ़ाया जा सके तथा चुनाव जीतने में कामयाब हो सके इस पर गहन चर्चा हुई। नगर निगम चुनाव में मुरादाबाद, शाहजहांपुर, तथा झांसी में पार्टी का प्रदर्शन अन्य की तुलना में बेहतर रहा। शासन एवं प्रशासन के एकतरफा रवैये के बावजूद कांग्रेस दूसरे स्थान पर तथा गाजियाबाद, बरेली, कानपुर, प्रयागराज लखनऊ वाराणसी में तीसरे स्थान पर रही। पार्टी प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी सबकी बात गंभीरता से सुनी तथा कांग्रेसजनों को और अधिक मेहनत से काम करने की नसीहत दी और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को हम सभी को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए कड़ा मुकाबला कर अधिक से अधिक सीटे जीतने का लक्ष्य हासिल करना होगा।

# अनुमोदित परियोजनाओं को महाकुम्भ मेला से पूर्व सुनिश्चित कराएं : सीएस

**● विभिन्न विभागों की 340.59 करोड़ रुपए लागत की 87 परियोजनाएं अनुमोदित**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुम्भ मेला-2025 की शीर्ष समिति की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शीर्ष समिति की प्रथम एवं द्वितीय बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं की अद्यावधिक स्थिति से अवगत कराया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि अनुमोदित सभी परियोजनाओं का कार्य महाकुम्भ मेला से पूर्व निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराया जाए। महाकुम्भ मेला-2025 का लोगो और थीम बना लिया जाए।

बैठक में चर्चा के उपरान्त उप्र पावर कारपोरेशन लि. की 66.26 करोड़ रुपये लागत की 10 परियोजनाओं, लोक निर्माण विभाग की 156.02 रुपये की लागत की 37 परियोजनाओं, उप्र जल निगम की 15.07 करोड़ रुपये की 3 परियोजनाओं, मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की 56.05 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं, स्वास्थ्य विभाग की 38.79 करोड़ रुपये लागत की 18 परियोजनाओं, नगर निगम प्रयागराज की 4.53 करोड़ रुपये लागत की 1 परियोजना तथा उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम लि. की 3.87 करोड़ रुपये लागत की 6 परियोजनाओं, इस प्रकार कुल 340.59 करोड़ रुपये लागत की 87 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**प्रयागराज में एलटी ओवरहेड लाइनों को भूमिगत, विद्युत उपकेन्द्रों व ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि**-नये उपकेन्द्रों व ट्रांसफार्मर की स्थापना, क्षतिग्रस्त लाइनों का परिवर्तन व नई लाइन बिछाने का कार्य करया जायेगा। लोक निर्माण विभाग की अनुमोदित परियोजनाओं में मार्गों के चौड़ीकरण, सतह सुधार, सुदृढ़ीकरण, इण्टरलाकिंग मार्ग का चौड़ीकरण व मार्गों के नवनिर्माण के प्रस्ताव शामिल हैं। उप्र जल निगम की अनुमोदित परियोजनाओं से नलकूपों के रिबोर, मेला क्षेत्र में स्थाई पाइप लाइन बिछाने एवं नलकूप निर्माण आदि कार्य कराये जायेंगे।

स्वास्थ्य विभाग की अनुमोदित परियोजनाओं से तेज बहादुर स चिकित्सालय परिसर में शौचालय ब्लॉक का निर्माण, सभी वार्डों में स्थित शौचालयों की मरम्मत, वार्डों का मरम्मत एवं उच्चीकरण, पार्किंग व 30 शैय्यायुक्त रैन बसेरा का निर्माण, 20 नये प्राइवेट वार्ड मय मूलभूत सुविधाओं के साथ निर्माण, सड़क निर्माण, एसटीपी एवं सीवर लाइन का निर्माण, ब्लड बैंक का विस्तारीकरण एवं उच्चीकरण किया जायेगा। इसी तरह जिला महिला चिकित्सालय में एसटीपी एवं नये सीवर लाइन के निर्माण, नये रैन बसेरा, शौचालय ब्लाक व लॉन्ड्री भवन का निर्माण आदि कराया जायेगा। नगर निगम प्रयागराज (जलकल विभाग) की अनुमोदित परियोजनाओं से नलकूपों का निर्माण एवं सहायक कार्य कराये जायेंगे। इसी प्रकार उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम लि. की अनुमोदित परियोजना से मूरतगंज बस स्टेशन का निर्माण, वर्कशॉप की रिमॉडलिंग का कार्य, आरएम कार्यालय राजापुर प्रयागराज में कंट्रोल रूप का निर्माण आदि कराया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं मेलाधिकारी कुम्भ विजय किरन आनंद और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्त प्रयागराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कानपुर के बाद प्रयागराज में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा

**● एटीएस ने तीन स्थानों पर अवैध एक्सचेंज संचालित कर रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया**







**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बाद अब आतंकवाद निरोधक दस्ते ने प्रयागराज में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा किया है। एटीएस ने प्रयागराज में तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 814 सिम एवं 10 अवैध सिमबॉक्स बरामद हुए।

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते की वाराणसी फील्ड इकाई द्वारा थाना धूमनगंज क्षेत्र में बीती रात दबिश देकर तीन अभियुक्तों मोहम्मद सरफ राज अहमद सिद्दीकी निवासी इंगुआ उर्फ काठगांव, थाना पिपरी, कौशाम्बी, वाजिद सिद्दीकी निवासी इंगुआ उर्फ काठगांव, थाना पिपरी, कौशाम्बी और मोहम्मद अमन सिद्दीकी निवासी बेगम सराय, निकट सलमा हाउस मुंडेरा मण्डी, थाना धूमनगंज, प्रयागराज को गिरफ्तार कर भारी मात्रा मे इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार उपकरण आदि बरामद किए।

गिरफ्तार तीनो अभियुक्तों द्वारा प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में ही तीन भिन्न-भिन्न स्थानों पर अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित किए जा रहे थे। यह भी उल्लेखनीय है कि एटीएस इकाई कानपुर द्वारा 19 मई को 17 सिम बॉक्स, 4000 प्री-एक्टीवेटेड सिम कार्ड्स, मॉडम राउटर, मोबाइल आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। एटीएस के अनुसार मीडिया में यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद मोहम्मद सरफराज अहमद सिद्दीकी, वाजिद सिद्दीकी, मोहम्मद अमन सिद्दीकी द्वारा आनन-फानन में स्वयं के द्वारा संचालित अवैध टेलीफोन एक्सचेंज को छिन्न-भिन्न कर सभी सामान समेटकर कहीं भागने की युक्ति बना रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि गैंग का आसिफ निवासी गोवण्डी मुम्बई हमारा लीडर है, जो टीम व्यूअर एवं एनीडेस्क के माध्यम से सब कॉन्फीगर करता था एवं सिम और सिमबॉक्स भी वहीं से बस या कोरियर के माध्यम से भेजता था और पैसे भी उपलब्ध कराता था। गिरफ्तार अभियुक्तगण टेक्नीकल योग्यता न होने के बावजूद भी तकनीकी रूप से टेलीफोन एक्सचेंज चलाने में सक्षम हैं। एटीएस के अनुसार बरामद सिम बॉक्स अत्याधुनिक कोटि के हैं जिनमें 6-6 घंटे पर स्वत: नंबर बदलते रहते हैं जबकि सामान्य सिम बॉक्स मे यह कार्य मैन्युअली किया जाता है। इन अत्याधुनिक सिम बॉक्स मे ई-सिम का भी प्रयोग किया जा रहा था। इस प्रकार की देशविरोधी एवं गैरकानूनी कार्य के लिए संभवत: इन्हें मुंबई में बैठे सरगनाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता था, जिसकी जांच की जा रही है। शेष अभियुक्तों एवं गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के विरुद्ध साक्ष्य संकलन का कार्य जारी है। बड़ी संख्या में प्री- एक्टीवेटेड सिम देने वाले रिटेलर्स भी एटीएस के राडार में हैं, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बलिया नाव हादसे का सीएम ने लिया संज्ञान, राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बलिया में हुए नाव हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुंडन संस्कार के लिए लोगों को लेकर जा रही एक मोटर चालित नाव गंगा नदी में सोमवार को हादसे का शिकार हो गई है। इस हादसे में अभी तक कई लोगों की मौत और कई की हालत गंभीर बनी हुई है। जिला प्रशासन की टीम एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की मदद से नदी में डूबे लोगों की खोज में जुटा हुआ है।

# प्रचंड गर्मी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के ज्यादातर हिस्से जबरदस्त गर्मी की चपेट में हैं, मगर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से एक-दो दिन बाद लोगों को कुछ राहत मिलने की संभावना है।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने सोमवार को को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान भी राज्य के ज्यादातर मंडलों में प्रचंड गर्मी का दौर रहा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर सक्रिय हो रहा है जिसके फलस्वरूप एक-दो दिन बाद कई हिस्सों में आंधी-बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है और लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि दो दिन के बाद प्रदेश के ज्यादातर मंडलों में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की उम्मीद है और उसके अगले पांच दिनों तक मौसम सुहावना रहने की संभावना है। मौसम केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भीषण लू का प्रकोप रहा। इस दौरान प्रदेश के आगरा मंडल में दिन के तापमान में काफी वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, लखनऊ आगरा तथा प्रयागराज मंडलों में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान प्रयागराज, कानपुर, झांसी तथा आगरा मंडलों में रात के तापमान में भी खासी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। लखनऊ तथा आगरा मंडलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। रिपोर्ट के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के पश्चिमी भागों में अनेक स्थानों पर तथा पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर बारिश होने अथवा गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है।

## स्ट्रीट चिल्ड्रेन- बाल भिक्षावृति पर जनपद में चला जागरूकता और रेस्क्यू अभियान

# भिक्षावृति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अभिशाप

● तीन बच्चों को चिन्हित कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।



**स्ट्रीट** सिचुएशन पर जीवन यापन करने वाले बच्चों को चिन्हित कर पुनर्वासित कराए जाने हेतु जनपद में रेस्क्यू अभिय संचालित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन में एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य मुनीश सिंह परिहार के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान पुवायां में विभिन्न स्थानों पर बच्चों को चिन्हित करने हेतु चलाया गया अभियान के सम्बंध में हॉट स्पॉट चिन्हित किए जाने व लिप्त बच्चों को उनके परिवारों मे पुनर्वास करने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही बच्चों को शिक्षा से जोड़कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने व विभिन्न क्षेत्रों में सड़क पर जीवन यापन करने वाले बच्चों व बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया। कई जगहों पर स्थित बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त बच्चों के चिन्हीकरण एवं पुनर्वास हेतु मुख्य हॉट स्पर्ट चिन्हित किए गए तथा यात्रियों, दुकानदारों को जागरूक किया गया । बच्चे इस देश की धरोहर हैं और देश के भविष्य है इसलिए बच्चों की पढ़ाई, खेल, खानपान के प्रति संबंधित वयस्क को विशेष ध्यान देना चाहिए, भिक्षावृत्ती में लिप्त नहीं करना चाहिए क्योंकि भिक्षावृत्ति किसी भी समाज के लिए व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिशाप है। इसी क्रम में व्यवसायियों से अपील की कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों व किशोरों को भिक्षावृत्ति में लिप्त पाए या भीख मांगते हुए देखे तो तुरंत चाइल्डलाइन टोल फ्री नम्बर 1098 पर सूचित करे। टीम ने बताया कि शासन स्तर से विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसमे ऐसे बच्चे व गरीब परिवारों को मदद की जरूरत है वो जिला प्रोबेशन कार्यालय में आकर संपर्क करे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। अभियान का नेतृत्व बाल कल्याण समिति से सदस्य मुनीश सिंह परिहार, ने चलाये गये अभियान में तीन बच्चों को चिन्हित कर बाल कल्याण समिति शाहजहांपुर के समक्ष प्रस्तुत किया बाल कल्याण समिति मे निर्णय के दौरान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति अमितेश अमित,सदस्य बाल कल्याण समिति रामोतार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## आज रोजगार मेले का होगा आयोजन

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिला** रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर, में 25 मई को प्रात: 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा असिस्टेन्ट मैनेजर, ब्लाक हेड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेलीकॉलर, सुपरवाइजर आदि पदो हेतु भर्ती किया जाना है। इसमें हाईस्कूल, इण्टर स्नातक, व आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, का चयन वेतनमान 10 हजार से 15 हजार तक के पदों पर किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं फोटो सहित उक्त तिथि को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर से सम्पर्क कर सकते है।

# निकाय के पार्क में स्थापित किया गया रिड्यूज-रीयूज-रिसाइकि सेन्टर

**संवाददाता।** मैलानी



**नगर** पंचायत मैलानी द्वारा मेरी लाईफमेरा स्वच्छ शहर अभियान के तहत रिड्यूज.रियूज.रिसाइकि सेन्टर निकाय के पार्क में स्थापित किया गया हैं। इसी क्रम में निकाय के पार्क में स्थित त्त् सेन्टर का उद्घाटन नवनिर्वाचित अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी महोदय द्वारा किया गया। निकाय द्वारा स्थापित त्त् सेन्टर में बुक बैंक, इलेक्ट्रानिक बैंक, खिलौना बैंक, कपड़ा बैंक, जूता बैंक, बर्तन बैंक, फर्निचर बैंक, प्लास्टिक बैंक, आदि के लिए अलग-अलग कम्पार्टमेंट की व्यवस्था की गयी है। जिससे लोगों को यहाँ सामान जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष महोदया द्वारा लोगों से ये अपील की गयी कि वे अपने अनुपयोगी सामान जैसे. पुरानी किताबें, पुराने कपड़े, पुराने जूते एवं चप्पल, पुराने प्लास्टिक के सामान, पुराने इलेक्ट्रानिक के सामान, पुराने बर्तन, पुराने लकड़ी के फर्निचर इत्यादि को न फेंक कर निकाय के सेन्टर पर जमा करें जिससे जरूरतमंदों को मदद भी मिल सके और शहर भी स्वच्छ बना रहे। इस कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, भवानी शंकर माहेश्वरी ऊर्फ बंटी भईया समाज सेवीए आनन्द कुमार मौर्य, हरिहर दत्त मिश्रा, शिवगोविंद कुशवाहा शक्ति केन्द्र सयोजक, गुरमीत कौर अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, राजेश सिंह, आशमा बानो मंडल महामंत्री, विपुल गुप्ता, विजय कुमार, अमित अरोरा व्यापार मंडल महामंत्री, गोपाल सिंघल जिला मीडिया प्रभारी, रामौतार शर्मा, आशीष प्रजापति, मेहुल प्रजापति, एवं दिलशाद हुसैन, इमरान, राहुल शर्मा, दिनेश, मनोज, बब्लू निकाय कर्मी उपस्थित रहे।

# खराब प्रदर्शन करने वाले तीन आयुष्मान मित्रों की सेवा समाप्त करने का डीएम का निर्देश

● डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शासन की विशेष प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से सम्बन्धित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारी संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें एवं नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आम जनमानस को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी को कड़े निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें एवं लापरवाही बिल्कुल ना करें। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जाने की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले तीन आयुष्मान मित्रों की सेवा समाप्त किए जाने हेतु कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के जिला समन्वयक द्वारा लापरवाही बरतने पर शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में स्थापित सभी हेल्थ एटीएम के नियमित रूप से संचालित कराए जाने के निर्देश भी दिए। गौशालाओं के निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाले खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार प्रति सप्ताह कम से कम दो गौशालाओं का निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करें। मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राप्त निरीक्षण आख्याओं को संकलित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा एटीआर भी प्रस्तुत करें।

# विधायक ने रैली को दिखाई हरी झंडी

● ट्रिपल आर सेंटर के संबंध में शहर को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मेरी** लाइफ मेरा स्वच्छ शहर अभियान के तहत जिले भर में नगर निकाय ट्रिपल आर सेंटरों की स्थापना कर रहे हैं। इन सेंटरों पर घरों से निकलने वाले अनुपयोगी सामान को कलेक्ट करके उसे रिड्यूस रियूज और रिसाइकिल किया जाएगा। नगर पालिका परिषद लखीमपुर कई स्थानो पर ट्रिपल आर सेंटर स्थापना की है। इसके लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। विधायक सदर योगेश वर्माए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एडीएम संजय सिंहए नपाप अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने जन जागरूकता रैली एवं स्वच्छ रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जन जागरूकता रैली में ईओ संजय कुमारए वार्डो से नव निर्वाचित सभासदगणों, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पालिका के अधिकारी, कर्मचारीगण शामिल हुए। इस अभियान के तहत सामग्री के संग्रहण हेतु स्वच्छता रथ में बर्तन बैंकए अनुउपयोगी कपड़ा बैंकए जूत.चप्पल बैंकए ई.वेस्ट बैंक व थैला बैंक आदि की पुस्तक बैंकए व्यवस्था की गयी है। डीएम ने लोगों को पुरानी चीजें ट्रिपल आर सेंटर में देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों में नागरिक अपने घरों में उपयोग योग्य कपड़े, पुरानी किताबें और स्टेशनरी, खिलौने, फर्नीचर, जूते, बैग और इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जैसे अतिरिक्त सामान जमा कर सकते हैं। उनके मुताबिक शहरवासियों को घर में अतिरिक्त सामान निपटाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैए उक्त केंद्र उनकी सुविधा के लिए काफी फायदेमंद साबित होगे। वहीं कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इन केंद्रों में एकत्रित सामान को अपनी जरूरत के हिसाब से लिया जा सकता है। विधायक सदर योगेश वर्मा ने शहरवासियों से अपील की है कि वह इस मुहिम में सहयोग करें और फालतू और उपयोग में आने वाली चीजों को कूड़ेदान में फेंकने के बजाय इन सेंटरों में ही जमा करें ताकि जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग हो सके। यहां नगर वासी अपनी अनुपयोगी सामग्री जमा कर सकते हैं व जरूरतमंदों को लाभ पहुँचा सकते हैं।

# विवाह समारोह में फायरिंग से कई लोग घायल

**बरेली।** विवाह समारोह के दौरान डांस करते समय एक युवक ने अचानक फायरिंग कर दी जिससे कई लोग घायल हो गए पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला वीर भट्टी निवासी मदन लाल की बेटी रेनू का विवाह समारोह कल आयोजित किया गया था रात के समय दोनों पक्षों के लोग बड़ी संख्या में वहां मौजूद थे और कुछ लोग डांस कर रहे थे इसी दौरान अचानक किसी ने फायरिंग कर दी । इससे मौके पर मौजूद रुपेश, मोनू, मिलन, सोनाली, छर्रे लगने से घायल हो गए और मौके पर भगदड़ मच गई । सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल के पास रहने वाले रेनू के जीजा डिंपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।


### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दीपक कुमार/सीमा/ LBDEL00002904482 | फ्लैट नंबर बी/108, पहली मंज़िल, टॉवर-बी, मोती सिटी, खसरा नंबर- 502, खाता नंबर 02 गांव औरंगाबाद गडाना, परगना जलालाबाद तहसील मोदीनगर, जिला गाज़ियाबाद, यूपी, 201204 (क्षेत्रफल 1025 वर्ग फीट) मई 18, 2023 | जून 23, 2022 रु. 11,74,982/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | नीरज जायसवाल/ मूलचंद जायसवाल/ LBGHZ00003603575 | फ्लैट नंबर- डी/1008, 10वीं मंजिल, मोती रेजिडेंसी, टॉवर-डी, खसरा नंबर- 238, गांव- मोरटा, एनएच- 58 के पास गाज़ियाबाद (क्षेत्रफल 656 वर्ग फुट/ 18 मई, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 14,77,003/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मई 23, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**


# ब्लॉकस्तरीय बीटीएफ बैठक आयोजित

● बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**संवाददाता।** रमियाबेहड़-खीरी



**खंड** विकास अधिकारी प्रीति तिवारी की अध्यक्षता में पल्स पोलियो कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई जिसमें राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो कार्यक्रम से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई श्रीमती तिवारी ने बताया कि 27 मई तक पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए ताकि समय से कार्यक्रम संचालित किया जा सके 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर देश के भविष्य को सुरक्षित रखा जा सकता है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है डब्ल्यूएचओ मॉनिटर वरुण वंशवार ने बताया कि हमारी सभी टीमें तैयार हैं तथा ट्रांजिट टीमें ईट भट्ठा आदि का भ्रमण कर उन बच्चों को दवा पिलाएंगे जहां हमारे घर घर जाने वाली टीमें नहीं पहुंच पाती हैं हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत का यह नतीजा है कि 2011 से अब तक कोई भी पल्स पोलियो का केस नहीं आया है बीपीएम विकास श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार ब्लॉक में 109 बूथ तथा 82 टीमें तथा दो ट्रांजित और दो मोबाइल टीमों का गठन किया गया है रविंद्र कुमार बीएमसी यूनिसेफ ने बताया कि इस बार लगभग 8 माह बाद यह चरण होने जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को बहुत ही ध्यान पूर्वक कार्य करना है कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए तथा एक्स कन्वर्जन सही से करना जरूरी है और यदि कोई भी व्यक्ति बच्चे को दवा पिलाने से मना करें तो इसकी जानकारी अपने सुपरवाइजर या अधीक्षक महोदय को दें ताकि उस बच्चे को दवा पिलाई जा सके इस बैठक में खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा विकास श्रीवास्तव बीपीएम रविंद्र कुमार बीएमसी यूनिसेफ वरुण वंशवार डब्ल्यूएचओ मॉनिटर आईसीडीएस विभाग से अजय तिवारी शिक्षा विभाग से राममोहन, ए आर पी तथा इम्यूनाइजेशन ऑफिसर राजकुमारी तथा सहायक अखिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अफ्रीका में चार लाख रूपए प्रतिमाह दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी

● ठगों ने खुद को अफ्रीका के घाना वेस्ट के बड़ा बिजनेसमैन बताया और नौकरी के लिए अफ्रीका घाना भेजने का दिया लालच

**संवाददाता।** बरेली

**युवक** को अफ्रीका के घाना में चार लाख रुपये प्रतिमाह वेतन पर नौकरी दिलाने के नाम पर चार ठगों ने 15 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बहेड़ी के मोहल्ला शाहगढ़ निवासी इंतजार ने बताया कि वह मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते थे 2021 में वह कोतवाली स्थित दरगाह आला हजरत में हाजिरी लगाने गए थे यहां उनकी मुलाकात मनीष कुमार, उसके भाई अभिषेक कुमार व अन्य दो लोगों से हुई। दोनों ने उसे बताया कि वह दोनो अफ्रीका के घाना वेस्ट के बड़े बिजनेसमैन हैं। उसने कहा कि वह उन्हें नौकरी के लिए अफ्रीका घाना भेज सकते हैं। उन्होंने उसे चार लाख रुपये प्रति माह का ऑफर लेटर व जॉब वैकेंसी और कंपनी के पेपर आदि दिखाए। प्रमाण पत्र देखकर इंतजार को विश्वास हो गया कि वह दोनों उसे जल्द अफ्रीका भेज देंगे आरोपियों ने बताया कि वह अफ्रीका में वेस्ट कोट लिमिटेड नाम से एक कंपनी घाना में चला रहे हैं। उनकी एक अन्य कंपनी मोमेंट प्लास्टिक लिमिटेड में नौकरी के पद खाली हैं आरोपियों ने उन्हें अफ्रीका में नौकरी लगवाने और भिजवाने के लिए 15 लाख रुपये की डिमांड की। इंतजार ने पांच लाख रुपये नकद अभिषेक व अन्य लोगों के सामने दिए और 10 लाख रुपये रहीमुद्दीन के द्वारा बैंक में खाते में आरटीजीएस के माध्यम से दे दिए। इंतजार ने बताया कि दिए गए समय पर जब उसे ऑफर लेटर नहीं मिला और न ही अफ्रीका भेजा गया तब उसे अपने साथ धोखाधड़ी का अहसास हुआ। उसने आरोपियों को कई बार फोन किया लेकिन उन्होंने अपने फोन बंद कर लिए। इसके बाद उसने दो आरोपियों समेत चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की।


**REGD.AD./DASTI/AFFIXATION/BY BEAT OF DRUM**
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL-II, DELHI**
**4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001.**
**PROCLAMATION OF SALE**
**NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT, 1993.**
**RC No. 31/2020** **Dated: 21.04.2023**
**In the matter of :**

**ICICI BANK VS DEEPAK MALHOTRA.**

**To**
**CD-1 : Deepak Malhotra**
**S/o. Sh. Joginder Pal Malhotra H. No. 157B, AG-1, Vikas Puri Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018.**
**Also at : H. No. 164 D, AG 1, Vikas Puri, Delhi- 110018**

Whereas in execution of ibid **RC No.31/2020** dated **14.02.2020** in **OA No.586/2018** drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CDs are to pay to the applicant **Rs. 25,47,028.46 (RUPEES TWENTY FIVE LAC FORTY SEVEN THOUSAND TWENTY EIGHT AND PAISE FORTY SIX ONLY)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in **OA No. 586/2018** by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal - II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of **Rs. 25,19,028.46 (Rupees Twenty Five Lac Nineteen Thousand Twenty Eight and Paise Forty Six Only)** with simple pendent-lite and future interest @ 11.51% per annum simple from the present O.A i.e. 01.05.2018 till realization with cost of **Rs. 28,000/-** and costs from the Certificate Debtors (CDs), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CDs.
2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle. mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.
3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through e-auction through **https://auctions.cardekho.com/auctions@cardekho.com,** by e-auction at **11.00 AM on 03.06.2023.**
**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Sh. Rajeev Ranjan (MOB: 8584874809).**
5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.
6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.
7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.
8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS and "AS IS WHAT IS" BASIS.** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income- Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions:
9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
**10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:-**

| Details of property | Reserve Price (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|
| hypothecated vehicle "BMW/530 D", having registration no. "HR-26BR- 8200" | 4,32,000/- | 43,200/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.
12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD) by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.
13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-I, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.
**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/- within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**
15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.
16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.

**Schedule of Property**

| No. of Lot | Description of the property to be sold with the names of the co-owners where the property belongs to defaulter and any other person as co-owners. | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any other encumbrance to which property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property, and any other Known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | hypothecated vehicle "BMW/530 D", having registration no. "HR-26BR- 8200" | No information | No information | No information |

Given under my hand and seal on Tribunal at New Delhi on this 21.04.2023

**(Uttam Negi)**
**Recovery Officer-I,**
**DRT- II, Delhi**


# जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर पांच एकड़ भूमि हड़पने का आरोप

● नगरपालिका मोहम्मदी अध्यक्ष सहित 15 नामजद

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाजारखुर्द में जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर एवं फर्जी दस्तावेजों के सहारे भूमि हड़पने का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित अपनी फरियाद लेकर जिले के उच्चाधिकारियों के पास गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिससे पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली । मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने थाना मोहम्मदी को एफआईआर पंजीकृत करने के आदेश दिए हैंएजिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहम्मदी थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार खुर्द के महेन्द्र पुत्र नत्थूलाल ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर नगर में कुछ लोगों द्वारा जमीन हड़पने की शिकायत की थी। शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गईए इस पर वह न्यायालय की शरण में पहुंचेए जहां उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कस्बे के ही कुछ लोगों ने जीवित व्यक्ति के जाली मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस पर न्यायालय ने 17 अप्रैल 23 को मोहम्मदी थाने के थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश दिए थे। महेन्द्र ने राम औतार बब्लू सुशीला, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोहम्मदी, लेखपाल सहित 15 लोगों पर कूटरचित पत्र तैयार कर उनकी जमीन हड़पने सहित अन्य धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर विवेचना एसआई दीपक राठौर ने शुरू कर दी है।

# वकील के खिलाफ अभद्रता पर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**कोतवाल** पसगवां निर्भय कुमार सिंह द्वारा का अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता पर मोहम्मदी बार एसोसिएशन का मोहम्मदी कोतवाली मे पसगवा कोतवाल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, अधिवक्ताओ ने कोतवाल पसगवां के खिलाफ की जोरदार नारे बाजी,कोतवाली मे सभी अधिवक्ता बैठ गये धरने पर , मोहम्मदी कोतवाल के समझाने पर अधयक्ष ने दी कोतवाल के खिलाफ तहरीरएदी तहरीर मे आलोक कुमार सिह ने कहा कि कल शाण चार बजे के बाद अपने साथी अधिवक्ताओ के साथ पसगवा पहुचे तो कोतवाल बोले कि चार बजे के बाद मै किसी अधिवक्ता से नही मिलताएऔर अधिवक्ता के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जब मैंने इसका विरोध किया तब भी वह ना माने और अधिवक्ताओं को गंदी गंदी गालियां दी तथा बोले कि फर्जी मुकदमा लिख कर जाता जेल भेज दूगाएमुकदमा लिख कार्रवाई की जाए, वही प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी अबर सिंह ने अधिवक्ताओं की तहरीर ले ली है और उन्हें उचित आश्वासन देकर भेज दिया है

# विश्वस्तरीय पहलवानों का उत्पीड़न करने वाले बृजभूषण को जेल भेजा जाए

शाहजहांपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में धरना प्रदर्शन किया। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को न्याय दिलाते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाने की भी मांग की। मांगे पूरी नही होने पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने डीएम कार्यालय घेरने की चेतावनी दी है। भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मांग की है कि, जंतर-मंतर पर भारत के विश्वस्तरीय पहलवान धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनको यौन उत्पीड़न का शिकार बनाया गया। उनका उत्पीड़न करने वाले बृजभूषण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। सरकार ने अभी तक आवारा पशुओं से समाधान दिलाने के लिए कोई भी कदम नही उठाया गया।

## बढ़ रहा ग्राहकों का भरोसा

लखनऊ। करीब 6.5 लाख विक्रेताओं और 16 करोड़ से ज्यादा जीएसटी सक्षम उत्पादों के साथ अमेजन बिजनेस लुधियाना में निरंतर बिजनेस उपभोक्ताओं के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में कार्य कर रहा है। 2017 में शुरुआत के साथ अमेजन ने लखनऊ सहित शहरों में ग्राहक पंजीकरण में सलाना आधार पर 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इन प्रयासों के तहत अमेजन बिजनेस ने ग्राहक खातों की संख्या में 6 प्रतिशत का उछाल देखा है और हासिल किए गए ऑर्डर में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की हैए जो इस बात का प्रमाण है कि ग्राहकों का हमारी सेवाओं पर भरोसा बढ़ रहा है।सुचित सुभाष डायरेक्टर ने कहा कि एमएसएमई ने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजिटल समाधानों को अपनाना शुरू कर दिया है। इससे उनको ज्यादा लाभ मिलेगा।

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए एकजुट हों भाजपाई: प्रकाश पाल

● क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया 2024 में भाजपा को जिताने का संकल्प लेने का आह्वान

संवाददाता। चित्रकूट



**भाजपा** कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन क्षेत्रीय अध्यक्ष का भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की पूंजी होते हैं।

सोमवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रका खरे की अगुवाई में रामायणी कुटी मे भगवताचार्य श्री श्री 108 स्वामी रामहृदय दास श्रीधाम चित्रकूट के आश्रम में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सियाराम कुटी मे नानाजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। पूर्व जिलाध्यक्ष मदन गोपाल शुक्ला के आवास जाकर हाल जाना।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का भाजपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भ्रमण दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ से कहा कि कार्यकर्ता संगठन की पूंजी होती हैं। कार्यकर्ता गाडी मे लगी उस धुरी की तरह होते हैं, जिसके बिना न तो गाड़ी चल सकती है न टिक सकती है। वैसे ही कार्यकर्ताओ के बिना न तो कोई संगठन चल सकता हैं और न ही उस संगठन का वजूद ज्यादा दिनो तक रह सकता है। भाजपा देश और प्रदेश में लगातार बन रही सरकारो का श्रेय कार्यकर्ताओ को है। कार्यकर्ताओ के अथक और निस्वार्थ परिश्रम से ही भाजपा सभी चुनावो मे जीत रही है। कार्यकर्ताओ की बदौलत भाजपा देश ही नही दुनिया की सबसे बडी राजनैतिक पार्टी के रुप में जानी जाती है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि व्यक्ति से बड़ा दल है और दल से बड़ा देश। सबको अपने निजी स्वार्थो को भुलाकर भारत को एक बार फिर से विश्व गुरु बनाने को मिलकर काम करना होगा। राष्ट्रसेवा की भावना के सकल्प के साथ काम करते रहिये।

# पेशवाकालीन पुरानी कोतवाली अंततः प्रशासन ने कराई खाली

संवाददाता। चित्रकूट



**पिछले** करीब तीन दशक से मुख्यालय कर्वी में अतिक्रमण की शिकार ऐतिहासिक पेशवा कालीन पुरानी कोतवाली भवन को आखिरकार प्रशासन ने खाली करा लिया है। यहां पर अवैध ढंग से कब्जे करके रहने वाले 37 लोगों को प्रशासन ने चार माह पहले नोटिस दी थी। फिर भी वह खाली करने को तैयार नहीं थे। रविवार को एसडीएम व सीओ सिटी की अगुवाई में पहुंची टीम ने जेसीबी से कई हिस्से ढहा दिए। अतिक्रमणकारियों ने आनन-फानन में अपना सामान समेट लिया। अंग्रेजी हुकूमत के पहले यहां पर पेशवाओं का शासन रहा है। विनायक राव पेशवा ने ऐतिहासिक गणेशबाग के साथ ही इस भवन का निर्माण कराया था। यह पेशवाओं का महल रहा है। बाद में अंग्रेजों ने पेशवाओं को गिरफ्तार करने के बाद महल पर कब्जा कर लिया था। इस भवन में अंग्रेजी हुकूमत के समय कोतवाली चलती रही है। जब देश आजाद हुआ तो यहीं पर थाना चलता रहा। इसी भवन में सीओ आवास रहा है। पुलिस महकमे के ज्यादातर लोग यहीं पर आवास बनाकर रहते रहे। अन्य विभागों के कर्मचारियों ने भी कब्जे कर लिए। पिछले करीब ढाई दशक से यहां पर अवैध कब्जे कर लोग रहते चले आ रहे है। प्रशासन ने कई बार अवैध कब्जाधारकों को नोटिस जारी की, लेकिन किसी ने खाली नहीं किया। करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने शाम तक पुरानी कोतवाली पूरी तरह खाली कर दिया है।

# बीस हजार का ईनामी तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 21 मई को दारोगा सचिन सिंह चौधरी साथी कांस्टेबल 846 सचिन कुमार के क्षेत्र में रवाना थे, कि मुखबिर खास की सूचना पर थाना हाजा से मुकदमा संख्या 04.2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट मे वांछित व 20,000/- रु0 इनामिया अभियुक्त सोनी जाटव पुत्र अमर सिंह निवासी लुखुरपुरा, सुजरई नशरतपुर देहात थाना कुरावली जनपद मैनपुरी उम्र करीब 27 वर्ष, को हथियापुर क्रासिंग से समय 21.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय 1 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद किया गया।

# पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर निकाला गया मशाल जुलूस



**फर्रुखाबाद।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के तत्वाधान में बीती शाम जोरदार ढंग से मशाल जुलूस पीएन कॉलेज फतेहगढ़ से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट तक निकाला गया। जिसमें उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे। अवसर पर जिला अध्यक्ष अवनीश मिश्र एवं अखिलेश अग्निहोत्री ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि चाहे जो मजबूरी हो सरकार हर हाल में शिक्षक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन पेंशन से आच्छादित करें।

जिला उपाध्यक्ष देवेश यादव व संजय पाठक मंत्री ने कहा कि चाहे जो मजबूरी हो नाम हमारी पूरी हो। ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुरानी पेंशन की मांग को लेकर बिगुल बज गया है और हमारी रथयात्रा विभिन्न मंडलों में जारी है सरकार हमारी हम सभी को पुरानी पेंशन देने के बाद होगी तब तक यह हमारा आंदोलन जारी रहेगा। मशाल जुलूस में अवनीश मिश्रा डॉ वीरेंद्र त्रिवेदी देवेश यादव जगदीश ना अवस्थी संजय पाठक संजय यादव शकील अहमद अशोक सिंह राजीव यादव विपिन वर्मा पवन गुप्ता विनोद पाठक आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# अभियान में लायें तेजी और शातप्रतिशत करें वसूली: डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने कर-करेत्तर राजस्व वसूली एवं चकबंदी कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में व्यापार कर, परिवहन, आबकारी, विद्युत, खनन, तहसीलदारों के आरसी वसूली, बैंक, सिंचाई, मंडी, नगर पालिका, स्टांप आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन से निर्धारित वसूली लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि मंथन कर जो कनेक्शन अवैध हैं, उसे डिस्कनेक्ट कराएं, ताकि बिजली का लोड कम हो और राजस्व में वृद्धि हो। अपने एसडीओ के साथ अभियान चलाकर चेकिंग करें। बड़े बकायेदारों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई करें। सभी तहसीलदारों पर खफा होते हुए अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि जो तहसीलदार राजस्व वसूली में आनाकानी करते हैं, उनका वेतन रोके। विद्युत विभाग से तालमेल बनाकर मई के अंत तक वसूली में सुधार करायें। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आयुष्मान कार्ड भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड की प्रगति बाबत ब्लॉक वाइज व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बनाए आयुष्मान कार्ड की समीक्षा कर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया है कि जितने कोटेदार है, उनसे सहयोग लेकर अंत्योदय कार्ड धारकों पर विशेष फोकस करें। मऊ, रामनगर के खंड विकास अधिकारियों के कम कार्ड बनाए जाने पर रोष जताया।

# साईंराम प्राइवेट आईटीआई में छात्रों को बांटे स्मार्टफोन



**जालौन**, उरई। प्रदेश सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए छात्रों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण कर रही है। छात्र, छात्राएं शैक्षिक उन्नयन के लिए इन स्मार्टफोन का प्रयोग करें। यह बात साईंराम प्राइवेट आईटीआई में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा ने 12 छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण करते हुए कही। स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। साईंराम प्राइवेट आईटीआई प्रतापपुरा में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा नेहा पुनीत मित्तल विशिष्ट अतिथि पुनीत मित्तल एवं सभासद अन्नू शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ने कहा कि आज संचार प्रणाली का युग है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संचार साधनों का विकास हुआ है। इन संचार माध्यमों से जुड़कर जीवन का उन्नति के पथ पर ले जाएं।

# भेड़ बकरियां चुराने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, बड़ी संख्या में मवेशी किए बरामद

● 37 भेड़ें, 11 बकरियों सहित पकड़े गए चोर

● एक स्विफ्ट डिजायर सहित दो चाकू बरामद

संवाददाता। कोंच, जालौन



**सर्किल** के दो थानों की संयुक्त टीम के हाथ बड़ी सफलता लगी है। भेड़ बकरियां चुराने वाले गिरोह के तीन सदस्य पुलिस ने दबोचे हैं जिन्होंने पूछताछ में कुछ और नाम भी बताए हैं जिन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में पुलिस लगी है। चोरों के पास से करीब आधा सैकड़ा चोरी के मवेशी तथा चोरी की वारदातों को अंजाम देने में प्रयुक्त कार भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

पुलिस उपाधीक्षक कोंच शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने सोमवार को यहां खुलासा करते हुए बताया कि एट थाना क्षेत्र के गांव पिंडारी तथा कैलिया थाना क्षेत्र के गांव खैरी में पिछले दिनों हुई भेड़ों की चोरी के प्रकरण दोनों थानों में अज्ञात के खिलाफ दर्ज किए जाने के बाद दोनों थानों की एक संयुक्त टीम इन वारदातों के अनावरण के लिए बनाई गई थी। पुलिस की टीम मामले की सुरागरसी में लगी हुई थी तभी रविवार को मुखबिर की सूचना पर बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस ने सलाघाट की ओर जाने वाली सड़क से तीन चोरों को दबोच लिया जिनके पास से 37 भेड़ें, 11 बकरे बकरियां, चोरी की वारदातों से बाबस्ता स्विफ्ट डिजायर गाड़ी, दो छुरियां बरामद किए हैं। आरोपियों के नाम आसिफ निवासी सनगवां, रामादेवी थाना चकेरी, इरफान उर्फ गुलफाम व निवासी फुफवार थाना महाराजपुरा, जिला कानपुर नगर बताए गए हैं।

पूछताछ में उन्होंने बताया कि कुछ भेड़ बकरियां उन्होंने बेच दी हैं। वह बरामद भेड़ बकरियों को ट्रक में लादकर कानपुर ले जाने की फिराक में थे तभी पकड़ लिए गए। पुलिस चार अन्य को गिरफ्तार करने के प्रयास में लगी हुई है।

# अवैध खनन व ओवर लोडिंग के विरुद्ध करें कार्रवाई : जिलाधिकारी



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कर. करेत्तर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में व्यापार कर, परिवहन, आबकारी, विद्युत, खनन, तहसीलदारों द्वारा आरसी की वसूली, बैंक, सिंचाई, मंडी, नगर पालिका, स्टांप आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की गई।

बैठक में परिवहन, बाट माप, विद्युत, मंडी में लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्य वसूली कम पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में करें। उन्होंने कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसडीओ के साथ अभियान चलाकर चेकिंग करें। कहा कि बड़े बकायेदारों के खिलाफ वसूली की कार्रवाई करें। उन्होंने सभी तहसीलदारो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि जो तहसीलदार राजस्व वसूली में आनाकानी करते हैं तो उनका वेतन रोके। जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। चेतावनी के परिप्रेक्ष में आम जनमानस को हीट वेव, लूद्ध से सर्तक रहने हेतु निर्देशित किया जाता है।

# परिषदीय विद्यालयों के शेष पैरामीटर्स को करें संतृप्तः डीएम

● जिलाधिकारी श्रुति ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश

संवाददाता। फतेहपुर



**ऑपरेशन** कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों में समस्त पैरामीटर्स से संतृप्त करने के संबंध में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। शासन की मंशानुरूप परिषदीय विद्यालयों को 19 पैरामीटर्स पानी की व्यवस्था, बालक शौचालय, बालिका शौचालय, शौचालय में पानी की व्यवस्था, शौचालय में टाइलीकरण, दिव्यांग शौचालय, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, कक्षा-कक्षों में टाइलीकरण, श्यामपट्ट, रसोई घर, विद्यालय में समुचित रंगाई पुताई, रैम्प एवं रैलिंग, कक्षा-कक्षों में उपयुक्त, वाइरिंग एवं विद्युत उपकरण, विद्युत संयोजन, बालक मूत्रालय, बालिका मूत्रालय, फर्नीचर एवं डैस्क, सबमर्सिबल/सप्लाई वाटर, चहारदीवारी से संतृप्त किया जाना है। विद्यालय वार पैरामीटर्स की समीक्षा की। कहा कि परिषदीय विद्यालयों में जो पैरामीटर्स अवशेष रह गए है उनको खंड शिक्षा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी, शहरी क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी आपस मे समन्वय बनाते हुए विद्यालयों शत प्रतिशत पैरामीटर्स से संतृप्त किया जाय। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि पैरामीटर्स के कार्य की निगरानी बनाये रखे और अपने स्तर से समीक्षा करें।

## पीएम जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**फतेहपुर।** ब्लॉकवार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत योजना की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने ब्लॉकवार लक्ष्य के सापेक्ष बनाये गए गोल्डन कार्ड की बारी-बारी से समीक्षा की। बीडीओ व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आपस मे समन्वय बनाते हुए गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति में तेजी लाए। इसके लिए माइक्रोप्लान बनाकर जिन ग्राम पंचायतों में सबसे अधिक अवशेष है। इस अभियान के रूप में तेजी से गोल्डन कार्ड बनाये जाएं। शहरी क्षेत्रों में गोल्डन कार्ड बनाये जाने की प्रगति में तेजी लाने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन बनाये गए गोल्डन कार्ड की प्रगति की रिपोर्ट ले साथ ही कार्य मे निगरानी निरंतर बनाये रखें। इस अवसर पर सीडीओ सूरज पटेल, सीएमओ डॉ सुनील भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र राज सिंह, व समस्त खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# साध्वी ने किया चौड़ीकरण व सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण




**फतेहपुर।** शहर के पं. अटल बिहारी बाजपेई तिराहा से नाला पुलिया तक आईटीआई रोड के चौड़ीकरण व सुन्दरीकरण कार्य का सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने लोकार्पण किया। यह चौड़ीकरण व सुन्दरीकरण पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से कराया गया है। सोमवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास भारत सरकार की राज्यमंत्री एवं जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति सड़क चौड़ीकरण एवं सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण करने पार्टी नेताओं संग पहुंची। सर्वप्रथम उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात केंद्रीय राज्यमंत्री ने शिलापट्ट का पर्दा हटाकर लोकार्पण किया। बताया कि इस मार्ग का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण पंद्रहवां वित्त आयोग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से कराया गया है। जिले के विकास के लिए तमाम योजनाएं धरातल पर लाई गई हैं। लगातार शहर का विकास कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के विकास कार्य होते रहेंगे।

# गोकशी कर रहे चार आरोपी किए गिरफ्तार

**फतेहपुर।** जंगल में गोकशी कर रहे एक नाबालिग समेत चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गोमांस, चापड़, चाकू बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। हथगांव थाना क्षेत्र के रायपुर मुआरी ग्राम में गोकशी की सूचना पुलिस को मिली। थानाध्यक्ष शैलेश सिंह ने अपनी टीम के साथ सोमवार की भोर पहर गाँव के पंचायत भवन के पीछे दबिश दी। पुलिस ने मौके से गोकशी कर रहे गांव के मो. इकरार, मो. अजमेरी और सरसौल कानपुर निवासी मो रियाज, एक बाल अपचारी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपियों के पास से दो कुंतल गोमांस, सिर, चार चापड़, तीन चाकू, जंजीर, बरामद किया। थानाध्यक्ष शैलेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को जेल भेजा गया।

# वेतन न मिलने पर आशा बहुओं ने सीएमओ कार्यालय का किया घेराव



**हमीरपुर।** जिले में आशा बहुओं को पांच माह से बेतन न मिलने पर सीएमओ दफ्तर का घेराव कर सामने रोड जाम कर दिया, सीएमओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जानकारी के मुताबिक आशा बहुओं को माह अक्टूबर से मानदेय नही मिल रहा है। जबकि वह बराबर काम कर रही है। आज आशा संगिनी वर्कस यूनियन के बैनर तले जिले की करीब दो सौ आशाबहुओं ने सीएमओ गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की एक घंटे तक सीएमओ समेत सभी कर्मचारी दफ्तर के अंदर बंधक रहे बाद में सीएमओ ने आशा बहुओं का ज्ञापन लिया मगर उन्होंने उसे फाड़ दिया इससे महिला कार्यकत्री उत्तेजित हो गयी। और जमकर नारेबाजी की। संगठन की संरक्षक रामसजीवन सोनी ने कहा कि आशाबहुओं का जमकर उत्पीड़न किया जा रहा है। शासन से बजट की मांग नही की जा रही है। जबकि सभी आंगनबहुएं डिलेवरी, संचारी, पोलियो, आयुष्मान कार्ड बनाने का काम कर रही है, नसबंदी का काम भी कर रही है मगर उनका मानदेय नही दिया जा रहा है। संगठन की अध्यक्ष भागवती पांडेय,मंत्री सुनीता बाजपेयी ने कहना है कि जब तक उनका मानदेय नही दिया जाता है तब तक आंदोलन किया जायेगा।

# पेज एक का शेष

## जो भरोसेमंद...

क्योंकि यह उनकी प्राथमिकताओं का सम्मान करता है और सहयोग के लिए इसका दृष्टिकोण मानवीय मूल्यों पर आधारित है। हिंद-प्रशांत द्वीपीय सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) शिखर सम्मेलन में किसी देश का नाम लिए बगैर कहा, जिन्हें हम अपना विश्वासपात्र समझते थे, उनके बारे में ऐसा पाया गया कि वे जरूरत के समय हमारे साथ नहीं खड़े थे। इस मुश्किल दौर में पुरानी कहावत सही साबित हुई: सच्चा दोस्त वही है, जो कठिन घड़ी में काम आए। मोदी ने कहा, मुझे खुशी है कि भारत इस मुश्किल समय में भी अपने प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। फिर चाहे बात भारत में निर्मित टीकों की हो या आवश्यक दवाइयों की हो या गेहूं या चीनी की बात हो, भारत ने अपनी क्षमताओं के अनुसार अपने साथी देशों की मदद करना जारी रखा। उन्होंने कहा, भारत आपकी प्राथमिकताओं का सम्मान करता है। आपके विकास में साझेदार बनना हमारे लिए गर्व की बात है-- भले वह मानवीय सहायता हो या आपका विकास हो, आप भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के तौर पर देख सकते हैं। हमारा दृष्टिकोण मानवीय मूल्यों पर आधारित है। मोदी ने द्वीपीय राष्ट्रों के लिए भारत की प्राथमिकता के बारे में कहा, मेरे लिए आप छोटे द्वीपीय राष्ट्र नहीं है, बल्कि बड़े महासागरीय देश है। यह महासागर भारत को आप सब से जोड़ता है। भारतीय विचारधारा में पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में देखा जाता है। उन्होंने फिजी में एक सुपर-स्पेशलियटी कार्डियोलॉजी अस्पताल की स्थापना, सभी 14 प्रशांत द्वीपीय देशों में डायलिसिस इकाइयों की स्थापना के साथ-साथ उनके लिए समुद्री एम्बुलेंस सहित स्वास्थ्य सेवा और साइबर स्पेस में भारत द्वारा नई विकास पहलों की श्रृंखला की भी घोषणा की।

मोदी ने द्वीपीय राष्ट्रों में जन औषधि केंद्र खोलने की घोषणा की ताकि किफायती दाम पर दवाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अलावा उन्होंने प्रत्एक प्रशांत द्वीपीय देश में छोटे और मध्यम उपक्रम क्षेत्र के विकास के लिए एक परियोजना की भी घोषणा की।प्रधानमंत्री मोदी ने पानी की कमी की समस्या को हल करने के लिए प्रत्येक प्रशांत द्वीपीय देश को विलवणीकरण इकाइयां मुहैया कराने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा, भुखमरी, गरीबी और स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न चुनौतियां पहले से मौजूद हैं। अब नई समस्याएं पैदा हो रही है। खाद्य, ईंधन, उर्वरक और औषधि की आपूर्ति श्रृंखला के लिए अवरोध खड़े हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्र, मुक्त एवं समावेशी हिंद-प्रशांत के लिए भी भारत के मजबूत समर्थन की पुन: पुष्टि की।

मोदी ने कहा, आपकी तरह हम भी बहुपक्षवाद में भरोसा करते हैं, स्वतंत्र, मुक्त एवं समावेशी हिंद-प्रशांत का समर्थन करते हैं और सभी देशों की संप्रभुता एवं अखंडता का सम्मान करते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ग्लोबल साउथ की आवाज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी मजबूती से सुनी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार हमारी साझा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के तहत हिरोशिमा में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के साथ वार्ता की। इस वार्ता में हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया। हमने क्वाड की बैठक के दौरान पलाऊ में रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) स्थापित करने का फैसला किया। मोदी ने कहा, बहुपक्षवाद के प्रारूप में हम प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ साझेदारी को विस्तार देंगे। उन्होंने कहा कि भारत प्रशांत द्वीपीय देशों के साथ सहयोग बढ़ाने को तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम बिना किसी हिचकिचाहट के आपके साथ अपनी क्षमताएं एवं अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं, फिर भले ही वह डिजिटल प्रौद्योगिकी हो या अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सुरक्षा हो या खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन हो या पर्यावरणीय सुरक्षा। हम हर तरह से आपके साथ हैं। उन्होंने जी-20 की अपनी अध्यक्षता के तहत भारत की प्राथमिकताओं को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा, इस वर्ष जी-20 की हमारी अध्यक्षता का विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य भी इसी विचारधारा पर आधारित है।

मोदी ने ट्वीट किया, पापुआ न्यू गिनी की मेरी यात्रा ऐतिहासिक रही है। मैं इस अद्भुत राष्ट्र के लोगों से मिले स्नेह को बहुत संजो कर रखूंगा। मुझे हिंद-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफआईपीआईसी) के सम्मानित नेताओं के साथ बातचीत करने और उनके देशों के साथ संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा करने का भी अवसर मिला। भारत का 14 प्रशांत द्वीप देशों (पीआईसी) के साथ जुड़ाव उसकी एक्ट ईस्ट नीति का हिस्सा है।

## पापुआ न्यू गिनी...

मोदी ने एफआईपीआईसी शिखर सम्मेलन से इतर पलाऊ गणराज्य के राष्ट्रपति सुरंगेल एस व्हिप्स जूनियर के साथ भी एक शानदार बैठक की। व्हिप्स ने मोदी को पलाऊके लोगों के सबसे महत्पूर्ण औजारों में से एक इबाक्ल भेंट किया।

## बिना पहचान...

याचिका के अनुसार, यह देखते हुए आरबीआई और एसबीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 2,000 रुपए के नोट केवल संबंधित बैंक खातों में ही पहचान पत्र देखकर या केवाईसी भर कर ही जमा किए जाए।

## दलितों को...

कि नए नेताओं को उन्हें स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा। यदि भाजपा चुनाव से पहले अपनी गुटबाजी को खत्म कर ले तो वह राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व डिप्टी सचिन पायलट के बीच बढ़ती खाई का फायदा उठा सकती है। गुटबाजी को खत्म करने के लिए मेघवाल तीसरा कारक साबित हो सकते हैं, क्योंकि राज्य में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की भागीदारी जनसंख्या का 31 प्रतिशत है और रेगिस्तानी राज्य में बड़ा वोटबैंक हैं।

## अनूठा अनुभव...

वहीं केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि फिल्म उद्योग, पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने वाला एक शक्तिशाली माध्यम बनकर उभरा है और सरकार जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति बना रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन आतिथ्य एवं सत्कार में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद करता है। रेड्डी ने कहा कि भारत फिल्म निर्माताओं को फिल्मों की शूटिंग के लिए हर तरह की लोकेशन की पेशकश करता है। उन्होंने कहा, धूप से खिले समुद्र तटों से लेकर पहाड़ों तक, सब कुछ है यहां। वहीं अभिनेता राम चरण ने कहा कि कश्मीर भारत में फिल्मों की शूटिंग के लिए सबसे खूबसूरत जगह है। पर्यटन कार्य समूह की बैठक के तहत यहां शेरी कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित किए जा रहे आर्थिक और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए फिल्म पर्यटन विषयक कार्यक्रम में बोल रहे थे। चरण की कुछ महीने पहले आई आरआरआर फिल्म को बहुत सराहा गया और उसने दुनियाभर में जमकर कमाई भी की। एसएस राजमौलि द्वारा निर्देशित इस फिल्म के तेलुगू गीत नाटू नाटू को इस साल ऑस्कर से नवाजा गया। मशहूर अभिनेता चिरंजीवी के बेटे राम चरण ने कहा, मेरी बात थोड़ी अजीब लगेगी लेकिन भारत में शूटिंग के लिए सबसे खूबसूरत जगह कश्मीर है। मैं दूसरी पीढ़ी का अभिनेता हूं। मेरे पिता ने कश्मीर में बहुत शूटिंग की है। उन्होंने कहा कि वह पहली बार 1986 में कश्मीर आए थे और 2016 में उन्होंने आखिरी बार यहां शूटिंग की थी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गरीब का आशियाना हुआ खाक

**कुठौंद (जालौन)।** सोमवार को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हर शंकरपुर में अचानक शॉर्ट सर्किट से संतोष पुत्र कृपाशंकर के आशियाने में अचानक आग लग गयी। जब तक गृहस्वामी कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब ग्रामीणों ने धुंआ उठता देखा तो वह आनन फानन में मौके पर पहुंचे ओर मकान में लगी आग को बुझाने के प्रयासों में जुट गये। आग की विकरालता देख ग्रामीणों का साहस भी जबाब देने लगा फिर भी ग्रामीणों ने हार नहीं मानी और जब तक वह मकान में लगी आग को बुझा पाते तब तक मकान में एक भैंस आग से बुरी तरह से जल गयी जबकि मकान में बंधी आठ बकरियां भी जलकर मर गयी तीन बकरियां को बचा लिया गया। साथ मकान में रखा सामान व भूसा जलकर बर्बाद हो गया। कुछ ग्रामीणों के मकान भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गये। हर शंकरपुर में आग लगने की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी भी गांव में पहुंच गये थे ग्रामीणों का आग बुझाने में भरपूर सहयोग किया।

# पापुआ न्यू गिनी के साथ अमेरिका ने किया सुरक्षा समझौता

भाषा। पोर्ट मोरेस्बी



**हिंद प्रशांत** क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की चीन की कोशिशों के बीच अमेरिका ने पापुआ न्यू गिनी के साथ एक नया सुरक्षा समझौता किया है। पापुआ न्यू गिनी ऑस्ट्रेलिया के उत्तर में स्थित होने के कारण रणनीतिक रूप से अहम देश है। यहां द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भीषण लड़ाइयां हुई थीं। करीब एक करोड़ की आबादी वाला यह देश सर्वाधिक जनसंख्या वाला हिंद प्रशांत देश है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नया समझौता सुरक्षा सहयोग में सुधार करने, पापुआ न्यू गिनी के रक्षा बल की क्षमता और क्षेत्रीय स्थिरता बढ़ाने में मदद करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेगा। विभाग ने कहा कि इस समझौते को कुछ महीनों के बाद सार्वजनिक किया ।एगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पत्रकारों से कहा, भविष्य को आकार देने की कोशिश के लिए हम जो काम एक साथ कर रहे हैं, वह इससे अधिक अहम नहीं हो सकता, इससे अधिक सामयिक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हम हिंद प्रशांत में गहराई से जुड़े हुए हैं, क्योंकि हमारी पृथ्वी का भविष्य यहां लिखा जा रहा है। पापुआ न्यू गिनी उस भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहा है। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने कहा कि यह समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी है और दुनिया के इस हिस्से में मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करता है। बहरहाल, इस समझौते के खिलाफ देश के दूसरे सबसे बड़े शहर ले में छात्रों ने प्रदर्शन किए। इसके अलावा प्रशांत क्षेत्र में कई लोग इस क्षेत्र के बढ़ते सैन्ईकरण को लेकर चिंतित हैं। पिछले साल सोलोमन आइलैंड्स ने चीन के साथ सुरक्षा समझौता किया था। इस कदम से पूरे प्रशांत क्षेत्र में चिंता व्यक्त की गई थी। अमेरिका ने प्रशांत क्षेत्र में अपनी तवज्जो बढ़ा दी है और सोलोमन आइलैंड्स और टोंगा में दूतावास खोले हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने पापुआ न्यू गिनी की अपनी यात्रा रद्द कर दी थी। अगर वह यात्रा पर आते तो यहां आने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होते। उनके स्थान पर विदेश मंत्री ब्लिंकन सोमवार को यहां पहुंचे। अमेरिकी विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे वक्त हुई है जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पापुआ न्यू गिनी आए थे। उन्होंने सहयोग के बेहतर तरीकों पर चर्चा करने के लिए प्रशांत द्वीप के नेताओं की बैठक की मेज़बानी की थी।

## भूमिगत परमाणु स्थलों को निशाना बनाने में सक्षम अमेरिकी बम की तस्वीरें फिर आई सामने

**दुबई।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसके साथ बढ़े तनाव के बीच अमेरिकी सेना ने इस महीने एक शक्तिशाली बम की तस्वीरें जारी की जो पृथ्वी में गहराई तक जाकर यूरेनियम संवर्धन संबंधी भूमिगत सुविधाओं को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी वायु सेना ने दो मई को इस हथियार, जीबीयू-57 की दुर्लभ तस्वीरें जारी की, जिन्हें मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर के रूप में जाना जाता है। उसने हालांकि बाद में तस्वीरें हटा ली। ऐसा संभवतः इसलिए किया गया क्योंकि तस्वीरों से हथियार की संरचना और प्रहार क्षमता के बारे में संवेदनशील जानकारी जाहिर हो रही थी। तस्वीरों का प्रकाशन तब हुआ जब एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि ईरान एक परमाणु सुविधा का लगातार निर्माण कर रहा है जो संभवतः जीबीयू-57 की मारक क्षमता से परे है, जिसे भूमिगत बंकरों को निशाना बनाने के लिए अमेरिकी सेना का अंतिम हथियार माना जाता है। अमेरिका ने 2000 के दशक में मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर विकसित किया था क्योंकि ईरान द्वारा अपने परमाणु स्थलों को भूमिगत बनाकर मजबूत किए जाने को लेकर चिंता बढ़ गई थी। वायु सेना ने मिसौरी मे व्हाइटमैन वायुसैनिक अड्डे के फेसबुक पेज पर बमों की तस्वीरें पोस्ट की। इस अड्डे पर बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स की तैनाती है। बी-2 एक मात्र विमान है जो इस बम को दाग सकता है। तस्वीरों के साथ बेस ने कहा कि उसे दो मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर बम प्राप्त हुए है, ताकि वहां का एक स्क्वाड्रन उनके प्रदर्शन का परीक्षण कर सके। वायुसेना ने हालांकि उन सवालों का जवाब नही दिया कि उसने इस हथियार की तस्वीरें क्यों पोस्ट की और फिर क्यों हटा दी।

## क्विक न्यूज

### बिछड़े भाई-बहन 75 वर्ष बाद करतारपुर गलियारे में दोबारा मिले

**लाहौर।** भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान 75 साल पहले एकदूसरे से बिछड़े एक व्यक्ति और उसकी बहन ऐतिहासिक करतारपुर गलियारे पर फिर से मिल गए। दोनों की यह मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए संभव हुई। यह जानकारी सोमवार को मीडिया की खबर से मिली। डॉन समाचारपत्र की खबर के अनुसार भारत की 81 वर्षीय महेंद्र कौर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के अपने 78 वर्षीय भाई शेख अब्दुल अजीज से करतारपुर गलियारे में फिर से मिलीं, जब उन्हें एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पता चला कि वे 1947 में विभाजन के दौरान अलग हुए भाई-बहन थे। विभाजन के दौरान, पंजाब के भारतीय हिस्से से सरदार भजन सिंह का परिवार दुखद रूप से अलग हो गया था, जब अजीज पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर चले गए थे, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य भारत में ही रह गए थे। उन्होंने कम उम्र में शादी कर ली थी लेकिन हमेशा अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फिर से जुड़ने की लालसा रखते थे। विभाजन के समय एक व्यक्ति और उसकी बहन के बिछड़ने का विवरण देने वाली एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दोनों परिवारों को पता चला कि महेंद्र और अजीज वास्तव में बिछड़े हुए भाई-बहन थे। रविवार को खुशी से अभिभूत महेंद्र कौर ने बार-बार अपने भाई को गले लगाया और उनके हाथों को चूमा और दोनों परिवारों ने साथ में करतारपुर में गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था भी टेका। उन्होंने अपने फिर से मिलने के प्रतीक के रूप में उपहारों का भी आदान-प्रदान किया।

### पाकिस्तानः अदालत ने पूर्व मानवाधिकार मंत्री मजारी को रिहा करने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की करीबी सहयोगी शिरीन मजारी को जेल से रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और हजारों कार्यकर्ता नौ मई के विरोध प्रदर्शन के बाद से हिरासत में हैं। अदालत की रावलपिंडी पीठ के न्यायमूर्ति चौधरी अब्दुल अजीज ने मजारी को रिहा करने का आदेश जारी किया। मजारी ने 2018 से 2022 तक मानवाधिकार मंत्री के रूप में कार्य किया और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के खिलाफ हिंसा को लेकर कार्रवाई शुरू होने के बाद उन्हें 12 मई को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया था। मजारी की बेटी इमान मजारी-हजीर ने उनकी गिरफ्तारी को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि 57 वर्षीय मजारी को किसी भी मामले में नामजद नहीं होने पर मुक्त किया जाना चाहिए और पूर्व मंत्री को उपायुक्त को एक हलफनामा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया कि वह भविष्य में ऐसी किसी भी विघटनकारी गतिविधि में शामिल नहीं होंगी।

### बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोमेन ने उन्हें चीन समर्थक बताने वाली रिपोर्ट को हास्यास्पद बताया

**ढाका।** बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. ए. के. अब्दुल मोमेन ने सोमवार को एक अखबार में प्रकाशित लेख को झूठा और बेबुनियाद बताते हुए उसे खारिज कर दिया। इस लेख में मोमेन को चीन समर्थक बताते हुए आरोप लगाया गया है कि 2018 में मंत्री बनने से पहले वह चीनी संगठनों के लिए एक लॉबिस्ट के रूप में काम करते थे। मोमेन ने बांग्ला अखबार कालबेला में रविवार को अमेरिकी प्रतिबंध लगने वाला है, सरकार तैयार है शीर्षक से प्रकाशित लेख का जिक्र करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह (उनका वर्णन) बेहद चौंकाने वाला और विचित्र है। विदेश मंत्री ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की आगामी कतर यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए संवाददाता सम्मेलन किया था। यह लेख एक विश्लेषण के तौर पर लिखा गया है। इसमें दावा किया गया है कि मोमेन ने 2018 में मंत्री बनने से पहले चीनी संगठनों के लिए लॉबिस्ट के तौर पर काम किया था।

### समीर पांडे सिडनी में सिटी ऑफ पररामट्टा काउंसिल के महापौर चुने गए

**मेलबर्न।** सिडनी मे सिटी ऑफ पररामट्टा काउंसिल ने सोमवार को भारतीय मूल के पार्षद समीर पांडे को अपना नया लॉर्ड मेयर चुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा के लिए सोमवार को सिडनी पहुंचे है। संयोग से आज ही पांडे का चुनाव हुआ है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पांडे पहली बार 2017 मे परिषद के लिए चुने गए थे और 2022 मे भारतीय उपमहाद्वीप से शहर के पहले उपमहापौर बने थे।

### सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल लोगों पर मुकदमे का प्रस्ताव पारित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानो पर हाल के हमलो मे शामिल व्यक्तियो के खिलाफ सैन्य अधिनियम और आतंकवाद रोधी अधिनियम सहित मौजूदा कानूनो के तहत मुकदमा चलाने के लिए सोमवार को एक प्रस्ताव पारित किया। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने प्रस्ताव रखा जिसे संसद के निचले सदन ने बहुमत से पारित किय। इसमे संकल्प लिया गया है कि नौ मई को सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानो पर हमलो मे शामिल दंगाइयो पर मौजूदा कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

### अबू धाबी में एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत, सात घायल

**दुबई।** अबू धाबी मे सोमवार को एक घर मे आग लगने से छह लोगो की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। यह आग शहर के अल मोअज्जज इलाके मे स्थित एक मकान मे लगी। आग लगने की वजह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। यूएई मे हाल मे आग लगने की कई घटनाएं सामने आई है। पिछले महीने दुबई के देरा जिले के पास एक अपार्टमेट मे आग लगने से 16 लोगो की मौत हो गई थी जबकि सात लोग घायल हो गए थे।

### फिलीपीन का 100 साल पुराना डाकघर जलकर खाक

मनीला (फिलीपीन)। फिलीपीन की राजधानी मनीला मे बीती रात एक ऐतिहासिक डाकघर की इमारत मे भीषण आग लग गई जिससे 100 साल पुराना यह डाकघर जलकर खाक हो गया और हादसे मे एक व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गया। पुलिस और डाक अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारियो ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत के भूतल मे आधी रात से पहले लगी थी और सात घंटे की कड़ी मश्क्कत के बाद इस पर सोमवार को सुबह काबू पाया गया। अधिकारियो ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारण और इस घटना मे हुए नुकसान का पता लगाया जा रहा है। मनीला का यह केंद्रीय डाकघर राजधानी के सबसे व्यस्त कार्यालय भवनो मे से एक था। आग लगने के बाद इसे बंद कर दिया गया है।

### ब्रिटेन के शहर कोवेंट्री को मिला पहला सिख लॉर्ड मेयर

**लंदन।** ब्रिटेन के शहर कोवेंट्री मे रहने वाले एक स्थानीय ब्रिटिश सिख काउंसलर ने इंग्लैंड के मध्य शहर का पगड़ी पहनने वाला पहला लॉर्ड मेयर बनकर इतिहास रच दिया है। जसवंत सिंह विरदी का जन्म पंजाब मे हुआ था और उन्होने बचपन मे पश्चिम बंगाल के कलकत्ता मे कुछ समय बिताया था। 60 साल पहले वह कोवेंट्री आ गए और 16 साल तक शहर मे एक स्थानीय काउंसलर के रूप मे सेवाएं दी। उन्होने हाल ही मे लॉर्ड मेयर के रूप मे अपना कार्यभार संभाला और उनकी पत्नी कृष्णा लॉर्ड मेयरेस बनी। विरदी ने कहा, मै अपने दूसरे गृह शहर का लॉर्ड मेयर बनने पर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होने कहा, इसने मुझे और मेरे परिवार को वर्षो से बहुत कुछ दिया है।

### गुयाना के स्कूल छात्रावास में आग लगने से 20 छात्राओं की मौत

**जॉर्जटाउन।** गुयाना के एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से कम से कम 20 छात्राओं की मौत हो गई और कई अन्य जख्मी हो गईं।दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप में स्थित देश गुयाना की सरकार ने एक बयान में बताया कि माहडिया शहर के माध्यमिक स्कूल के छात्रावास में आग लगी। यह शहर राजधानी जॉर्जटाउन से करीब 320 किलोमीटर दूर है। सरकार ने बयान में कहा कि आग लगने के कारण कई छात्राओं की मौत हो गई है और कई अन्य छात्राएं घायल हुई हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि कम के कम सात छात्राओं को इलाज के लिए हवाई मार्ग से राजधानी लाया गया है। सुरक्षा सलाहकार गेराल्ड गौविया के मुताबिक, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में स्कूल के छात्रावास में आग लगी। इस स्कूल में 12 से 18 साल के बच्चे पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगा। स्थानीय अखबार स्टेब्रोएक न्यूज़ ने खबर दी है कि आग लड़कियों के छात्रावास में लगी और खराब मौसम की वजह से हवाई मार्ग से आग पर काबू पाना अधिकारियों के लिए चुनौती बन गया।

# वेस्ट बैंक में इजराइल के हमले में तीन फलस्तीनियों की मौत, अमेरिका ने बस्ती बसाने की आलोचना की

भाषा। तेल अवीव (इजराइल)

**वेस्ट बैंक के ए**क शरणार्थी शिविर में सोमवार तड़के इजराइली सेना के हमले में तीन फलस्तीनियों की मौत हो गई। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, नाबलुस शहर के समीप बलाटा शरणार्थी शिविर में हमले के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। छह अन्य लोग हमले में घायल हुए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है। फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास की फतह पार्टी से जुड़े एक अतिवादी समूह अल अक्सा मार्टर्स ब्रिगेड ने मारे गए लोगों की पहचान अपने सदस्यों के रूप में की। इजराइली सेना ने बाद में बलाटा में सैनिकों द्वारा हमले किए जाने की पुष्टि की। उसने कहा कि सैनिकों पर गोलीबारी की गई थी और उन्होंने तीन फलस्तीनियों को मार गिराया। सना ने कहा कि उसने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इजराइल ने फलस्तीनी हमलों के जवाब में अपने हमले तेज कर दिए हैं और सोमवार के अभियान में एक घर को निशाना बनाया गया जिसमें हथियार और विस्फोटक बनाए जा रहे थे। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उत्तरी वेस्ट बैंक में पहले खाली कराई गई होमेश चौकी पर लोगों को फिर से बसाने के लिए रविवार को इजराइल की कड़े शब्दों में निंदा की। इजराइल सरकार ने वेस्ट बैंक की चार बस्तियों को नष्ट करने वाले 2005 के एक कानून को निरस्त कर दिया था। सप्ताहांत में वेस्ट बैंक में इजराइल के शीर्ष सैन्य जनरल ने एक आदेश पर हस्ताक्षर कर होमेश को एक स्थानीय निवासी क्षेत्रीय परिषद को सौंप दिया जिससे इस चौकी के पुनर्निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कब्जे वाले क्षेत्र में बस्तियां बसाने के संबंध में इजराइल की कार्वाई पर कहा कि अमेरिका बेहद चिंतित है। मिलर ने इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमान बेन-गवीर के यहूदियों के पवित्र स्थल टेंपल माउंट की यात्रा पर भी चिंता प्रकट की। इसी विवादित जगह पर अल-अक्सा मस्जिद भी है। मिलर ने एक बयान में कहा, इस पवित्र स्थल का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए, और हम सभी पक्षों से इसकी पवित्रता का सम्मान करने का आह्वान करते हैं। चूंकि इजराइल ने 1967 में इस स्थल पर कब्जा कर लिया था, यहूदियों को वहां जाने की अनुमति है, लेकिन वहां वे प्रार्थना नहीं कर सकते। बेन-गवीर समेत दक्षिणपंथी कार्यकर्ता लंबे समय से इस पवित्र स्थल पर यहूदियों के लिए और ज्यादा पहुंच की अनुमति का आह्वान कर रहे हैं। वहीं, फलस्तीनी मस्जिद को राष्ट्रीय प्रतीक मानते हैं और ऐसी यात्राओं को उकसावे की कार्वाई मानते हैं। विवादित परिसर को लेकर तनाव के कारण पूर्व में कई बार भीषण हिंसा भड़क चुकी है।

## यूक्रेनी परमाणु संयंत्र में विद्युत आपूर्ति फिर से बाधितः आईएईए

**कीव।** परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी के प्रमुख ने कहा है कि यूक्रेन के जापोरिझिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र मे बाह्य विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाने के बाद सोमवार को फिर से आपातकालीन डीजल जनरेटर का इस्तेमाल करना पड़ा। यह संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा स्टेशन है। यूक्रेन पर रूस के हमला करने के बाद से इस संयंत्र मे सातवी बार बाह्य विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने ट्वीट किया, संयंत्र मे परमाणु सुरक्षा की स्थिति बहुत कमजोर है। ग्रोसी ने यूक्रेनी और रूसी बलो के बीच जारी लड़ाई से इस क्षेत्र को दूर रखने की फिर से अपील करते हुए कहा, हमें संयंत्र की रक्षा करने पर सहमत होना चाहिए और यह स्थिति बरकरार नही रखी जा सकती। संयंत्र के छह परमाणु रिएक्टर को गोलाबारी या रॉकेट हमले के प्रभाव से बचाने के लिए अवरोधक लगाए गए है, लेकिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने से रिएक्टर की सुरक्षा के लिए आवश्यक शीतलन प्रणाली ठप पड़ सकती है। आपातकालीन डीजल जनरेटर भरोसेमंद नही है। संयंत्र के पास जारी लड़ाई और विशेषकर तोपो के इस्तेमाल ने 1986 मे हुई चेर्नोबिल जैसी आपदा की आशंका पैदा कर दी है। उस समय एक रिएक्टर के फट जाने से एक बड़े इलाके मे तबाही मच गई थी।

# ईरान के राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव पद पर नए अधिकारी को नियुक्त किया



भाषा। दुबई

**ईरान के** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव पद पर नए अधिकारी को नियुक्त किया है। अली अकबर अहमदियां मौजूदा सचिव अली शमखानी का स्थान लेंगे जिन्हें हाल ही में एक जासूसी कांड में अभ्यारोपित किया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी ईरना ने यह खबर दी है। शक्तिशाली अधिकारी शमखानी लंबे समय से इस पद पर काबिज़ थे। राष्ट्रपति रईसी ने शमखानी को बदलने के लिए आदेश जारी किया है। वह भ्रष्टाचार के आरोपों का लगातार सामना कर रहे थे। हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया है। इसके अलावा वह उस ब्रिटिश-ईरानी व्यक्ति के साथ करीबी रिश्तों को लेकर भी जांच का सामना कर रहे हैं जिसे इस साल के शुरू में जासूसी के इल्ज़ाम में फांसी दे दी गई थी। शमखानी ने ईरान के 2015 में वैश्विक शक्तियों के साथ हुए परमाणु समझौते के लिए वार्ता करने में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं अहमदियां, अर्द्ध सैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड्स रणनीतिक केंद्र के पूर्व प्रमुख हैं। समाचार एजेंसी ने सर्वोच्च सुरक्षा परिषद में इस बदलाव का कोई कारण नहीं बताया है। शमखानी करीब 10 साल से इस पद पर सेवा दे रहे थे। वहीं पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी 15 साल तक सुरक्षा परिषद के सचिव पद पर सेवा दे चुके हैं। शमखानी ने उन खाड़ी अरब राष्ट्रों के साथ बातचीत में अहम भूमिका निभाई थी जिनके साथ ईरान तनाव कम करना चाहता था। इनमें सऊदी अरब भी शामिल है।

# रूस ने बखमुत पर कब्जे का किया दावा, यूक्रेन ने कहा, लड़ाई अभी खत्म नहीं

भाषा। कीव

**रूस का दावा** है कि उसने यूक्रेन के पूर्वी शहर बखमुत पर कब्जा कर लिया है, हालांकि यूक्रेन के शीर्ष सैन्य नेतृत्व का कहना है कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि रूस का बखमुत के केवल एक छोटे से हिस्से पर नियंत्रण है। यूक्रेन का कहना है कि उनके लड़ाकों की मौजूदगी ने रूसी सेना को थका देने की रणनीति में अहम भूमिका निभाई। बखमुत के आसपास के इलाकों में लड़ाकों की मौजूदा स्थिति उन्हें शहर के अंदर वापस हमला करने का मौका देगी। यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लिए जमीनी बलों के कमांडर कर्नल-जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने कहा, मौजूदा हालात हमें स्थिति में बदलाव करने और शहर में प्रवेश करने का मौका देते हैं। यह निश्चित तौर पर होगा। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार तड़के दावा किया था कि देश की निजी सेना वैगनर ने रूसी सैनिकों की मदद से यूक्रेन के बखमुत शहर पर शनिवार दोपहर कब्जा कर लिया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने क्रेमलिन की प्रेस सेवा के हवाले से कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर की हमलावर टुकड़ियों के साथ ही रूस के सशस्त्र बलों की इकाइयों के सभी सैनिकों को बधाई दी, जिन्होंने आत्र्योमोव्स्क मुक्त कराने के अभियान को पूरा करने पर आवश्यक सहयोग दिया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बखमुत शहर पर रूसी सेना के कब्जे से रविवार को इनकार कर दिया था।

### बाइडन ने भारतीय मूल के पुलिस अधिकारी को वीरता पदक से सम्मानित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) के भारतीय मूल के एक अधिकारी और नौ अन्य लोगों को वीरता पदक से सम्मानित किया।

# जलवायु परिवर्तन से ऐसे सुरक्षित रख सकते हैं

भाषा। मेलबर्न

**जलवायु के** लिहाज से अनुकूल आवास ऑस्ट्रेलियाई लोगों को जलवायु परिवर्तन के जोखिम से बचा सकते हैं। पिछली गर्मियों में जलवायु संबंधी चरम स्थितियों की वजह से ऑस्ट्रेलिया के लोगों के घरों और आजीविका पर गंभीर असर पड़ा। पूर्वी तट के निचले क्षेत्र में बाढ़ के चलते 5000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए, और अकेले क्वींसलैंड में पांच लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हर किसी का यही सवाल है: "अगली बार क्या होगा?" जलवायु परिवर्तन की वजह से पहले से ही अधिक गर्मी और आग लगने जैसी घटनाओं में वृद्धि हो रही है, और यह आशंका है कि सूखा तथा अत्यधिक वर्षा जैसी दोनों स्थितियां भीषण हो जाएंगी। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए जलवायु के लिहाज से अधिक अनुकूल घरों की आवश्यकता है। हमें गर्मी में ठंडक बनाए रखने के साथ-साथ विपरीत मौसम, हवा, बारिश, कीड़ों और धुएं से बचने के लिए रणनीतियों की आवश्यकता होगी। ऐसी सामग्री की आवश्यकता है जो कठोर परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम हो, जिससे ऊर्जा बचाने में मदद मिले और जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम हो ताकि जलवायु परिवर्तन की स्थिति और खराब न हो। गर्म होती जलवायु में अपने घरों को ठंडा रखने की रणनीतियों को जलवायु क्षेत्रों की विविधता के प्रति संवेदनशील रखे जाने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए मिल्डूरा और मेलबर्न जैसे शहरों में घरों को इमारतों में उच्च स्तर के तापावरोधन और खिड़कियों पर प्रभावी छायाकृतियों के संयोजन से अत्यधिक गर्मी से बचाया जा सकता है। वहीं, फ्लाईस्क्रीन रात के दौरान ठंडक के लिए खिड़कियों को खुला रखने के साथ कीटजनित बीमारियों से बचा सकते हैं। हालांकि, उत्तरी क्षेत्र जैसे गर्म क्षेत्रों में, घरों को ठंडा रखने के लिए कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के वास्ते अत्यधिक मजबूत वातानुकूलन प्रणाली और सौर फोटोवोल्टिक छत पैनल जैसी नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति तक पहुंच की आवश्यकता होगी। घरों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बनाने के लिए निर्माण सामग्री में भी परिवर्तन की आवश्यकता हो सकती।

## प्रतिकूल मौसम के कारण पिछले 50 वर्षों में 20 लाख लोगों की मौत, 4300 अरब डॉलर का नुकसान

**जिनेवा।** दुनिया भर में बीते 50 वर्षों के दौरान प्रतिकूल मौसम संबंधी करीब 12 हजार घटनाएं हुईं जिसके परिणामस्वरूप 20 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई और अर्थव्यवस्था को 4300 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। संयुक्त राष्ट्र की मौसम संबंधी एजेंसी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने यह आंकड़े ऐसे समय में जारी किए है जब इसके सदस्य देशों की चार साल मे एक बार आयोजित होने वाली कांग्रेस की बैठक शुरू हो रही है। बैठक मे इस बात पर जोर दिया गया कि 2027 तक मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओ के लिए सतर्क प्रणाली मे सुधार करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। जिनेवा स्थित एजेंसी ने मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में बार-बार चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण बाढ़, तूफान, चक्रवात और सूखे सहित मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओ में वृद्धि हुई है। डब्ल्यूएमओ का कहना है कि पूर्व चेतावनी प्रणाली ने जलवायु और अन्य मौसम संबंधी आपदाओ से जुड़ी मौतों को कम करने मे मदद की है। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओ के कारण 1970 और 2021 के बीच अधिकांश आर्थिक क्षति अमेरिका मे हुई। इन घटनाओ के कारण अमेरिका मे कुल 1700 अरब डॉलर का नुकसान हुआ जबकि दुनिया भर मे 10 मे से नौ लोगों की मौतें विकासशील देशो मे हुईं।

### असांजे की रिहाई के लिए काम कर रहे हैं

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वह विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे की रिहाई के लिए प्रभावी तरीके से काम कर रहे है। उनकी पत्नी से मिलने के निमंत्रण को सोमवार को अस्वीकार कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार प्रदीप यादव, 234+234.578 वर्गमीटर क्षेत्रफल खसरा नंबर- 458 गांव होशियारपुर तहसील दादरी यूपी के प्लॉट एरिया के मालिक है, तथा श्री राम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ बंधक रख रहे है. तथा और प्रदीप यादव ने ये प्रॉपर्टी आशा शर्मा जो की हेमचंद शर्मा के वारिस में से एक है उन से खरीदा था और हेमचंद शर्मा के और दूसरे वारिस उसमे विक्रेता बनकर नहीं आये है तथा, यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय प्रदीप यादव और उक्त संस्था के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन

चैंबर न. ६८०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई देल्ही- मो. न. ९८९९०१३९१८

**सार्वजनिक सूचना**

मैं राम नाथ प्रसाद, पुत्र स्वर्गीय संझारो देवी निवासी सी-622, दूसरी मंज़िल पर्यावरण काम्प्लेक्स सैदुलजाब गदई पुर, साउथ दिल्ली-110030 सूचित किया जाता है कि मेरी माता की मृत्यु 21.01.2005 को हो गई थी। उनके देहांत के बाद वारिसान में मैं राम नाथ प्रसाद, मेरा छोटा भाई धर्म नाथ प्रसाद एवं सबसे छोटी बहन सुशीला देवी का नाम आएगा। यदि हम तीनों के अलावा मेरी माता की कोई वारिसान है या किसी को कोई भी आपत्ति है तो इस सूचना के 30 दिनों में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।

राम नाथ प्रसाद

**PUBLIC NOTICE**

Land measuring 3968 Sq. ft., situated at Kingsway Camp, recorded in MLR as Property No.1-A (Plot No.9), Kingsway Camp known as Flat No.4, is held on lease in Schedule VIII of CLA Rules, 1937 by Sh. Jagdish Prasad Verma. The second term of lease is subsisting till 31.12.2023,

Sh. Dinesh Kumar S/o recorded lessee Sh. Jagdish Prasad Verma vide his letter dated 07.06.2019 has informed this office that his father Sh. Jagdish Prasad Verma had expired on 21.03.2019. Further Smt. Savitri Devi Verma W/o Sh.Jagdish Prasad Verma vide her letter dated 04.09.2019 submitted the copy of death certificate of Sh. Jagdish Prasad Verma along with other requisite documents and requested this office for mutation in her favour.

Therefore, on the basis of requisite documents submitted by the applicants viz. Death Certificate, Surviving member certificate, Registered Relinquishment deed, Indemnity Bond & NOCs from all class I legal heirs and the legal opinion rendered by Sh. Amit Sarkar, Advocate (Legal Advisor) dated 12.04.2023 on the proposed mutation, the name of Smt. Savitri Devi is being considered to be entered in the General land Register (GLR) in respect of Property No.1-A (Plot No.9), Kingsway Camp known as Flat No.4.

Any person claiming to have any right or interest in the above property, having any objections to the above mutation, may file his written objections to the undersigned along with documents within 30 days from publication of this notice.

The objections received after the expiry of 30 days from the publication of this notice, will not be entertained.

Case File No. 3/220/B/DEO/I/ dt. 15/05/2023

(Abhishek Rathour, I.D.E.S.)
SEAL Defence Estates Officer
Delhi Circle Delhi Cantt

**RAMPUR FERTILIZERS LTD.**
CIN: L15136UP1988PLC010084
Email id- info@rampurfert.com
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.

**NOTICE OF BOARD MEETING**

In pursuance of Regulation 47 of SEBI (LODR) 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors will be held on Tuesday, 30th Day of May 2023, at 4:00 P.M. at: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P., inter alia, to consider, approve and adopt audited standalone and consolidated Financial Results/Statements for the quarter and year ended on 31st March, 2023 pursuant to Regulation 33 of (LODR) 2015. The said information is also available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to CSE to upload on its website i.e. www.cse-india.com and MSE on its website i.e. www.msei.in.

By order of Board
Sd/-
Rajeev Kumar
(Company Secretary)

Place: Rampur
Date: 22.05.2023

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रीमा सिंह/ प्रभात कुमार/ LBDEL00005652948 | प्लॉट नंबर-डी6-10, ब्लॉक-डी, फ्लोर-3, सेक्टर-85, पार्कलैंड्स बीपीटीपी, तहसील और जिला फरीदाबाद हरियाणा (क्षेत्र का माप 209.170 वर्ग मीटर / 17 मई, 2023 | 30-11-2022 रु. 51,83,075/-/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 23, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# अर्थव्यवस्था पर सीमित असर पड़ेगा : दास

● 2,000 का नोट वापस लेने का फैसला



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि 2,000 रुपए के नोट को चलन से वापस लेने का अर्थव्यवस्था पर बहुत सीमित प्रभाव ही देखने को मिलेगा क्योंकि ए नोट चलन में मौजूद कुल मुद्रा का सिर्फ 10.8 प्रतिशत ही हैं। दास ने 2,000 रुपए का नोट वापस लेने के कदम को रिजर्व बैंक की मुद्रा प्रबंधन व्यवस्था का हिस्सा बताते हुए कहा कि 30 सितंबर की निर्धारित समयसीमा तक इस मूल्य के अधिकांश नोट वापस आ जाने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने गत शुक्रवार को 2,000 रुपए के नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान करते हुए कहा था कि फिलहाल इस वैध मुद्रा को 30 सितंबर तक बैंकों में जाकर जमा करने के अलावा बदला भी जा सकता है। हालांकि, एक बार में सिर्फ 10 नोट ही बदले जाएंगे। आरबीआई गवर्नर ने यहां संवाददाताओं से कहा, इस कदम का अर्थव्यवस्था पर असर बहुत ही कम रहेगा क्योंकि यह चलन में मौजूद मुद्रा का सिर्फ 10.8 प्रतिशत ही है। उन्होंने कहा, पहले भी 2,000 रुपए के नोट का इस्तेमाल लेनदेन में सामान्य रूप से नहीं होता था। हमें पता चला है कि लेनदेन में इस मुद्रा का विरले ही इस्तेमाल हो रहा था। इस वजह से आर्थिक गतिविधियों पर असर नहीं पड़ेगा। दास ने कहा कि आरबीआई अपनी स्वच्छ नोट नीति के तहत पहले भी नोट को वापस लेता रहा है। इस तरह की एक कवायद वित्त वर्ष 2013-14 में की गई थी जिसमें 2005 से पहले छपे हुए नोट को चलन से वापस ले लिया गया था। उन्होंने कहा कि 2,000 रुपए के नोट को चलन से हटाने का कदम स्वच्छ नोट नीति का ही हिस्सा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि 2,000 का नोट वैध मुद्रा बना रहेगा। उन्होंने इसकी वैधता के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम यह जानने के लिए इंतजार करेंगे कि कितने नोट लौटकर आते हैं। फिर 30 सितंबर का समय करीब आने पर कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के पास अपने 2,000 रुपए के नोट को बैंक में जाकर जमा करने या बदलने के लिए पर्याप्त समय है लिहाजा किसी को भी घबराने नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि नोट बदलने के लिए कम मूल्य वाले नोट पर्याप्त संख्या में मौजूद हैं। प्रणाली में पहले ही पर्याप्त नकदी है। सिर्फ रिजर्व बैंक ही नहीं, बैंकों के संचालन वाले करेंसी चेस्ट में भी पर्याप्त नकदी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबी विदेश यात्रा पर गए लोगों या कामकाजी वीजा पर विदेश गए लोगों को इस फैसले से पेश आने वाली समस्याओं को लेकर आरबीआई संवेदनशील है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश होगी कि लोगों की समस्याओं को दूर करें और समूची प्रक्रिया सही तरह से संचालित हो। आरबीआई गवर्नर ने 2,000 रुपए के नोट के जरिए काला धन वित्तीय प्रणाली में लौटकर आने के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि खाते में जमा या नकद विनिमय की बैंकों में एक स्थापित प्रक्रिया है। हमने अलग से कोई प्रक्रिया नहीं तय की है। आपको पता होना चाहिए कि अगर कोई व्यक्ति 50,000 रुपए से अधिक नकदी जमा करता है तो उसे अपना पैन नंबर देना होता है। इस मामले में भी मौजूदा नियम लागू होंगे। गवर्नर ने कहा कि यूक्रेन युद्ध और पश्चिम के देशों में कुछ बैंकों के विफल होने के बावजूद देश की मुद्रा प्रबंधन प्रणाली काफी मजबूत और विनिमय दर स्थिर है। उन्होंने कहा कि जहां तक प्रणाली में नकदी या तरलता की बात है तो आरबीआई नियमित आधार पर इसकी निगरानी करता है। उन्होंने 1,000 रुपए का नोट फिर से जारी करने की संभावना के बारे में पूछे गए सवाल को अटकल बताते हुए कहा कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

# बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर गिरिराज सिंह मदनी पर भड़के

भाषा। पटना

**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह ने कांग्रेस शासित कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सोमवार को मशहूर मुस्लिम विद्वान मौलाना अरशद मदनी पर निशाना साधा। सिंह ने मदनी की उस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें मुस्लिम विद्वान ने कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के वादे का समर्थन किया था और कहा था कि यह एक ऐसा कदम है जिसे आदर्श रूप से 70 साल पहले उठाया जाना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, 70 साल पहले अगर हमारे पूर्वजों से भूल नहीं हुई होती और देश के बंटवारे के समय पूरा मुस्लिम समुदाय पाकिस्तान चला गया होता तो आज भारत में न कोई जाकिर मियां, न असदुद्दीन ओवैसी (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष) और न ही मदनी पैदा होता। न ही कोई भारत में गजवा ए हिंद की बात करता। सिंह बिहार के बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन्होंने कहा, देश का यह दुर्भाग्य है। हमारे पूर्वजों से बड़ी भूल हुई और इसी भूल का खमियाजा आज की पीढ़ी भोग रही है और ऐसे लोग गजवा ए हिंद की चर्चा करते हैं और सिर तन से जुदा के नारे लगाते हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाकर राज्य में बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा था कि वह बजरंग दल और पीएफआई (पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया) जैसे संगठनों जिनपर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है, के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

## कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण बहाल करे कांग्रेसः मदनी

**मुंबई।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक की नव-निर्वाचित कांग्रेस सरकार को आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित मुसलमानों का आरक्षण बहाल करना चाहिए, जिसे बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पिछली सरकार ने खत्म कर दिया था। कर्नाटक की पिछली भाजपा सरकार ने इस साल मार्च में मुसलमानों का चार प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया था। सरकार के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। मदनी ने यहां आजाद मैदान में जमीयत उलमा-ए-हिंद की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन कहा, कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के कड़े रुख और बजरंग दल व ऐसे ही अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाने का वादा सराहनीय है।

## इसरो 29 मई को एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 29 मई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के जरिए नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 को प्रक्षेपित करेगा। मिशन को 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को भूस्थिर अंतरण कक्षा (जीटीओ) में तैनात करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसरो ने सोमवार को एक बयान में कहा, जीएसएलवी-एफ12एनवीएस-01 मिशन का प्रक्षेपण सोमवार, 29 मई को भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 42 मिनट पर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इसके बाद उपग्रह को इच्छित कक्षा में ले जाने संबंधी कवायद की जाएगी।

## केरल में 15 वर्ष बाद हुआ यहूदी विवाह

**कोच्चि।** केरल में 15 साल के अंतराल के बाद यहूदी रीति-रिवाजों और पारंपरिक तरीके से कोई विवाह समारोह आयोजित किया गया। अमेरिका में डेटा वैज्ञानिक एवं अपराध शाखा में पूर्व पुलिस अधीक्षक बेनोय मलखाई की बेटी रेचल मलखाई ने अमेरिकी नागरिक एवं अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इंजीनियर रिचर्ड जाचरी रोवे से शादी की। कोच्चि के एक निजी रिसॉर्ट में रविवार को इस विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विवाह करने वाले जोड़े के परिवार, मित्र और समुदाय के अन्य सदस्य शामिल हुए। इजराइल से आए रब्बी एरियल टायसन ने विवाह संपन्न कराया। विवाह हुप्पाह (मंडप) के नीचे हुआ। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि यह केरल में हुई ऐसी पहली शादी है, जो किसी यहूदी उपासना गृह के बाहर हुई है। राज्य में इससे पहले यहूदी रीति रिवाजों से 2008 में कोई विवाह हुआ था। उस समय मत्तानचेरी के थेक्कुंभगम आराधनालय में विवाह सम्पन्न हुआ था।

## के सी त्यागी जद (यू) के मुख्य प्रवक्ता और विशेष सलाहकार नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने सोमवार को अपने अनुभवी नेता के. सी. त्यागी को अपना मुख्य प्रवक्ता और विशेष सलाहकार नियुक्त किया। कुछ महीने पहले घोषित पार्टी के नए पदाधिकारियों की सूची से उनका नाम नदारद था। जद(यू) ने एक बयान में समाजवादी आंदोलन में त्यागी के अनुभव को स्वीकार किया और बिहार के मुख्यमंत्री एवं पार्टी के पूर्व प्रमुख नीतीश कुमार के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह के साथ उनके संबंधों का उल्लेख किया। बयान में कहा गया है, ...इसलिए हम उनका संगठनात्मक अनुभव चाहते हैं। उन्हें पार्टी का विशेष सलाहकार और मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

## समीर वानखेड़े ने जान से मारने की धमकी मिलने का किया दावा

**मुंबई।** जहाज कॉर्डेलिया से मादक पदार्थ की जब्ती मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोपी एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने सोमवार को मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय को एक पत्र सौंपकर यह दावा करते हुए सुरक्षा की मांग की कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि एक पत्र वानखेड़े के एक प्रतिनिधि के माध्यम से दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्तालय को भेजा गया है। अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ मामले में नही फंसाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता से कथित रूप से 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में वानखेड़े और चार अन्य के खिलाफ 11 मई को मामला दर्ज किया था।

# गुजरात एटीएस ने अलकायदा मॉड्यूल का किया भंडाफोड़

● अहमदाबाद में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात** आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने अल-कायदा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो बांग्लादेश से हैं, लेकिन अवैध रूप से अहमदाबाद में रह रहे थे। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। गुजरात एटीएस के उप महानिरीक्षक दीपन भद्रन ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के चार सदस्यों को भारत भेजे जाने से पहले बांग्लादेश स्थित उनके आकाओं द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि इन सदस्यों को अल-कायदा की अवैध गतिविधियों के लिए धन जुटाने, स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें आतंकी संगठन में शामिल होने के लिए तैयार करने का काम सौंपा गया था। भद्रन ने एटीएस मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की विभिन्न धाराओं के तहत अहमदाबाद के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया। अल-कायदा के चार कथित सदस्यों की पहचान मोहम्मद सोजिब, मुन्ना खालिद अंसारी, अजहरुल इस्लाम अंसारी और मोमिनुल अंसारी के रूप में हुई है। विशेष गुप्त सूचना के आधार पर, हमने सबसे पहले सोजिब को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया, जो अहमदाबाद के रखियाल इलाके में रहता था। सोजिब ने हमें बताया कि वह और तीन अन्य लोग अल-कायदा नेटवर्क का हिस्सा हैं और बांग्लादेश स्थित अपने आका शरीफुल इस्लाम से निर्देश ले रहे हैं। इस्लाम के माध्यम से, इन युवकों ने बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में अल-कायदा के संचालन प्रमुख शायबा से मिले थे। एटीएस ने बाद में शहर के नारोल इलाके से मुन्ना, अजहरुल और मोमिनुल को गिरफ्तार किया, जहां वे भारतीय नागरिक बनकर कारखानों में काम कर रहे थे। भद्रन ने कहा कि एटीएस को तीनों के किराए के कमरों से आधार, पैन कार्ड और आतंकी संगठन की मीडिया शाखा अस-साहब मीडिया द्वारा प्रकाशित कुछ साहित्य मिले। एटीएस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने से पहले, इन युवाओं को उनके आकाओं द्वारा कूट चैट एप्लिकेशन और वीपीएन का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया था।

# रायपुर मेयर के भाई और आईएएस अधिकारी टुटेजा की 121 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

● छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

भाषा। नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) अरुणपति त्रिपाठी और अन्य की 121 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में कुर्क की गई है। यह जानकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को दी। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धनशोधन-रोधी कानूनी के तहत अस्थाई तौर पर कुर्क की गई संपत्तियों में अनवर ढेबर की 98.78 करोड़ रुपए की 69 संपत्तियां, टुटेजा की 8.83 करोड़ रुपए की 14 संपत्तियां और भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपए कीमत की एक संपत्ति शामिल है। टुटेजा 2003 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में राज्य के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अनवर ढेबर की कंपनी ए ढेबर बिल्डकॉन के तत्वावधान में चलाए जा रहे होटल वेनिंग्टन कोर्ट को भी कुर्क कर लिया गया है। इसी आदेश के तहत विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपए की सम्पत्ति और अरविंद सिंह की 11.35 करोड़ रुपए की 32 संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है। कुल कुर्क की गई संपत्तियों की कुल कीमत 121.87 करोड़ रुपए है।

## क्विक न्यूज

## पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार शूटर को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार संदिग्ध शूटर को गिरफ्तार करके उनके पास से छह पिस्तौल और कुछ कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी पंजाब पुलिस ने सोमवार को यहां दी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान डेराबस्सी के सैदपुरा निवासी महफूज उर्फ विशाल खान, डेराबस्सी के खेड़ी गुजरां निवासी मंजीत सिंह उर्फ गुरी, पंचकूला के नारायणपुर के अंकित और पंचकूला के खीरी के गोल्डी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से छह पिस्तौल और 26 कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी पंजाब पुलिस के एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने की है। डीजीपी यादव ने कहा कि विश्वसनीय जानकारी के बाद, एजीटीएफ के एक दल ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रमोद बान की निगरानी में और सहायक महानिरीक्षक संदीप गोयल के नेतृत्व में चार शूटरों को गिरफ्तार किया, जिन्हें लॉरेंस बिश्नोई ने अपने प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने का काम सौंपा था। उन्होंने कहा कि चारों हिस्ट्रीशीटर हैं और पंजाब एवं हरियाणा में हत्या के प्रयास तथा जबरन वसूली सहित जघन्य अपराधों और शस्त्र अधिनियम के तहत मामलों का सामना कर रहे हैं। एडीजीपी बान ने बताया कि आरोपी महफूज उर्फ विशाल छह पिस्तौल की बरामदगी के एक मामले में वांछित था। उन्होंने कहा कि हालांकि, उसके सहयोगी नीतीश राणा को ढकोली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन तब वह (विशाल) मौके से फरार हो गया था। उन्होंने कहा कि विशाल मार्च 2022 में मोहाली में एक पब और रेस्तरां के परिसर में हुई गोलीबारी की घटना में भी कथित रूप से शामिल था। उन्होंने कहा कि उसने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर पैसे ऐंठने के लिए गोलियां चलाई थी। एडीजीपी बान ने कहा कि एसएएस नगर में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## यौन उत्पीड़न मामले में गुवाहाटी पुलिस के समक्ष पेश हुए युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास

**गुवाहाटी।** भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी पार्टी से निष्कासित नेता अंकिता दत्ता द्वारा दायर यौन और मानसिक उत्पीड़न मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को गुवाहाटी में पुलिस के सामने पेश हुए। वह पूर्वाह्न 11 बजे पानबाजार महिला पुलिस थाने पहुंचे। श्रीनिवास के साथ उनके वकील और विधायक रबीकुल हुसैन व रकीबुद्दीन अहमद समेत असम कांग्रेस के नेता भी थे। करीब डेढ़ घंटे थाने में रहने के बाद वह शहर में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के कार्यालय के लिए रवाना हुए। सीआईडी कार्यालय से लगभग एक घंटे बाद निकलते वक्त उन्होंने पत्रकारों को बताया, मामला अब अदालत के समक्ष है और मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। विधानसभा में विपक्ष के नेता देवव्रत सैकिया ने बाद में पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा, हम एक ऐसी पार्टी के सदस्य है जो अहिंसा की विचारधारा का पालन करने के लिए जानी जाती है। हम देश के कानून का सम्मान करते है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के मुताबिक श्रीनिवास यहां पुलिस के सामने पेश हो रहे है। उन्होंने कहा, हमे न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और हम जानते है कि न्याय होगा। पुलिस और सीआईडी के साथ श्रीनिवास की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर सैकिया ने कहा, यह सौहार्दपूर्ण बातचीत थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने यह भी दावा किया कि उनके युवा इकाई के कार्यकर्ताओ को विभिन्न जिलो में पुलिस ने उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ एकजुटता दिखाने के लिए गुवाहाटी आने से रोका। सैकिया ने कहा, उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा रोका गया, जिन्होंने उन्हे कानून के विभिन्न प्रावधानो के तहत गिरफ्तारी या अन्य कार्वाई की धमकी दी। कुछ को स्थानीय थानो मे लंबे समय तक हिरासत में भी रखा गया। दत्ता ने 20 अप्रैल को दिसपुर पुलिस थाने मे शिकायत दायर कर आरोप लगाया था कि श्रीनिवास पिछले छह महीने से लैंगिक टिप्पणियां एवं अपशब्दो का प्रयोग कर उन्हे प्रताड़ित कर रहे थे और वरिष्ठ पार्टी नेताओ से शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दे रहे थे। श्रीनिवास को इसी मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। दत्ता ने शिकायत में आरोप लगाया कि फरवरी में रायपुर मे आयोजित पार्टी के पूर्ण सत्र के दौरान आरोपी ने उनके साथ बदतमीजी की और शिकायत करने पर उसका राजनीतिक करियर बर्बाद करने की धमकी दी। मामले में 20 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गुवाहाटी पुलिस का पांच-सदस्ईय दल 23 अप्रैल को बेंगलुरु गया था और श्रीनिवास के आवास पर एक नोटिस चस्पा किया, जिसमे उन्हे दो मई को दिसपुर पुलिस थाने मे पेश होने का निर्देश दिया गया था। कांग्रेस ने दत्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और बाद में पार्टी-विरोधी गतिविधियो के कारण उन्हें छह वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से बर्खास्त कर दिया। श्रीनिवास ने दत्ता को एक कानूनी नोटिस भी भेजा था।

## जामिया ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण के अनुरोध वाली याचिका का विरोध किया

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 2019 में संविधान संशोधन के संदर्भ में दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के अनुरोध वाली जनहित याचिका का सोमवार को विरोध किया और कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान होने के कारण यह इस नीति के अंतर्गत नहीं आता है। जनवरी 2019 में भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में ईडब्ल्यूएस आरक्षण अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए लागू नहीं होता। भारत सरकार ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के लिए एक कार्यालय ज्ञापन दिनांक 17.01.2019 को जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि उपरोक्त आरक्षण आठ उत्कृष्ट अनुसंधान संस्थानों... और संविधान के अनुच्छेद 30 के खंड (1) में निर्दिष्ट अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं होगा।

# सांसद व विधायक रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी करें : उपराष्ट्रपति

भाषा। तिरुवनंतपरम



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने संसद और विधान सभाओं में राजनीतिक रणनीति के तौर पर व्यवधान को हथियार बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर सोमवार को चिंता जताते हुए सांसदों एवं विधायकों से लोकतंत्र के मंदिरों में अपना अधिकतम योगदान देने के लिए अपने रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी बनाने का आह्वान किया। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि संसद और विधान सभाओं में राजनीतिक रणनीति के तौर पर व्यवधान को हथियार बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर आम लोगों में व्यापक दुख और पीड़ा है। धनखड़ ने यहां केरल विधानसभा भवन नियमसभा के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा, मैं आपके बीच एक विचार रखता हूं- विशेष रूप से विधानमंडल में, क्या हम राजनीतिक रणनीति के रूप में सदन में व्यवधान को हथियार बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग सवाल कर रहे हैं कि संसद और विधायिकाएं क्यों बहस और चर्चा नहीं कर रही हैं और हम व्यवधान के लिए क्यों करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं? उन्होंने विधायकों एवं पीठासीन अधिकारियों से अपील की कि वे यथाशीघ्र इस समस्या का समाधान करें। धनखड़ ने कहा, मैं राज्यसभा की अध्यक्षता करता हूं। राज्यसभा के सभी सदस्य काफी प्रतिभाशाली हैं। वे काफी अनुभव लेकर सदन में आते हैं। उन्हें अपने रिमोट कंट्रोल को निष्प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ताकि वे राज्यसभा में, संसद में, विधायिका में अधिकतम योगदान दे सकें। उपराष्ट्रपति ने विधानसभा अध्यक्षों और सदनों के नेताओं से राष्ट्रीय सहमति बनाने का आग्रह किया कि लोकतंत्र के मंदिरों का उपयोग विचार-विमर्श, बहस, संवाद और चर्चा के लिए किया जाएगा। धनखड ने कहा, मुझ पर भरोसा कीजिए, अगर लोकतंत्र के ए मंदिर अपना काम नहीं करेंगे तो लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हो जाएगा, और यह काम कहीं और होगा। उन्होंने विधायिकाओं से संविधान सभा से प्रेरणा लेने को कहा, जिसने बिना किसी व्यवधान के कई जटिल मुद्दों पर गौर किया और यह रेखांकित किया कि प्रभावी विधायिका का कामकाज कार्यपालिका को जवाबदेह ठहराने के साथ ही लोकतांत्रिक मूल्य के संरक्षण की सबसे सुरक्षित गारंटी है। उपराष्ट्रपति ने दूसरों के दृष्टिकोण के प्रति असहिष्णुता की चिंताजनक प्रवृत्ति को दूर किए जाने का भी आह्वान किया।उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र में सभी मुद्दों का मूल्यांकन पक्षपाती नजरिए से नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने सबसे आग्रह किया कि राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देते हुए अपने पक्षपातपूर्ण रुख से ऊपर उठना चाहिए। उन्होंने अफसोस जताया कि हास्य और कटाक्ष कभी संसदीय और विधाई कामकाज की पहचान थे, वे अब गायब हो रहे थे। उन्होंने कहा, "हाजिरजवाबी कहां है, हास्य कहां है, व्यंग्य कहां है, और कहां सकारात्मक उपहास है जो कभी संसद और विधानसभाओं में हुआ करता था? यह गायब हो गया है...।



महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर व अन्य महिलाएं

# उत्तराखंड में सरकारी भूमि पर सभी अतिक्रमण जल्द हटेंगे : धामी

भाषा। देहरादून



**उत्तराखंड में** सभी अवैध निर्माण हटाए जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अधिकारियों से यह डाटा भी प्रस्तुत करने को कहा कि सरकारी भूमि पर राज्य के बाहर के कितने लोगों ने अतिक्रमण किया है और राज्य के कितने लोग इस पर काबिज हैं। उत्तराखंड में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के सबंध में यहां आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का शासनादेश जारी किया जाए। उन्होंने इस संबंध में सख्त रूख अपनाते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न रोकने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटना है और इसके लिए शासन से जो आदेश जारी होंगे, उस पर सभी जनपदों को तेजी से कार्य करना है। उन्होंने इस सिलसिले में सभी विभागों से समन्वय से कार्य करने को कहा। उन्होंने गढ़वाल और कुमाउ के आयुक्तों को भी अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने से संबंधित सभी कार्यों पर पूरी निगरानी रखने तथा इसके लिए जिलाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें करने को कहा। उन्होंने उनसे कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने को भी कहा। उन्होंने जिलाधिकारियों को अपने जनपदों में स्थित शत्रु संपत्तियों का अपनी टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी संपत्तियों को जिला प्रशासन जल्द अपने अधीन ले। धामी ने कहा कि जो शत्रु संपत्तियां जिला प्रशासन अपने अधीन ले चुका है, उनके बारे में इस बात की संभावना तलाशी जाए कि क्या उनमें सार्वजनिक परियोजनाएं बन सकती हैं और इसके प्रस्ताव जिलाधिकारियों द्वारा शीघ्र शासन को भेजे जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि वन विभाग द्वारा 455 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर काम करने के लिए आने वाले बाहरी लोगों का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों द्वारा सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने की जो रिपोर्ट दी जा रही है, उनका सत्यापन भी कराया जाए, गलत सूचना देने वालों पर कार्वाई भी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी जमीनों का अपना यूनिक नंबर होगा और सभी विभाग अपनी सरकारी संपत्ति का रजिस्टर रखेंगे और इसकी डिजिटल इन्वेंटरी होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि की समय-समय पर सेटेलाइट तस्वीर ली जाएगी और राज्य की सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है जिसकी तकनीकी सहायता के लिए राजस्व परिषद में एक प्रकोष्ठ बनाया गया है। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है जो जनपद और राज्य स्तरीय समिति अतिक्रमण हटाने के लिए की गई कार्यवाही की नियमित निगरानी रखेगी। सभी जनपदों में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही चल रही है। बैठक में मुख्य सचिव डॉ सुखबीर सिंह संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी सहित शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

